भाद्रपद शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 03:10 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 16 सितंबर 2024
वर्ष 5, अंक 301, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



रोहिंग्याओं की घुसपैठ बड़ा खतरा: मोदी 16

चोटिल बटलर की जगह ब्रूक बने इंग्लैंड के कप्तान 15

## मोदी सरकार लागू करेगी एक देश-एक चुनाव

- गठबंधन सहयोगियों के साथ अन्य दलों का समर्थन मिलने का भरोसा

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा के नेतृत्व वाली मौजूदा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार वर्तमान कार्यकाल में ही एक देश, एक चुनाव को लागू करेगी और उसे भरोसा है कि इस सुधार को सभी दलों का समर्थन मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर सूत्रों ने बताया कि सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर एकजुटता शेष कार्यकाल में भी बनी रहेगी। एक सूत्र ने बताया कि निश्चित रूप से, इसे इसी कार्यकाल में क्रियान्वित किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले महीने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से किए गए अपने संबोधन में एक देश, एक चुनाव की जोरदार वकालत की थी। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा द्वारा जारी घोषणापत्र में प्रमुख वादों के रूप में शामिल किया था।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित एक उच्च स्तरीय समिति ने इस साल मार्च में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की।

## कई जिले बाढ़ की चपेट में, राप्ती और सरयू नदियां उफान पर

### नेपाल के कुसुम बैराज से पानी छोड़ने से राप्ती का जलस्तर खतरे के निशान के पार

- बाराबंकी में सरयू का जलस्तर भी खतरे की ओर, यहां बांध में रिसाव की आशंका
- बहराइच, गोंडा, श्रावस्ती, बाराबंकी समेत 11 जिले बाढ़ से प्रभावित, 18 लोगों की मौत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के 11 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। नेपाल में हुई मूसलाधार बरसात का प्रभाव बहराइच, गोंडा, श्रावस्ती, अयोध्या और बाराबंकी आदि जिलों पर पड़ रहा है। इस बारिश के कारण कुसुम बैराज से राप्ती नदी में पानी छोड़ा जा रहा है। इससे राप्ती का जलस्तर रविवार को खतरे का निशान पार कर गया। सरयू नदी का भी जलस्तर खतरे के निशान की ओर है। बहराइच जिले में बांध में रिसाव की आशंका के बाद सरकारी तंत्र सक्रिय हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ को लेकर रविवार को बहराइच में जनप्रतिनिधियों संग बैठक भी की।

वहीं, अयोध्या के पूराबाजार में 15 तो रुदौली के 12 गांवों के परिवार बाढ़ की चपेट में आ गए। नेपाल के बैराजों से लगभग आठ लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, इसके बाद बाराबंकी में सरयू नदी उफनाकर गांवों बर्बादी का कारण बन गई। केदारीपुर गांव नदी में बह गया है तो 78 गांव वाला बेलहरी गांव भी नदी में समा रहा है। बहराइच में महसी, नानपारा और मिहीपुरवा तहसील क्षेत्र के गांवों में पानी भरा हुआ है। सरयू की बाढ़ से लगभग 35 गांव पानी से घिरे हैं।

रविवार की सुबह ग्रामीणों ने महसी क्षेत्र में तटबंध पर बेहटा और बिसवा के पास हल्का रिसाव होता देखा। जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई, तत्काल इसकी सूचना जिला प्रशासन और ड्रेनेज खंड को दी गई। जिस पर सरयू ड्रेनेज खंड के अभियंता मौके पर पहुंचे। रिसाव को मोरंग, गिट्टी, मसाला आदि से बंद करवा दिया गया है।

### मृतकों के परिजनों को दी सहायता राशि

बाढ़ प्रभावित 11 जिलों में अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से एक्स पर जारी पोस्ट के अनुसार, मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये राहत राशि प्रदान की गई है। अब तक 30 पशुओं की हानि को लेकर प्रभावित लोगों को राहत राशि प्रदान की गई है। 3,056 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। इस संबंध में राहत सहायता वितरित की गई है। मुख्यमंत्री ने बाढ़ क्षेत्रों में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी टीमें तैनात करने के निर्देश दिए हैं।

### पीलीभीत में सामान्य, लखीमपुर-शाहजहांपुर में अलर्ट

पीलीभीत में हालात सामान्य होते दिखे। पूरनपुर व कलीनगर तहसील में शारदा नदी किनारे बसे गांवों में जलभराव कुछ कम हुआ है। शहर समेत देवहा नदी के किनारे बसे गांवों में स्थिति सामान्य हो गई है। लखीमपुर खीरी में बनबसा बैराज से पानी छोड़े जाने से शारदा, मोहाना और सुहेली नदी उफान पर हैं। डेढ़ सौ से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में हैं। भारत-नेपाल सीमा पर बह रही मोहाना नदी पर कोतवाली तिकुनियां क्षेत्र के गांव इंदरनगर के निकट बना तटबंध पानी के दबाव के चलते टूट गया है। भीरा से पहले साई मंदिर के पास रेलवे पटरी पर खतरा मंडराने लगा है। शाहजहांपुर में अलर्ट जारी किया गया है। बदायूं में उसहैत क्षेत्र के नौ गांव और सहसवान के छह गांव टापू बन गए हैं। नरौरा से पानी छोड़े जाने से कछला में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 52 सेमी ऊपर पहुंच गया है।

### मेरठ में भारी बारिश से 10 लोगों की मौत

मेरठ जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान अत्यधिक बारिश के कारण हुए हादसों में 10 लोगों की मौत हो गई। राहत आयुक्त कार्यालय से रविवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 24 घंटों में मेरठ जिले में अत्यधिक बारिश के कारण 10 लोगों की मौत हो गई।

SELECTION POINT
The Complete Family Store
दूल्हे हम सजाते हैं।
7 DAYS OPEN
कोट सूट | लंहगा
शेरवानी | सूट, साड़ियां
पगड़ी | ड्रेसेज, कार्डिगन
जूती | पर्स, फुटवियर
45, Civil Lines, Bareilly. 8266800220
DD Puram, Bareilly. 7088300050

## केजरीवाल ने किया इस्तीफे का एलान, दो दिन बाद छोड़ेंगे पद

### जनता से ईमानदारी का प्रमाणपत्र मिलने तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी



- कहा कि दिल्ली में फरवरी की जगह महाराष्ट्र के साथ नवंबर में कराया जाए चुनाव

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि वह दो दिन बाद अपने पद से इस्तीफा दे देंगे और दिल्ली में समय पूर्व चुनाव कराने की मांग करेंगे। केजरीवाल ने कहा कि जब तक लोग उन्हें ईमानदारी का प्रमाणपत्र नहीं दे देते, तब तक वह मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। भाजपा ने केजरीवाल पर पलटवार करते हुए उनके इस कदम को चर्चा में रहने का हथकंडा और नाटक करार दिया।

आबकारी नीति से जुड़े कथित भ्रष्टाचार मामले में शुक्रवार को तिहाड़ जेल से जमानत पर रिहा हुए केजरीवाल ने कहा कि अगले कुछ दिन में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों की बैठक होगी और पार्टी के एक नेता को मुख्यमंत्री चुना जाएगा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के लिए पत्नी सुनीता के साथ पार्टी मुख्यालय पहुंचे केजरीवाल ने कहा कि वह मुख्यमंत्री और मनीष सिसोदिया उपमुख्यमंत्री तभी बनेंगे जब लोग कहेंगे कि हम ईमानदार हैं। सिसोदिया को आबकारी नीति मामले में पिछले महीने जमानत मिली थी।

केजरीवाल की अप्रत्याशित घोषणा के बाद, उनकी जगह लेने वाले संभावित व्यक्तियों में उनकी पत्नी सुनीता और दिल्ली के मंत्रियों आतिशी व गोपाल राय के नाम चर्चा में हैं। केजरीवाल ने कहा कि मैं दो दिन बाद इस्तीफा दे दूंगा और लोगों से पूछूंगा कि क्या मैं ईमानदार हूं? जब तक वे जवाब नहीं देते, मैं मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में फरवरी में चुनाव होने हैं, लेकिन मेरी मांग है कि राष्ट्रीय राजधानी में चुनाव महाराष्ट्र के साथ नवंबर में कराए जाएं... मैं मुख्यमंत्री की कुर्सी पर तभी बैठूंगा, जब लोग मुझे ईमानदारी का प्रमाणपत्र देंगे। मैं जेल से बाहर आने के बाद अग्निपरीक्षा देना चाहता हूं। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा ने उन्हें भ्रष्ट साबित करने की कोशिश की है। उन्होंने दावा किया कि भगवा पार्टी लोगों को अच्छे स्कूल और मुफ्त बिजली मुहैया नहीं करा सकी क्योंकि वे भ्रष्ट हैं। उन्होंने कहा कि हम ईमानदार हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि वे गैर-भाजपा मुख्यमंत्रियों के खिलाफ झूठे मामले दर्ज करते हैं।

### चर्चा में बने रहने का हथकंडा और नाटक : भाजपा

केजरीवाल के इस्तीफे की घोषणा को लेकर उनकी आलोचना करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि आप के राष्ट्रीय संयोजक की घोषणा उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाने की योजना का एक हिस्सा है... अरविंद केजरीवाल ने आपदा में अवसर तलाशने में पीएचडी की है। पूनावाला ने केजरीवाल के इस कदम को पीआर एक्सरसाइज (चर्चा में रहने का हथकंडा) और ड्रामा (नाटक) करार दिया। उन्होंने कहा कि वह इस्तीफे का नाटक इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि अदालत ने उन्हें (आबकारी नीति घोटाला) मामले में बरी नहीं किया, बल्कि उन्हें सशर्त जमानत दी है, जिससे वह मुख्यमंत्री से नाममात्र के मंत्री बन गए हैं।

## जल्द होगी जनगणना जाति जनगणना पर अभी फैसला नहीं

### सरकार ने शुरू की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने दशकीय जनगणना कराने की तैयारी शुरू कर दी है, लेकिन इस प्रक्रिया में जाति संबंधी 'कॉलम' शामिल करने पर अभी निर्णय नहीं लिया गया है। एक सूत्र ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर बताया कि दशकीय जनगणना जल्द ही कराई जाएगी। भारत में 1881 से हर 10 वर्ष में जनगणना की जाती है। इस दशक की जनगणना का पहला चरण 1 अप्रैल, 2020 को शुरू होने की उम्मीद थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे स्थगित करना पड़ा।

पिछले वर्ष संसद द्वारा पारित महिला आरक्षण अधिनियम का कार्यान्वयन भी दशकीय जनगणना से जुड़ा हुआ है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित करने संबंधी कानून इस अधिनियम के लागू होने के बाद होने वाली पहली जनगणना के प्रासंगिक आंकड़ों के आधार पर परिसीमन की प्रक्रिया शुरू होने के बाद लागू होगा।

## कोलकाता मामले में बड़ी साजिश की आशंका: सीबीआई

- केंद्रीय जांच एजेंसी को मिली पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और ताला थाना प्रभारी की हिरासत

कोलकाता, एजेंसी

आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और ताला थाना प्रभारी अभिजीत मंडल को कोलकाता की एक अदालत ने रविवार को 17 सितंबर तक केंद्रीय सीबीआई की हिरासत में भेज दिया। दोनों को इस सरकारी अस्पताल में एक महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या के सिलसिले में केंद्रीय एजेंसी ने यहां एक अदालत में पेश किया था। सीबीआई ने अदालत में दावा किया कि इसमें बड़ी साजिश हो सकती है। घोष तथा मंडल दोनों ने इस अपराध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

एक अधिकारी ने बताया कि हमें 17 सितंबर तक तीन दिन के लिए उनकी हिरासत मिली है। अब दोनों से एक साथ पूछताछ की जाएगी। दोनों ने आरजी कर मामले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मामले की जांच कर रही सीबीआई ने शनिवार शाम मंडल को गिरफ्तार किया था और घोष के खिलाफ सबूतों से छेड़छाड़ का आरोप भी जोड़ा था। घोष फिलहाल आरजी कर अस्पताल से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में न्यायिक हिरासत में हैं।

अधिकारी के अनुसार, मंडल पर सबूतों से छेड़छाड़, प्राथमिकी दर्ज करने में देरी और अन्य संबंधित अपराध करने के भी आरोप हैं। आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ताला थाना क्षेत्र में स्थित है। शनिवार को पूछताछ में संतोषजनक जवाब न देने पर थाना प्रभारी को सीबीआई अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया था। एजेंसी ने कहा कि मंडल को डॉक्टर की मौत के बारे में नौ अगस्त को सुबह करीब 10 बजे सूचना दी गई, लेकिन प्राथमिकी रात करीब 11 बजे दर्ज की गई। एजेंसी ने अदालत में कहा कि दोनों ने घटना को कमतर दिखाने के साथ-साथ जघन्य अपराध पर पर्दा डालने का प्रयास किया था।

### एक नजर

#### चार घंटे तक इंडिगो के विमान में फंसे रहे यात्री

**मुंबई।** मुंबई से दोहा जाने वाली इंडिगो की एक उड़ान के यात्रियों को रविवार को विमान के अंदर चार घंटे से अधिक समय तक इंतजार करना पड़ा क्योंकि तकनीकी समस्या के कारण उड़ान में देरी हुई। कुछ यात्रियों ने सोशल मीडिया पर शिकायत की।

#### केरल में निपाह वायरस संक्रमण से एक की मौत

**मलप्पुरम।** केरल के मलप्पुरम जिले के एक निजी अस्पताल में 24 वर्षीय व्यक्ति की निपाह वायरस संक्रमण से मौत हो गई। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने रविवार को कहा कि क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी द्वारा मौत के कारणों की जांच करने पर निपाह संक्रमण का संदेह हुआ।

## लव जिहाद, छेड़खानी को गंभीरता से लें : योगी

### कानून-व्यवस्था की समीक्षा

- मुख्यमंत्री ने कहा, बीट सिपाही से लेकर डिप्टी एसपी तक की तय होगी जवाबदेही
- जन शिकायतों के निस्तारण में देरी पड़ेगी भारी, झूठी रिपोर्ट लगाई तो कार्रवाई तय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि माताओं, बहनों और बेटियों की सुरक्षा हमारी शीर्ष प्राथमिकता में एक है। लव जिहाद, चेन स्नेचिंग, छेड़खानी की सूचना पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। ऐसी घटनाओं पर बीट सिपाही से लेकर डिप्टी एसपी तक की जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने रविवार को अपने सरकारी आवास पर प्रदेश स्तरीय बैठक में विकास कार्यों, कानून व्यवस्था और पर्व-त्योहारों को लेकर दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सभी मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, पुलिस के आला अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलों में प्रभारी मंत्रियों का दौरा प्रत्येक माह होगा। योगी ने कहा कि शिकायतों की तत्काल सुनवाई की जाए। शिकायतकर्ता की संतुष्टि और फीडबैक ही अधिकारियों के प्रदर्शन का मानक होगा। योगी ने कहा कि पर्वों को देखते हुए पुलिस प्रशासन को चौबीस घंटे सतर्क रहना होगा।

### मुख्यमंत्री बोले- भेड़िया हमला करे तो मार दो गोली

**लखनऊ/बहराइच।** रविवार को बहराइच दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भेड़ियों के हमले में मारे गए लोगों के परिवार से मुलाकात की, घायलों का हाल जाना। कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता भेड़िए को रेस्क्यू करने की है। यदि उसकी हिंसक गतिविधियां बढ़ीं या उसने जनहानि का प्रयास किया तो उसे शूट करने के भी आदेश दिए गए हैं। लेकिन यह अंतिम विकल्प होगा। भेड़िये के हमले से पीड़ित परिवार से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री ने स्थानीय मीडिया से कहा कि आमजन की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है, जब तक क्षेत्र खतरे से मुक्त नहीं हो जाता, आखिरी भेड़िया पकड़ा न जाए वन विभाग, प्रशासन-पुलिस की टीमें तैनात रहें।

### रेल दुर्घटना की साजिश के संकेत, सतर्क रहें

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में रेल पटरियों को क्षतिग्रस्त करने अथवा रेल दुर्घटना की साजिश के संकेत मिले हैं। यह अत्यंत गंभीर विषय है। ज़ोन और रेंज स्तर के अधिकारी जीआरपी और आरपीएफ बल के साथ संपर्क बनाए रखें।

### संवेदनशील भवन चिन्हित किए जाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि, कुछ दिनों में कई स्थानों पर जर्जर भवनों के गिरने की घटना हुई है। अपने क्षेत्र में ऐसे भवनों को चिन्हित कर लोगों को सुरक्षित आवास में रहने को प्रेरित करें।

## अभिनेत्री को परेशान करने पर तीन आईपीएस निलंबित

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश सरकार ने रविवार को तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को निलंबित कर दिया, जिनमें डीजी रैंक के भी एक अधिकारी शामिल हैं। इन अधिकारियों पर मुंबई की एक अभिनेत्री-सह-मॉडल को उसके खिलाफ दर्ज मामले में उचित जांच के बिना जल्दबाजी में गिरफ्तार करने और परेशान करने में संलिप्तता का आरोप है। एक सरकारी आदेश के मुताबिक पूर्व खुफिया प्रमुख पी. सीताराम अंजनेयुलु, विजयवाड़ा के पूर्व पुलिस आयुक्त कांथी राणा टाटा और तत्कालीन पुलिस उपायुक्त विशाल गुन्नी को अभिनेत्री के उत्पीड़न में निलंबित कर दिया गया।

## पैर छूने से इनकार पर मार दी गोली

- दबंगों ने रामचंद्र मिशन क्षेत्र में हरदोई बाईपास पर वारदात को दिया अंजाम
- पुलिस ने युवक की बहन की तहरीर पर दर्ज की रिपोर्ट, चार नामजद और चार अज्ञात

संवाददाता, रौसर कोठी (शाहजहांपुर)

**अमृत विचार :** पैर छूने से मना करने पर दबंगों ने युवक को तमंचे से गोली मारी दी। गंभीर रूप से घायल युवक को मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां से बरेली रेफर कर दिया गया। पुलिस ने उसकी बहन की तहरीर पर चार नामजद और चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

रामचंद्र मिशन क्षेत्र के गांव रौसर कोठी निवासी देव सक्सेना शनिवार रात करीब 10:30 बजे अपने साथी नकुल, सुमित, अभय, कुनाल के साथ ग्रीन सीटी निकट हरदोई बाईपास पर बातचीत कर रहे थे। उसी दौरान गांव का ही निशांत वर्मा अपने साथियों हिमांशु शर्मा, सौरभ कश्यप, दानियाल एवं चार अन्य युवकों के साथ आ गया। आरोप है कि निशांत ने देव से उसके पैर छूने को कहा किंतु देव ने मना कर दिया, जिससे गुस्साए निशांत ने देव को मारापीटा और तमंचे से गोली मार दी, जो देव के जांघ में लगी। साथियों ने देव के परिजनों को जानकारी दी और उसे लेकर थाना रामचंद्र मिशन पहुंचे। इसके बाद परिजन उसे लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बरेली रेफर कर दिया गया। देव की बहन काजल सक्सेना की तहरीर पर निशांत वर्मा, हिमांशु शर्मा, सौरभ कश्यप, दानियाल सहित चार अन्य के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।



> गुंडागर्दी और रंगबाजी को लेकर दो पक्षों के मध्य विवाद हुआ है। घायल की बहन काजल की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी। -**चंद्र प्रकाश शुक्ला**, प्रभारी निरीक्षक, रामचंद्र मिशन।

## छत्तीसगढ़ में जादू-टोने के शक में पांच लोगों की हत्या

- पुलिस ने गांव के ही पांच लोगों को हिरासत में लिया

सुकमा, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल सुकमा जिले के एक गांव में रविवार को जादू-टोना करने के संदेह में दो दंपतियों और एक महिला की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।

पुलिस ने बताया कि हत्या के सिलसिले में एक ही गांव के पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। एक पुलिस अधिकारी ने यहां बताया कि यह घटना कोंटा थाना क्षेत्र के एकतल गांव में हुई और पीड़ितों की पहचान मौसम कन्ना (34), उसकी पत्नी मौसम बिरी, मौसम बुच्चा (34), उसकी पत्नी मौसम आरजू (32) और एक अन्य महिला करका लच्छी (43) के रूप में हुई है। मामले में सवलम राजेश (21), सवलम हिड़मा, करम सत्यम (35), कुंजम मुकेश (28) और पोडियाम एंका को हिरासत में लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है। इसी तरह का एक मामला बलौदाबाजार-भाटपारा जिले में गुरुवार को सामने आया था जिसमें जादू-टोने के शक में 11 माह के शिशु समेत एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या कर दी गई थी।

## कठुआ में पुलिस दल पर फायरिंग, सुरक्षा बलों ने संभाला मोर्चा

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के एक वन क्षेत्र में रविवार को आतंकवादियों और पुलिस के बीच ताजा मुठभेड़ शुरू हो गई, जबकि पुंछ जिले में गत रात से चल रही मुठभेड़ समाप्त हो गई, जिसमें एक आतंकवादी के घायल होने की आशंका है। रविवार दोपहर कठुआ जिले के बानी इलाके के नुकनाली नाला में पुलिस के तलाशी दल पर आतंकवादियों ने गोलीबारी की। पुलिस दल ने भी जवाबी गोलीबारी की, अभी मुठभेड़ जारी है। आतंकवादियों की घेराबंदी में मदद के लिए अतिरिक्त बल भेजा गया है।

## शताब्दी तक हर बस्ती में होगी संघ की एक शाखा : भागवत

### संघ प्रमुख ने स्वयंसेवकों से कहा हिंदू समाज को करें संगठित

अलवर, एजेंसी



संघ प्रमुख भागवत ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ पौधारोपण अभियान में भाग लिया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सर संघचालक मोहन भागवत ने स्वयंसेवकों का आह्वान किया है कि हमें सम्पूर्ण हिंदू समाज को संगठित करना हैं। अपने पवित्र हिंदू धर्म, हिंदू संस्कृति और हिंदू समाज का संरक्षण, हिंदू राष्ट्र की सर्वांगीण उन्नति करनी है। शताब्दी तक हर बस्ती में एक शाखा लगे इसके लिए हम अपने कार्य का विस्तार करेंगे। भागवत ने रविवार को राजस्थान के अलवर के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित एकत्रीकरण समारोह में स्वयंसेवकों को संबोधित कर रहे थे।

संघ प्रमुख ने कहा कि हमारा धर्म जिसे हम हिंदू धर्म कहते हैं, वास्तव में मानव धर्म है, विश्व धर्म है। यह सबके कल्याण की कामना लेकर चलता है। हालांकि हमने विदेशी आक्रांताओं मुगल और अंग्रेजों के आक्रमणों का हर बार प्रतिकार किया है। इस राष्ट्र में कुछ गड़बड़ होता है तो हिंदू समाज पर आता है क्योंकि वही इस देश का कर्ताधर्ता पालनहार है। भागवत ने कहा कि हिंदू मतलब विश्व का सबसे उदारतम मानव, जो सब कुछ स्वीकार करता है, सबके प्रति सद्भावना रखता है। पराक्रमी पूर्वजों का वंशज है। जो विद्या का उपयोग विवाद पैदा करने के लिए नहीं, ज्ञान देने के लिए करता है। उन्होंने कहा कि हिंदू पूजा किसी की भी करते हों, भाषा कोई भी बोलते हों, किसी भी जात-पात में जन्म हों, किसी भी प्रांत के निवासी हों और कोई भी खानपान रीति रिवाज को मानते हों। ये मूल्य जिनके हैं, यह संस्कृति जिनकी है, वे सब हिंदू हैं।

### दूसरे को न दें दोष, अपनी कमियां दूर करें

भागवत ने कहा कि अपनी स्थिति के लिए दूसरे को दोष देने की अपेक्षा हमें अपनी कुछ कमियों को ठीक करना है। पहले संघ को कोई जानता नहीं था। अब अब सब जानते हैं। पहले कोई मानता नहीं था, संघ को अब सब लोग मानते हैं। जो हमारा विरोध करने वाले लोग हैं वे भी हमारा होठों से तो विरोध करते हैं, लेकिन मन से तो मानते ही हैं। इसलिए अब हम एक काम कर सकते हैं। अपने पवित्र हिंदू धर्म, हिंदू संस्कृति और हिंदू समाज का संरक्षण, हिंदू राष्ट्र की सर्वांगीण उन्नति हमको करनी है। शताब्दी तक हर बस्ती में एक शाखा लगे इसके लिए अपने कार्य का विस्तार करेंगे। उन्होंने पांच मुद्दों का जिक्र करते हुए कहा कि इन्हें समाज में लागू करना है तो पहले अपने जीवन में लागू करें।

### धूमधाम से मनाया गया परमवीर चक्र विजेता का 59वां शहीदी दिवस, कैबिनेट मंत्री ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अर्पित किए श्रद्धासुमन

# अब्दुल हमीद जैसे वीर योद्धाओं ने ही दिलाई देश को स्वतंत्रता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्र के गौरव परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद का 59वां शहीद दिवस शनिवार देर शाम धूमधाम से मनाया गया। अतिथियों ने वीर हमीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि हमारा देश वीर अब्दुल हमीद जैसे योद्धाओं की वजह से स्वतंत्र हुआ है। वीर हमीद ने भारत की रक्षा और उसकी अस्मिता की खातिर अपने प्राणों की आहुति देकर पाक सेना को धूल चटा दी थी। इनकी शहादत को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता।


वीर अब्दुल हमीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना।


पुण्यतिथि समारोह में संबोधित करते कर्नल जतिंदर जसरोटिया।

अंजुमन इदरीसिया और एवं वीर अब्दुल हमीद शहीद स्मारक समिति के संयुक्त तत्वावधान में मनाई गई पुण्यतिथि समारोह के विशिष्ट अतिथि शहीदे वतन अशफाक उल्ला खां के प्रपौत्र अशफाक उल्ला खां ने अब्दुल हमीद को एक जांबाज योद्धा बताते हुए कहा कि उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना पाक के अनेक सैनिकों को ध्वस्त करते हुए उसे घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था।

कार्यक्रम में असगर यासिर, हमीद खिजर, गुलिस्ता खान, डॉ. मंसूर सिद्दीकी आदि ने वीर हमीद को काव्यमय श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से छावनी परिषद के उपाध्यक्ष अवधेश दीक्षित, तालिब खां, पार्षद मो. शरीफ, शादाब उल्ला खां, जलालुद्दीन, शमशुद्दीन, फखरुद्दीन, वसीम अहमद, इमरान अहमद, शादाब, मो. शमीम, इरफान, आसिफ, नौशाद हसन, सलीमुद्दीन, डॉ. जमील हसन समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### जैनुल ने पिता के जीवन की घटनाओं पर प्रकाश डाला

अतिविशिष्ट अतिथि वीर अब्दुल हमीद के ज्येष्ठ पुत्र भूतपूर्व सैनिक जैनुल हसन इदरीसी ने पिता की शहादत के साथ सैनिक जीवन की तमाम घटनाओं पर प्रकाश डाला। अंजुमन इदरीसिया के प्रदेश अध्यक्ष नूर इदरीसी, कर्नल जतिंदर जसरोटिया आदि ने भी विचार व्यक्त किए। इससे पहले जैनुल हसन ने अमर शहीद अशफाक उल्ला खां की मजार पर गुलपोशी कर उनका स्मरण किया।

### युवा पीढ़ी को सीख लेने की आवश्यकता

विशिष्ट अतिथि महापौर अर्चना वर्मा ने कहा कि वीर अब्दुल हमीद की कुर्बानी से देश का सर ऊंचा हुआ है। उनके बलिदान से युवा पीढ़ी को सीख लेने की आवश्यकता है।

### पाठ्यक्रम में फिर से शामिल किए जाने का मुद्दा उठाया

कार्यक्रम संयोजक एवं अंजुमन इदरीसिया के जिलाध्यक्ष महबूब हुसैन इदरीसी ने जूनियर कक्षाओं के पाठ्यक्रम में वीर अब्दुल हमीद के अध्याय को फिर से शामिल किए जाने का मुद्दा उठाया। संस्था की ओर से कैबिनेट मंत्री को एक मांग पत्र भी दिया गया।

# ...हिंदी ही अभिमान हमारा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **हिंदी दिवस पर हुई कवि गोष्ठी में कवियों और शायरों ने हिंदी की शान में किया काव्य पाठ**

**अमृत विचार :** हिंदी दिवस के अवसर पर शायर इशरत सगीर के आवास पर शनिवार देर रात काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में स्थानीय कवियों और शायरों ने काव्यपाठ के माध्यम से हिंदी का महत्व समझाते हुए उसके प्रचार-प्रसार पर जोर दिया।

इस अवसर पर वरिष्ठ कवि ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान ने सुनाया-हिंदी है पहचान हिंद की, जन-गण-मन की भाषा है, संविधान कहता भारत का, यह जन-जन की भाषा है। शायर इशरत सगीर ने पढ़ा- फूल रहता है अधूरा एक ख़ुशबू के बिना। क्या परी अच्छी लगेगी अपने जादू के बिना। दोनों इक आंगन में पल बढ़कर जवां होती रहीं, नाम हिंदी का लिया जाए क्यूं उर्दू के बिना। विकास सोनी ऋतुराज ने कुछ यूं सुनाया- भारत के उन्नत ललाट पर है हिंदी की बिंदी, अविरल रहे प्रवाहित जैसे गंगा या कालिंदी। आतिश मुरादाबादी ने- तू चीज़ है क्या, तेरी मुहब्बत क्या है, मैं जानता हूं तेरी हक़ीक़त क्या है। अभिषेक ठाकुर अधीर ने - जन-गण-मन की भाषा हिंदी, भावों की परिभाषा हिंदी। विश्व गुरु की अमृतवाणी, जन-जन की अभिलाषा हिंदी। आरजू सिंह ने - हिंदी भाषा इतनी मीठी, इसके आगे मिश्री फीकी। हिंदी ही ईमान हमारा, हिंदी ही अभिमान हमारा। अन्नपूर्णा सिंह ने सुनाया -कितना प्यारा है यह जीवन, साफ रखो तुम अपना तन मन। अपना पर्यावरण बचाओ, साफ सफाई को अपनाओ। संचालन विकास सोनी ऋतुराज ने और आभार इशरत सगीर ने व्यक्त किया।

## एक नजर

### रिपोर्ट दर्ज कराई तो जान से मार डालेंगे

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला मतानी निवासी ज्योति द्विवेदी ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 13 सितंबर की रात नौ बजे घर पर थी। पुत्र शुभ का बीते दिनों मोहल्ले के रवींद्र से विवाद हो गया था। आरोप है कि रवींद्र, सुरेंद्र, बिंदू, प्रांजल, शिवांश उसके दरवाजे पर आए और गाली देने लगे। विरोध करने पर उसे पीटकर घायल कर दिया। पति अवनीश बचाने आए तो उन्हें भी पीटा। धमकी दी कि रिपोर्ट दर्ज कराई तो जान से मार डालेंगे। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि आरोपी रवींद्र, सुरेंद्र, बिंदू, शिवांश, प्रांजल व करन के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### दामाद को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा क्षेत्र के गांव नौगवा निवासी सुरेंद्र ने बताया कि उसकी ससुराल वालों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। 21 अगस्त को सुबह साढ़े दस बजे ससुराली उसके घर आए। आरोप है कि गाली-गलौज करने लगे और विरोध करने पर ससुराल वालों ने उसे पीटकर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि साले ब्रजेश, धर्मदत्त, पवन, आकाश के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# कोलाघाट पुल का लोड टेस्ट शुरू, इंजीनियर आंक रहे भार सहने की क्षमता

## 40-40 टन बजरी से लदे ट्रक खड़े किए, एक साथ तीन पिलर की हो रही टेस्टिंग, कुल 17 पिलर पर होना है परीक्षण, मशीनों से की जा रही निगरानी

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार :** मिर्जापुर क्षेत्र में रामगंगा व बहगुल नदी पर बने प्रदेश के सबसे बड़े कोलाघाट पुल के लोड टेस्ट की प्रक्रिया रविवार से विधिवत शुरू हो गई। बजरी भरे ट्रकों को पुल के ऊपर खड़ा कर पुल की क्षमता को आंकने का काम शुरू हो गया है। वहीं इंजीनियर का कहना है कि रामगंगा में पानी बढ़ने पर टेस्टिंग की प्रक्रिया में व्यवधान पड़ सकता है।

शनिवार से कोलाघाट पुल के लोड टेस्टिंग का काम शुरू होना था। पहले दिन इंजीनियर अश्वनी कुमार और राजीव कुमार की देखरेख में पुल के नीचे पिलर नंबर एक पर शाम तक प्राथमिक कार्य चलता रहा। रविवार सुबह से पुल की लोड टेस्टिंग के लिए बजरी से भरे ट्रकों को पुल पर लाया गया। जलालाबाद की तरफ से पिलर नंबर एक, दो व तीन पर करीब 40-40 टन वजन लदे ट्रकों को खड़ा किया गया। एक पिलर पर दो ट्रक खड़े किए गए। इंजीनियरों ने बताया कि पिलर की जांच की निगरानी मशीनों द्वारा की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि विभागीय उच्चाधिकारियों टीम के दिशा निर्देश में ही लोड टेस्ट का कार्य आगे बढ़ेगा। पहले पिलर की तरह ही अन्य सभी 17 पिलर्स पर लोड टेस्ट का काम होना है। जिन पिलर्स पर यह कार्य पूरा होता जाएगा, उसकी क्षमता का आंकलन करने को पुल के ऊपरी हिस्से में पिलर पर करीब 40 टन वजन के लोडेड ट्रक खड़े किए जाएंगे। इस काम के लिए बजरी से भरे छह ट्रक रविवार को पुल पर खड़े कर दिए गए है।


लोड टेस्ट के दौरान पुल पर खड़े बजरी भरे ट्रक और मशीनों से की जा रही निगरानी।


2022 में तीन हिस्सो में बंट गया था कोलाघाट का पुल। (फाइल फोटो)

- **पुल ध्वस्त होने के बाद उसकी मरम्मत पर खर्च कर दिए थे करोड़ों रुपये**
- **इसके बाद हुई जांच में भी पुल पर से आवागमन को नहीं माना गया था सुरक्षित**

### रामगंगा में पानी बढ़ा तो टेस्टिंग की प्रक्रिया में पड़ सकता है व्यवधान

बरसात का मौसम होने के कारण इन दिनों पुल के दूसरे पिलर के आसपास पानी भरा हुआ है। बाढ़ की वजह से आगे के पिलर पानी में डूबे हुए हैं, फिर भी सभी पिलर्स पर प्राथमिक कार्य के बाद ही ऊपर से लोड टेस्ट किया जाएगा। दूसरे पिलर के पियर कैप तक पहुंच बनाने को जेसीबी के जरिये मिट्टी डालकर बेस तैयार किया गया है। इंजीनियर अश्वनी कुमार ने बताया कि पानी में डूबे पिलर कार्य में बाधा नही बनेंगे। इसकी व्यवस्था कर ली जाएगी। ज्यादा बाढ़ होने पर लोड टेस्टिंग कार्य में बाधा हो सकती है।

### ...तीन हिस्सों में बंट गया था कोलाघाट का पुल

जिले में जलालाबाद-मिर्जापुर-कलान क्षेत्र को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण 18 सौ मीटर लंबा रामगंगा का कोलाघाट पुल नवंबर 2021 में पिलर धंसने से ढह गया था। करीब दो सौ मीटर हिस्सा जमींदोज होने से पुल तीन हिस्सों में बंट गया था। सवाल इसलिए उठे थे क्योंकि यह पुल साल 2009 में बनाया गया था। प्रारंभिक जांच में पाया गया था कि त्रुटिपूर्ण जनरल अरेंजमेंट ड्राइंग जारी करने के कारण पुल मानक के अनुसार नहीं था। पुल शुरुआत से ही यातायात के लिए असुरक्षित था, इसके बाद भी इसे लोक निर्माण विभाग को सेतु निगम की ओर से हैंडओवर कर दिया गया। गलत ड्राइंग के चलते पुल समय से पहले ध्वस्त हो गया था। पुल ध्वस्त होने के बाद भी उसकी मरम्मत पर करोड़ों खर्च कर दिए गए। इसके बाद हुई जांच में भी पुल पर से आवागमन को सुरक्षित नहीं माना गया। पुल से भारी वाहनों के आवागमन को प्रतिबंधित किया गया था।

### ब्लॉक प्रमुख की मांग पर दो बसों का संचालन आज से

मिर्जापुर। मिर्जापुर ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी ने डीआरएम से मिलकर कोलाघाट पुल के बंद होने के चलते राजेपुर अल्हागंज होते हुए दो बसों के संचालन की मांग की थी। प्रियांशु ने बताया कि उनकी मांग पर सोमवार से शाहजहांपुर से परौर के लिए दो बसें संचालन करने की स्वीकृति मिल गई है। उन्होंने बताया कि एक बस सुबह सात बजे परौर से चलकर कलान, मिर्जापुर, जरियनपुर, राजेपुर, अल्हागंज, जलालाबाद होते हुए जिला मुख्यालय पहुंचेगी। शाम पांच बजे बस की वापसी होगी। दूसरी बस जिला मुख्यालय से सुबह सात बजे परौर के लिए चलेगी तथा शाम पांच बजे शाहजहांपुर के लिए वापसी करेगी। रोडवेज सेवा के संचालन से आम जनता को काफी राहत मिलेगी।

# स्टेडियम के कायाकल्प के लिए कैबिनेट मंत्री ने किया निरीक्षण


निरीक्षण करते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना। साथ में क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** परमवीर चक्र नायक जदुनाथ सिंह स्टेडियम के दिन बहुरने वाले हैं। हथौड़ा स्टेडियम के नाम से पहचाने जाने वाले स्टेडियम का रविवार को वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया से वार्ता कर सुविधाएं बढ़ाने के बारे में जानकारी ली।

कैबिनेट मंत्री खन्ना ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप यादव के साथ दोपहर में स्टेडियम पहुंचकर व्यवस्थाओं और खिलाड़ियों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल की। इस दौरान उन्होंने स्टेडियम मैदान, बाउंड्री वॉल, जिम, बहुउद्देश्यीय क्रीड़ा हाल आदि का गहनता के साथ निरीक्षण किया।

क्रीड़ा अधिकारी ने कैबिनेट मंत्री को सिंथेटिक ट्रैक, हॉकी के लिए स्ट्रोटर्फ बिछवाने के साथ स्वीमिंग पूल बनवाने का आग्रह किया। इसके लिए पहले भी प्रस्ताव भेजा जा चुका है। स्टेडियम निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अभिषेक, सीओ लाइन ज्योति यादव समेत कोच भी मौजूद रहे।

# संगठन ही कर सकता है शिक्षकों के हितों की रक्षा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने शिक्षकों को समझाया संगठन का महत्व**
- **शिक्षकों ने प्रांतीय पदाधिकारियों का चांदी का मुकुट और फूल मालाएं पहनाकर किया स्वागत**

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की रविवार को बैठक हुई। बैठक में ब्लॉक स्तरीय चुनाव की तिथियों की घोषणा की गई। साथ ही संगठन की मजबूती और भाईचारे पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा ने संगठन की महत्ता समझाते हुए एकता का संदेश दिया।

एक होटल में हुई बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा ने कहा कि संगठन का अभिप्राय जोड़ना है। इस युग में शिक्षकों की कोई रक्षा कर सकता है तो वह संगठन है। उन्होंने आह्वान किया कि ब्लॉक अध्यक्ष ऐसा होना चाहिए, जिसके साथ शिक्षक बहुमत के साथ खड़े हों। कहा कि अन्य संगठनों के पदाधिकारियों को छोड़कर सभी शिक्षक सदस्य बनाए जाने चाहिए। किसी को अपमानित कर कोई सम्मानित नहीं हो सकता। प्रांतीय महामंत्री संजय सिंह ने कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। परिवार को जोड़ना बहुत बड़ी बात होती है। उन्होंने कहा कि ब्लॉकों के बाद जिले का चुनाव होगा। प्रांतीय संगठन मंत्री अर्चना तिवारी ने भी विचार व्यक्त किए। इससे पहले प्रांतीय पदाधिकारियों का 25 किलो की भारी भरकम फूलमाला और चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया गया।

सरताज अली के संचालन में चली बैठक में प्रांतीय प्रचार मंत्री संजीव शर्मा, अरुण भदौरिया, नितिन मिश्रा, अरविंद सिंह, राजकुमार सिंह, अभिनव मिश्रा, फुरकान, आदेश सिंह, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, विजय प्रताप सिंह, अवनीश यादव, प्रमोद सिंह, विकास मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, कृष्ण गोपाल दीक्षित, शुभम मिश्रा, अमित मिश्रा, शैलेंद्र राजपूत, डेगपाल आर्या, लालमन गौतम, सुषमा गुप्ता, शैजी चौधरी, बविता, शोभना, ऋतु अग्निहोत्री, ऋचा शर्मा, रमीत कौर, केके सिंह, शैलेंद्र सिंह, दिनेश यादव, प्रद्युम्न सिंह, महेंद्र सिंह, विनोद सिंह, सुधेश सिंह, आकिल समेत बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।



प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा को चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मानित करते शिक्षक।

### ब्लॉक स्तरीय निर्वाचन की घोषणा

प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा ने बैठक में विकास खंड चुनाव की तिथियों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 6 अक्तूबर को ब्लॉकों से सदस्यों की सूची जमा की जाएगी। इसके बाद 13 अक्टूबर तक सूची का प्रदर्शन व आपत्तियां ली जाएंगी, 13 को ही अंतिम सूची का प्रकाशन होगा और 20 अक्टूबर को समस्त ब्लॉकों का नामांकन जिला स्तर पर होगा और 27 अक्टूबर को समस्त ब्लॉकों का चुनाव बीआरसी पर कराया जाएगा।

# ...छह दिन पहले ही जिलाध्यक्ष बनीं ऊषा मिश्रा ने दिया इस्तीफा

संवाददाता, शाहजहांपुर

- **जिलाध्यक्ष बनने के बाद ही शुरू हो गई थी राजनीति, लगाया बलि का बकरा बनाए जाने का आरोप**
- **प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के प्रदेश नेतृत्व ने 10 सितंबर को ही जारी की थी नवीन कार्यकारिणी**

**अमृत विचार :** प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के प्रांतीय नेतृत्व ने इसी सप्ताह जिन ऊषा मिश्रा को जिलाध्यक्ष घोषित किया था, उन्होंने संघ पर राजनीति करने और अपमानित किए जाने का आरोप लगाते हुए शनिवार को त्यागपत्र दे दिया। हालांकि इससे पहले शनिवार को ही उन्होंने सुबह बीएसए से मुलाकात कर शिक्षामित्रों की समस्याएं दूर किए जाने के संबंध में मांग पत्र दिया था, लेकिन शाम तक कुछ ऐसा घटा कि उन्हें भारी मन से त्यागपत्र देना पड़ गया।


ऊषा मिश्रा।

ऊषा मिश्रा ने प्रदेश अध्यक्ष समेत महामंत्री, कोषाध्यक्ष को संबोधित भेजे पत्र में कहा कि जिलाध्यक्ष के रूप में जो दायित्व सौंपा था, उसके बाद जिले में चल रही उठापटक में पूर्व जिलाध्यक्ष रत्नाकर दीक्षित और वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्यामलाल यादव ने उन्हें और महामंत्री रामपूत पाल को बुलाकर निर्देश दिए कि वह दो माह तक जिलाध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगी और इसके बाद रामपूत पाल जिलाध्यक्ष होंगे। ऊषा मिश्रा ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि मुझे बलि का बकरा बनाया गया है।

कहा कि वह शिक्षामित्रों में किसी प्रकार का व्यवधान नहीं चाहती, इसलिए जिलाध्यक्ष और पूर्व में मिले महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रही हूं। ऊषा मिश्रा ने यह भी कहा कि भविष्य में इस प्रकार के भद्दे मजाक किसी के साथ न किए जाए। बता दें उन्हें 10 सितंबर को ही जिलाध्यक्ष बनाया गया था।

### ...विरोध किए जाने पर संगठन के संरक्षक ने दिया था कार्रवाई का बयान

रामपूत पाल और उनके साथियों द्वारा ऊषा का विरोध किए जाने पर संगठन के संरक्षक रत्नाकर दीक्षित ने बयान दिया था कि कोई भी संगठन से बड़ा नहीं है, इसलिए प्रदेश नेतृत्व के निर्णय को मानते हुए साथ दें, अन्यथा संगठनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद ऐसा क्या हो गया कि नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को ही त्यागपत्र देना पड़ गया।

## उल्लेखनीय

### हनुमतधाम स्थित स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी में हुआ विमोचन समारोह का आयोजन

# अग्निज की लिखी पुस्तक संस्कृत व्याकरण पीयूषम का विमोचन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** हनुमतधाम स्थित स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी में संस्कृत व्याकरण पीयूषम नामक पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, विशिष्ट अतिथि डॉ. रंजना प्रियदर्शिनी, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. नित्यानंद मुद्गल ने किया। पुस्तक सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल के छात्र अग्निज उपमन्यु द्वारा लिखी गई है।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री खन्ना ने कहा कि संस्कृत सिर्फ भाषा नहीं, बल्कि एक संस्कार भी है। संस्कृत भाषा में भारत की संपूर्ण चेतना ध्वनित होती है। विशिष्ट अतिथि एसएस कॉलेज की पूर्व संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. रंजना प्रियदर्शिनी ने कहा कि संस्कृत के महान ग्रंथों में धर्म, दर्शन, विज्ञान, राजनीति, मनोविज्ञान सहित तमाम विषयों के सिद्धांत सूत्र रूप में छिपे हुए हैं। यह सुखद है कि नई पीढ़ी संस्कृत में पुनः रुचि ले रही है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाषा विज्ञानी, साहित्यकार और जीएफ कॉलेज के हिंदी विभाग के पूर्व प्राध्यापक आचार्य नित्यानंद मुद्गल ने कहा कि किसी भी भाषा में उसका व्याकरण सबसे महत्वपूर्ण होता है। भाषा की वैज्ञानिकता और उसके स्थिर स्वरूप के लिए व्याकरण का होना आवश्यक है। पूर्व प्राचार्य डॉ. अवनीश मिश्र, पूर्व प्राचार्य डॉ. रानी त्रिपाठी, सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल के प्रबंध निदेशक प्रदीप अग्रवाल, रामनयन वर्मा, नेहा मिश्रा और पुस्तक के लेखक छात्र अग्निज उपमन्यु ने भी संबोधित किया।

डॉ. प्रशांत अग्निहोत्री के संचालन में चले विमोचन समारोह में आलोक शुक्ला, डॉ. प्रभात शुक्ला, प्राचार्य डॉ. केके तिवारी, अंकिता कालानी, डॉ. प्रबल अग्निहोत्री, सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष संजीव अग्निहोत्री, जितेंद्र गुप्ता, रश्मि वर्मा, व्याख्या सक्सेना, मेजर केपी अग्निहोत्री, सुरेंद्र नाथ वाल्मीकि, भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, अरुण गुप्ता, भाजपा नेता उपेंद्र पाल सिंह, महेश प्रजापति, वसंत त्रिवेदी, मोहम्मद नफीस खां, प्रमोद प्रमिल समेत बड़ी संख्या में विशिष्टजन मौजूद रहे। सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल के प्रधानाचार्य आरडी अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया।



पुस्तक का विमोचन करते कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना और वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. नित्यानंद मुद्गल। ● अमृत विचार

- **कैबिनेट मंत्री और शिक्षाविदों ने की छात्र के प्रयास की सराहना**

### सरकार संस्कृत के विकास के लिए प्रतिबद्ध

कैबिनेट मंत्री खन्ना ने कहा कि प्रदेश सरकार संस्कृत के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और प्रोत्साहन के लिए कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों को छात्रवृत्ति भी प्रदान कर रही है। अग्निज उपमन्यु ने अल्पायु में ही संस्कृत व्याकरण पीयूषम जैसी पुस्तक लिखकर अतुलनीय कार्य किया है।

# लालपुर में 17 को लगेगा निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सत्य विद्या फाउंडेशन की ओर से संस्था के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल की मां विद्यावती की चतुर्थ पुण्यतिथि पर निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप लगेगा। कैंप का आयोजन जलालाबाद रोड स्थित लालपुर में विद्या प्लाई एंड बोर्ड प्राइवेट लिमिटेड में 17 सितंबर को होगा। संस्था के अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल ने बताया कि वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के सहयोग से आयोजित होने वाले कैंप में सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा सामान्य रोग, नेत्र रोग, दंत रोग, हड्डी रोग, नाक-कान, गला, छाती एवं श्वास रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, चर्म रोग आदि मरीजों का इलाज होगा। दवाइयां और चश्में हेल्पलाइन द्वारा निःशुल्क दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि दोपहर को भोज का भी आयोजन किया गया है।

### नेता ही कर रहे उत्पीड़न तो कैसे करें सुरक्षित महसूस

**शाहजहांपुर।** जलालाबाद-कटरा हाईवे पर प्लांट पर कब्जे को लेकर जनप्रतिनिधि के खिलाफ दूसरे दिन भी कटरा में अनशन जारी रहा। रविवार को नगरिया के भानू प्रताप, सुमित, लाल बहादुर, श्याम पाल, राम कुमार को पूर्व सैनिक जगदीश प्रसाद ने माल्यार्पण कर अनशन पर बैठाया। वक्ताओं ने कहा कि नेता ही जनता का उत्पीड़न करने लगे तो हम खुद को कैसे सुरक्षित महसूस करें।






### लंबे समय से दोनों के बीच रहा था प्रेम प्रसंग, मिलने गया तो पकड़ा गया

# रात में प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचे युवक की पिटाई

संवादाता, खुटार

**अमृत विचारः** एक युवक शनिवार रात प्रेमिका से मिलने उसके घर चला गया। आहट होने पर युवती के परिजनों ने दोनों को रंगे हाथों पकड़ लिया। परिजनों ने युवक को पकड़कर पहले घर में जमकर पीटा। इसके बाद पुलिस को सूचना देकर सौंप दिया और कार्रवाई की मांग की। पुलिस रात को ही युवक को हिरासत में लेकर थाने ले आई थी। रात में ही हो हल्ला मचा तो लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई। पुलिस का कहना है कि मामला प्रेम प्रसंग का नहीं है। युवक भैंस चोरी करने गया था, जहां लोगों ने पकड़ लिया। हालांकि, प्रेम प्रसंग को लेकर मामला चर्चा में है।

- **युवती के परिजनों ने पुलिस को सौंपा, आरोपी युवक से की जा रही पूछताछ**

पुवायां रोड पर स्थित एक गांव का रहने वाला युवक का बंडा मार्ग पर स्थित एक गांव की युवती से काफी लंबे अरसे से प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिजनों से बचकर चोरी छिपे मिलना और मोबाइल पर बातें करते थे। जिससे दोनों में काफी नजदीकियां भी बढ़ गईं। शनिवार को युवक ने अपनी प्रेमिका को फोन कर मिलने को कहा तो उसने रात में घर में आने के लिए कह दिया। शनिवार रात युवक उससे मिलने गांव पहुंच गया और घर में किसी तरह दाखिल हो गया लेकिन आहट होने पर युवती के परिजनों को इस बात की भनक लग गई। परिजनों ने युवक को युवती के साथ पकड़ लिया और पूछताछ की। इसके बाद परिजनों ने उसी लात-घूसों से पिटाई कर दी। हंगामा होने के बाद गांव में भीड़ जुट गई। इस बीच पुलिस पहुंच गई और युवक को हिरासत में लेकर थाने ले आई। जहां पुलिस ने युवक से पूछताछ की। पुलिस का कहना है युवक भैंस चोरी करने की फिराक में था। इसलिए युवक घर में घुसा था। लेकिन लोगों ने पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। मामले में जांच चल रही है।

> युवक पुलिस हिरासत में है। अभी उससे पूछताछ की जा रही है। तहरीर मिलने पर और पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> – संजय कुमार, थानाध्यक्ष खुटार

### परिवार वाले पहुंचे थाने, युवक को छुड़ाने का करते रहे प्रयास

प्रेम प्रसंग का मामला उजागर होने और युवती के परिजनों द्वारा युवक की पिटाई और पुलिस में हिरासत की खबर युवक के परिजनों को हुई, तो परिजनों ने थाने पहुंच कर युवक से पूरी हकीकत जानी। पुलिस से युवक को छुड़ाने के लिए सांठगांठ करने पर परिजन प्रयास करते रहे। बात नहीं बनी तो कुछ लोगों को साथ लेकर थाने पहुंचे। लेकिन देर शाम तक युवक को पुलिस ने छोड़ा नहीं था। हालांकि, परिजन युवक को छुड़ाने के लिए प्रयास करते रहे।

## शराब के लिए पैसे न देने पर तोड़ दी बाइक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** तिलहर क्षेत्र के गांव चकुलिया निवासी जयवीर ने बताया कि 8 सितंबर की शाम सात बजे गांव के ही दाताराम ने उससे शराब पीने के लिए पैसे मांगे। उसने पैसे देने से मना कर दिया। इस बात से आरोपी नाराज हो गया। आरोप है आरोपी ने उसके ऊपर कुल्हाड़ी से प्रहार कर कर दिया। जिससे वह बच गया तो आरोपी ने उसकी बाइक तोड़ डाली। शोर मचाने पर आरोपी कुल्हाड़ी छोड़कर भाग गया। पीड़ित ने कुल्हाड़ी पुलिस चौकी बिरसिंहपुर में जमा कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## एक नजर

### जीआईसी के पूर्व चौकीदार की बीमारी से मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा क्षेत्र के गांव ऐठा हुसैनपुर निवासी अशोक कुमार( 55) जीआईसी में चौकीदार थे। 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो गए थे। सेवानिवृत्त होने के बाद जीआईसी परिसर में वह अपनी पत्नी सुषमा के साथ रहते थे। उन्होंने रात खाना खाया और सो गए। रविवार की सुबह पांच बजे उनकी पत्नी ने जगाया तो नहीं जागे। जीआईसी के चौकीदार ने उनके बेटे को फोन किया। सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह सिपाहियों के साथ पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार वालों ने बताया कि वह बीमार रहते थे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बीमारी से मौत हुई है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### कार ने मारी टक्कर, सिपाही की पुत्री घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मैनपुरी जिले के कुर्रा थाना के गांव नगला तुला निवासी शिल्पी ने बताया कि वह पुलिस विभाग में सिपाही के पद है। उसकी पोस्टिंग जलालाबाद थाने में है। 2 सितंबर को दिन में 11 बजे वह अपनी बेटी मीनाक्षी( 2) को पुराना जिला अस्पताल लेकर आई थी। अस्पताल परिसर में कार ने उसकी बेटी को टक्कर मारकर घायल कर दिया। उसकी बेटी के एक पैर में फ्रैक्चर हो गया है। चालक कार लेकर भाग गया था। उसने डायल 112 को सूचना दी। पुलिस पहुंची और जानकारी की। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस कार की तलाश कर रही है।

### दहेज के लिए बहू को घर से निकाला, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांट क्षेत्र के गांव निकरा निवासी सुधा ने बताया कि एक साल पहले उसकी शादी मुलायम निवासी बड़ा हरेला थाना जलालाबाद के साथ हुई थी। मायके वालों ने सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था लेकिन ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थी। ससुराल वालों ने उससे कहा कि मायके एक एक लाख रुपये व बाइक मंगाकर दो। सुधा ने कहा कि मायके वाले सक्षम नहीं है कि एक लाख रुपये व बाइक दे पाएं। इस बात से वह नाराज हो गए और प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि 8 सितंबर की शाम चार बजे ससुराल वालों ने उसे मारा पीटा और घर से निकाल दिया। कांट पुलिस ने पति मुलायम, देवर बिन्देश, मंगू, ससुर राधेश्याम, सास अमरवती के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# पूर्व डीएम ने दिए थे हटाने के निर्देश...फिर भी सड़कों पर जमे हैं छुट्टा पशु

### गोशाला भिजवाने के आदेश का नहीं हो पाया पालन, लगातार बढ़ रही संख्या चिंता का विषय

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** छुट्टा पशुओं को सड़क से हटाकर गोशाला भेजने के पूर्व डीएम उमेश प्रताप सिंह के आदेश का पालन नहीं हो पा रहा है। अब भी महानगर में छुट्टा पशु आधी सड़कें कब्जाए हुए देखे जा रहे हैं। पशुओं को गोशाला नहीं भेजा जा सका है। ऐसा तब है जब जिले में आए दिन लोग पशुओं के हमले में मारे जा रहे हैं या फिर पशुओं के कारण हादसों में मौतें हो रही हैं। अभी तक महानगर में पशु आक्रामक नहीं हैं, लेकिन उनकी लगातार बढ़ रही संख्या चिंता का विषय है। मुख्य मार्गों से लेकर तंग गलियों तक से लोग छुट्टा पशुओं से हट बचकर निकलते हैं।

महानगर में पुवायां रोड पर चिनौर के पास अवंतीबाई पार्क के सामने पशुओं का जमावड़ा रहता है, वहीं दूसरा जमावड़ा चिनौर में ही कैंट को जोड़ने वाली सड़क पर रहता है। यहीं हा कटियाटोला, तारीन बहादुरगंज, खिरनीबाग, दिलाजाक, मोहम्मदजई, खलीलगर्वी, बक्सरियां, चौभुर्जी आदि की तंग गलियों में छुट्टा पशु घूमते हुए देखे जा रहे हैं। खिरनीबाग में सुदामा चौराहा से सदर कोतवाली की ओर जाने वाले मार्ग पर बिस्मिल पार्क के पास पशु जमे रहते हैं। दिन में पशुओं की संख्या कम मिलेगी क्योंकि यह इधर-उधर घूमते रहते हैं, लेकिन शाम होते ही बिस्मिल पार्क के पास पहुंच जाते हैं और पूरी सड़क घेर लेते हैं। इधर से गुजरने वाले लोगों के लिए यह गोवंशीय पशु कभी भी जानलेवा हो सकते हैं। हर वक्त खतरा बना रहता है। मेडिकल कॉलेज के सामने, हरदोई बाईपास चौराहा, गर्रा फाटक, लोधीपुर के आगे सुभाष चौराहा आदि स्थानों पर छुट्टा पशुओं का जमावड़ा बना रहता है।

सरकार बनने के छह माह बाद इन से लोगों को छुटकारा दिलाए जाने के लिए गोशाला भिजवाए जाने की कवायद शुरू हुई, लेकिन सड़कों से पशु नहीं हट सके। इन दिनों इनकी संख्या पहले से ज्यादा नजर आ रही है। दो सितंबर को अल्हागंज में हाईवे पर कटियूली गांव के पास ट्रक की चपेट में आकर नौ गोवंशीय पशुओं की मौत हो गई थी। इससे पहले 28 अगस्त को डीएम ने बैठक कर महानगर और निकायों और ग्रामीण इलाकों में घूम रहे पशुओं को पकड़ने की जिम्मेदारी ब्लॉक अधिकारियों और कर्मचारियों को दी थी, लेकिन सड़कों पर घूम रहे पशुओं को देख कर लग रहा है कि उनके आदेश का पालन नहीं कराया गया।



रौसर कोठी क्षेत्र में सड़क पर कब्जा जमाए बैठे पशु। ● अमृत विचार



**बेखौफ...** कच्चे कटरा मोड़ पर सड़क पर कब्जा जमाए चल रहे पशु। ● अमृत विचार

- **मुख्य मार्गों से लेकर तंग गलियों तक में हट बचकर निकलते हैं लोग**

> हमारा प्रयास है कि जल्द से जल्द पशुओं को सड़क से हटाया जाए ताकि लोगों को परेशानी न हो और हादसे का खतरा भी न रहे। इसके लिए कवायद की जा रही है। जल्द ही सभी पशु सड़कों से हट जाएंगे।
> – विपिन कुमार मिश्र, नगरायुक्त।

### कई बार हो चुकी है गोवंशीय पशुओं की मौत

- छह जून 2024 को नेशनल हाईवे पर तिलहर क्षेत्र में रात करीब दो बजे सरऊ पुलिया के पास डबल डेकर बस की टक्कर से दो गोवंशीय की मौत हो गई थी। बस में सवार 15 यात्री घायल हुए थे।
- 11 अगस्त 2024 को जलालाबाद के गांव अतिबरा के पास हाईवे पर सरकारी राशन लेकर जा रहे ट्रक की चपेट में आकर नौ गोवंशीय पशुओं की मौत हो गई थी।
- 14 अगस्त 2024 को रोजा के जमुका दोराहे पर ट्रक की चपेट में आकर छह गोवंशीय पशुओं की मौत हो गई थी, जबकि तीन पशु घायल हो गए थे।
- 14 फरवरी 2023 को मीरानपुर कटरा क्षेत्र में पोहकी और जलालाबाद के खिरिया गांव के पास ट्रेन से कटकर 11 गोवंशीय पशुओं की मौत हो गई थी। शव अधिकारियों ने दफनवाए थे।

### लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर जानलेवा हुए झुंड

**रौसर कोठी, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे से आप गुजर रहे हैं तो गाड़ी ध्यान से चलाएं वरना पता नहीं कब कहां आप छुट्टा पशु की चपेट में आकर हादसे का शिकार हो जाएं। मुरादाबाद-दिल्ली जाने बाले हाइवे की बात करें तो यहां फर्राटा भरते वाहनों के बीच घूमते छुट्टा पशुओं के झुंड एक-दो स्थानों पर नहीं बल्कि शाहजहांपुर के रोजा से लेकर तिलहर कटरा आदि दर्जनों स्थानों पर देखे जा सकते हैं। ये पशु हाईवे से गुजरने वाले वाहनों के लिए मुसीबत का सबब बने हैं। वहीं वाहनों से टकराकर गोवंश तो कभी उनसे टकराकर वाहन चालकों के घायल होने के मामले सामने आ रहे हैं। हाल ही में हाईवे पर रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र में छुट्टा पशुओं से टकराकर तीर्थ यात्रियों को लेकर हरिद्वार जा रही बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे 18 यात्री घायल हो गए। इसी स्थान पर दो दिन पहले एक डीसीएम भी छुट्टा पशु से टकरा गई, जिससे डीसीएम भी पलट गई और उसमें लदी दुधारू भैंसे घायल हो गई।

### छुट्टा पशुओं के हमले में इंसानों की भी जा चुकी है जान

छुट्टा पशुओं के हमलों में लगातार लोगों की जान जा रही है। 16 जनवरी 2020 को गांव फरीदापुर में चंद्रपाल (52) को खेत में फसल की रखवाली के दौरान हमलावर हुए सांड़ ने पटक-पटक कर मार दिया। 16 जून 2022 को फर्रुखाबाद-बरेली हाईवे पर गांव खाई खेड़ा के चौराहे के पास 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति को सांड़ ने हमलाकर मार डाला। 23 जनवरी 2023 को कुंडरा के मजरा स्थित आलू के खेत में घुसे जानवरों को भगाने के दौरान शिवलाल की पत्नी रीना देवी की मौत हो गई थी। 12 फरवरी 2023 को गांव हथिनापुर से रिश्तेदारी में शादी से लौट रहे बाइक सवार कांट क्षेत्र के कुर्रिया निवासी योगेश की रास्ते में सांड़ से टकराने से मौत हो गई, जबकि पीछे बैठे उनके साथी इसी गांव के जय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। 24 दिसंबर 2023 को ग्राम पंचायत कोला के मजरा रैपुरा निवासी साधुराम को खेत की रखवाली के दौरान छुट्टा पशुओं ने दौड़ा लिया। इस दौरान तालाब में गिरे साधुराम की डूबने से मौत हो गई। इसके अलावा छह मार्च 2024 को खाई खेड़ा चौराहे के पास बाइक से जा रहे गांव चंदौरा बहादुरपुर निवासी युवक सुमोध( 27) की सांड़ से टकराकर मौत हो गई। 19 अगस्त को जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर निवासी चरन सिंह( 50) को सांड़ ने हमला कर मार डाला था।



# डीएम ने जुलूस मार्गों का लिया जायजा



जुलूस मार्गों का जायजा लेते डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बारावफात को देखते हुए कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर में जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया। लोगों से कहा कि जुलूस को शांतिपूर्वक निकालनें और शहर का सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में अपना योगदान दें।

रविवार को डीएम ने नूरी मस्जिद से जुलूस के रूट का जायजा लेकर अवरोधक, रूट पर टूटी सड़क और गढ्डे, झूलते हुए तार व खुले ट्रांसफार्मर की बैरीकेडिंग आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत जिलाधिकारी भ्रमण करते हुए वहां पर मौजूद स्थानीय लोगों से मुलाकात कर वार्ता की। लोगों से संवाद स्थापित कर आपस में प्रेम, सौहार्द बनाए रखने व अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। उन्होंने लोगों से कहा कि आपस में प्रेम और भाईचारा बनाकर रखना है। इस अवसर पर नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पांडेय, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार आदि रहे।

### एसपी ने कोतवाली का किया निरीक्षण



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी राजेश एस ने शनिवार की रात आठ बजे चौक कोतवाली का निरीक्षण किया। उन्होंने अपराध रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर को चेक किया। उन्होंने दर्ज मुकदमों में कार्रवाई की जानकारी की। विवेचना का समय से निस्तारण किया जाए। एसपी ने निर्देश दिए कि शिकायती प्रार्थना पत्रों का समय से निस्तारण किया जाए, हवालात की साफ सुथरा रखा जाए, महिला संबंधी अपराधों का शीघ्र निस्तारण किया जाए, अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस की गशत बढ़ाई जाए। उन्होंने थाना परिसर में लगे कैमरों को चेक किया। उन्होंने कंप्यूटर कक्ष, मुंशी कक्ष, हवालात, मैस आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय एएसपी सिटी संजय कुमार, सीओ सिटी सौम्या पांडेय, प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर आदि मौजूद रहे।

### पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स की रहेगी तैनाती

**शाहजहांपुर।** सोमवार को निकलने वाले बारावफात जुलूस को लेकर एसपी राजेश एस ने रविवार को पैदल भ्रमण किया। जुलूस सुबह छह बजे स्टेशन रोड नूरी मस्जिद से प्रारंभ होकर अशफाकनगर चौराहे, रोडवेज बस अड्डा, टाउनहाल ओवरब्रिज, लाल इमली चौराहा, घंटाघर होते हुए खलीलशर्की में कटहल वाली मस्जिद के पास समाप्त होगा। उन्होंने बताया कि शांति एवं सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स की ड्यूटी लगाई गई है।

## सार-संक्षेप

### रवि प्रकाश हत्याकांड में एक आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर/ बंडा, अमृत विचार :** बंडा में रवि प्रकाश सिंह हत्याकांड के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि 10 जुलाई की रात में रवि प्रकाश सिंह निवासी देवकली थाना बंडा की लाठी से पीटकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने रविवार सुबह मकसुदापुर पुलिया के निकट एक हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया हत्यारोपी सुंदर सिंह निवासी देवकली थाना बंडा है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि वह और उसके गांव के शेर सिंह मित्र हैं। राजवीर और शेर सिंह का जमीन का विवाद चल रहा था। राजवीर ने दोनों को धमकी दी थी। दोनों को पता चला कि राजवीर के घर में रवि प्रकाश ही कमाने वाला है। इस पर उन दोनों ने उसकी हत्या की योजना बनाई। हत्या वाले दिन रात में शेर सिंह ने उसे फोन किया कि रवि प्रकाश तुम्हारे घर के सामने से निकल रहा है। फिर उसकी लाठी से पीटकर हत्या कर दी। टीम में मुख्य आरक्षी अजय राना, मिनहाल अहमद, सिपाही जरनैल सिंह थे।

### गोवंश की मौत के मामले में चालक पर रिपोर्ट

**खुटार, अमृत विचार :** ट्रक से कुचलकर बछिया की मौत मामले में शनिवार को पुलिस ने हिंदू संगठन की तरफ से चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शुक्रवार शाम साढ़े सात बजे गोला बाईपास रोड पर स्थित बाबा गुरहानाथ मंदिर के पास एक गोवंश सड़क के किनारे बैठा था। ट्रक ने उसे कुचल दियाथा। हिंदू युवा संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अतुल शर्मा कार्यकर्ताओं के साथ पहुंच गए और ट्रक चालक को पकड़ लिया। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर ट्रक को कब्जे में ले लिया था। इसके बाद गोवंश के शव का पोस्टमार्टम कराकर दफना दिया था। शनिवार की पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दीवार से टकराई बाइक, बाबा-पोता समेत चार घायल

**निगोही, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव गनपतपुर निवासी जागेश्वर( 63) पोते अमन( 16) के साथ बाइक से निगोही निजी कार्य से आए हुए थे। छोटा पोता परमेंद्र ( 5 )भी बाइक पर बैठा था। निगोही से काम निपटाकर रविवार शाम पांच बजे घर जाते समय पुवायां रोड पर कबीरपुर झोतूपुर के निकट दीवार से बाइक टकरा गई। जिसमें तीनों लोग घायल हो गए। वहीं दीवार के पास खड़े इरफान खां के पैर में बाइक की टक्कर लग गई, जिससे वह भी घायल हो गया। निगोही पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने घायलों को गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया। तीनों की हालत नाजुक बनी हुई है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**रौसर कोठी, अमृत विचार :** सिंधौली क्षेत्र के गांव महाऊ दुर्ग निवासी सैंकी कनौजिया को कई दिन से बुखार आ रहा था, जिसके चलते है वह सेहरामऊ दक्षिणी में रहने वाले अपने फूफा प्रमोद कुमार के यहां रुक गया था। शनिवार रात डॉक्टर के यहां नंबर लगवाया था। रविवार सुबह बुआ कमला के साथ डॉक्टर को दिखाने जा रहे थे। पूर्वान्ह 11 बजे रौसर कोठी के एक पेट्रोल पंप के सामने बुआ को रोड के किनारे उतार दिया। बाइक में पेट्रोल डलवाने के लिए रोड पार करने लगे। इसी दौरान शाहजहांपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने सैंकी को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक काफी दूर तक उछल कर गिर गई। मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची थाना रामचंद्र मिशन पुलिस ने एम्बुलेंस से घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया।

### युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** कस्बे के मोहल्ला कुतुलूपुर निवासी विशाल( 24) ने शनिवार रात कमरे की छत पर लगे कुंडे में गमछे से फंदा लगाकर जान दे दी। मृतक अविवाहित था। युवक के पिता अमरपाल की 12 वर्ष पहले मौत हो चुकी है। मां लक्ष्मी देवी मायके में रहती हैं। बड़ा भाई गोविंद, विकास व बहन का रो-रोकर हाल बेहाल है।

### मामूली विवाद में मारपीट

**पुवायां, अमृत विचार :** नहिरोला गांव के प्रदीप कुमार ने गांव के ही चार-पांच लोगों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की। प्रदीप ने बताया कि गांव के चार-पांच लोग आए दिन गाली-गलौज करते रहते थे। रविवार दोपहर लगभग एक बजे सभी लोगों ने एक राय होकर मारा पीटा। मारपीट में एक हाथ, पैर में चोट आई, साथ ही सिर में गंभीर चोट आई। पुलिस ने प्रदीप कुमार का मेडिकल कराकर कार्रवाई शुरू कर दी।

**आमजन की परेशानी** शासन द्वारा अभियान चलाए जाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होने से किसान परेशान

# फसलों को चट कर रहे छुट्टा गोवंशीय, खेतों में रात बिता रहे किसान

संवाददाता, जमुका/रोजा

**अमृत विचारः** छुट्टा घूम रहे पशुओं को पकड़ने के लिए शासन द्वारा निरंतर अभियान चलाए जाते हैं, फिर भी छुट्टा पशुओं की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। हाईवे से लेकर खेत-खलियान तक छुट्टा गोवंशीय पशुओं से किसान व आमजन परेशान हैं।

सीमावर्ती गांव जमुही, जमुका, निघोना मकरंदपुर, पैंतापुर, रामापुर बरकतपुर, बिलंदपुर, अहमदनगर, गोरी, बहादुरपुर, सिंगरहा, महोलिया, बरनई, नौगवां आदि दर्जनों गांव के किसान से लेकर राहगीर तक छुट्टा पशुओं परेशान हैं। यह पशु फसलों को नुकसान तो पहुंचाते ही हैं, साथ ही साथ यातायात को भी बाधित करते हैं। पशुओं को पकड़ने के अभियान में प्रधान और सचिवों ने रस्म अदायगी की। यही वजह है कि पशु अब भी छुट्टा घूम रहे हैं और खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसानों को फसल बचाने के लिए रात-रात भर खेतों की चौकीदारी करनी पड़ रही है। यही पशु हाईवे पर पल-पल दुर्घटनाओं को दावत दे रहे हैं लेकिन जिम्मेदार बेपरवाह बने हुए हैं। हाईवे किनारे बसे रोजा, जमुही, जमुका, चकभिटारा,बरतारा, गुर्री आदि स्थानीय लोगों के अलावा शाहजहांपुर, बरेली, दिल्ली, लखनऊ, सीतापुर सहित कई जिलों और प्रदेश जाने वाले लोग इस हाईवे पर सफर करते हैं।



रोजा की रेलवे कॉलोनी के स्कूल के सामने छुट्टा पशुओं का जमावड़ा। ● अमृत विचार

- **फसलों को पहुंचाते हैं नुकसान यातायात भी होता है बाधित**

### बोले लोग, जरा सी चूक पड़ सकती है भारी



हाईवे पर चलना इतना मुश्किल हो रहा है कि न जाने कब गोवंशीय पशुओं के झुंड में से कोई भी पशु आकर हमे चोटिल कर दें, खेतों की रखवाली भी करना बहुत मुश्किल हो रहा है।
– अमरपाल वर्मा



छुट्टा पशुओं से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, रोजा रेलवे कॉलोनी में स्कूल के सामने शाम होते ही पशुओं का झुंड सड़क के बीचो-बीच बैठकर आवागमन बंद कर देते हैं।
– अमित गुप्ता



छुट्टा पशुओं का झुंड सड़क देखने को मिल जाता है, जरा सी चूक होने पर इन पशुओं की वजह से भी दुर्घटनाएं हो रही हैं। जल्द से जल्द पशुओं को पकड़ा जाए।
– श्री कृष्ण विश्वकर्मा



खेतों में किसान रखवाली करते-करते परेशान हैं और हाईवे पर चलना भी मुश्किल हो रहा है, क्योंकि दुर्घटना होने का भय सताता रहता है। समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।
– देश कुमार चरन

## हादसे में घायल युवक ने 15 दिन बाद दम तोड़ा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कटरा क्षेत्र के गांव बेहटा गोकुल निवासी सुनील कुमार(30) 30 अगस्त को चाची की दवा दिलाने के लिए बाइक से खुदागंज रोड पर स्थित एक डॉक्टर के पास आया था। दवा दिलाने के बाद जैसे ही बाइक मोड़ी तो दूसरी बाइक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे सिर में चोट लगने पर वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसकी चाची को मामूली चोट आई थी। परिजनों ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। जहां से डॉक्टर ने तीन दिन बाद बरेली के लिए रेफर कर दिया था। परिवार वाले बरेली से शुक्रवार को घर ले आए।सुनील की शनिवार रात मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक सुनील बंटाई पर खेती करता था। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि एक युवक कुछ दिन पहले हादसे में घायल हो गया था। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

# गर्रा, खन्नौत व रामगंगा का जलस्तर बढ़ा, अलर्ट पर सिस्टम

## शारदा नहर खंड के बाढ़ नियंत्रण कक्ष ने बढ़े जलस्तर की रिपोर्ट की जारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



रविवार को बढ़ा हुआ दर्ज किया गया गर्रा का जलस्तर। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** डीएम, एसपी, एडीएम प्रशासन और एडीएम वित्त नदियों के जलस्तर पर नजर बनाए हुए हैं।

रविवार को शारदा नहर खंड के बाढ़ नियंत्रण कक्ष की रिपोर्ट में गंगा नदी कछला घाट जलस्तर प्लस 0.190 बढ़ा, रामगंगा नदी चौबारी घाट का जलस्तर प्लस 0.530 बढ़ा। गर्रा नदी अजीजगंज पुल जलस्तर प्लस 1.00 बढ़ा और खन्नौत नदी का जलस्तर प्लस 0.15 बढ़ा हुआ दर्ज किया गया। गंगा नदी में नरौरा बैराज में 142517 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। रामगंगा नदी में विभिन्न बांधो से 60122 क्यूसेक व दियूनी से गर्रा नदी में 25977 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।

- नदियों में बढ़ रहे पानी पर नजर बनाए हैं प्रशासनिक अधिकारी
- ग्रामीण भयभीत, खुदागंज के कई गांव चपेट में आने की संभावना

**बढ़ते जलस्तर की चपेट में कई गांव :** खुदागंज में गर्रा नदी में बढ़ रहे जलस्तर के चलते कई गांव बाढ़ की चपेट में आने की संभावना है। क्षेत्र के गांव होशीपुर के प्राथमिक विद्यालय व गांव के कई स्थानों पर पानी पहुंच गया है। इसके साथ ही आधा दर्जन से अधिक अन्य गांव भी बाढ़ की चपेट में हैं। बढ़ते जल स्तर को लेकर ग्रामीणों में भय का माहौल है।

परंतु अभी तक किसी प्रशासनिक अधिकारी ने इस संबंध में ग्रामीणों की सुधि नहीं ली है। विगत माह आई बाढ़ में नौगमा, रामेश्वर गंज, गोटिया, इटौवा सहित कई गांव में फसलों को भारी नुकसान हुआ था।

### आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की एडवाइजरी जारी

- लो लैंड एरिया में रहने वाले लोगो को अलर्ट करा दिया जाए।
- संबंधित क्षेत्र में चिन्हित बाढ़ चौकियों को अलर्ट व एक्टिव करते हुए कर्मियों की ड्यूटी लगाएं
- प्रभावित क्षेत्रों में संबंधित अधिकारी व कर्मचारी भ्रमण कर लोगो को सूचित करें।
- चिन्हित बाढ़ राहत शरणालय को सुचारू संचालित करा दिया जाए।
- नाव व मोटर बोट की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित कर ली जाए।
- प्रभावितों के लिए बिस्तर, भोजन, लंच पैकेट, स्वच्छ पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें
- रेक्क्यू टीम हेतु डीजल व पेट्रोल की व्यवस्था पूर्व से ही कर ली जाए।
- मेडिकल टीम व पशु चिकित्सक टीम आदि को एक्टिव कराएं।

### गर्रा से कटान, एसडीएम ने शुरू कराई रोकथाम



**तिलहर।** उत्तराखंड व प्रदेश में पिछले कई दिनों से हो रही बरसात के चलते दियूनी व नानक सागर डैम से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। जिससे जनपद से गुजर रही नदियों का जलस्तर बढ़ने पर रविवार को एसडीएम ने क्षेत्र का निरीक्षण कर बरहा मोहब्बतपुर गांव से सटी नदी में कटाव रोकथाम का कार्य शुरू कराया। एसडीएम जीत सिंह राय ने बताया कि उन्होंने तहसील क्षेत्र के नदी से सटे कई गांवों का दौरा कर कटाव का जायजा लिया। जिसमे गांव बरहा मोहब्बतपुर में नदी से होने वाले कटान की आशंका के चलते वहां नदी तट पर रोकथाम की व्यवस्था शुरू करवा दी गई है। एसडीएम राय ने बताया कि नदी के किनारे बसे गांवों में पानी पहुंचने पर राजस्व कर्मियों की टीम को लगा दिया गया है। वह स्वयं भी निरंतर नजर रखे हुए हैं। बकौल एसडीएम अभी स्थिति सामान्य है।

### हाईवे पर चलने लगा बाढ़ का पानी

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** गंगा व रामगंगा का जलस्तर एक बार फिर तेजी से बढ़ने लगा है। गंगा की बाढ़ का पानी स्टेट हाईवे पर चल रहा है। गंगा के तटवर्ती गांवों में बाढ़ का पानी दस्तक देने लगा है। जिससे ग्रामीण भयभीत होने लगे हैं। गंगा की बाढ़ से तटवर्ती गांव के लोगों की दुश्वारियां कम होने का नाम नहीं ले रही है। लगातार घटते बढ़ते जलस्तर से खरीफ की फसलें बर्बाद हो रही है। धान, ज्वार, बाजरा, तिली, उर्द को काफी नुकसान हुआ है। शनिवार से गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ने से नदी उफनाने लगी है। बढ़ रहे जलस्तर के चलते एक बार फिर जलालाबाद शमशाबाद स्टेट हाईवे पर करीब दो फिट बाढ़ का पानी तेज रफ्तार से चलने लगा है। आवागमन में राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। बाढ़ का पानी तेज रफ्तार से आबादी की तरफ बढ़ रहा है। जिससे आजादनगर, पैलानी, कमथरी, चौरा, बांसखेड़ा, नगला बसोला, चितार, कटैलानगला, चौरा समेत तमाम गांवों में बाढ़ का पानी दस्तक देने लगा है। रामगंगा का जलस्तर भी तेजी से बढ़ने से तटवर्ती गांव के लोगों में दहशत का माहौल है।

## भाकिमयू राष्ट्रवादी छोड़ चढूनी गुट में शामिल हुए किसान



पार्टी के पदाधिकारियों के साथ चढूनी गुट में शामिल किसान।

**पुवायां, अमृत विचार :** भारतीय किसान मजदूर यूनियन राष्ट्रवादी गुट को छोड़कर किसान चढूनी गुट में शामिल हो गए। रविवार को डाक बंगला परिसर में किसानों ने बैठक की। अध्यक्षता भाकियू चढूनी गुट के बरेली मंडल के अध्यक्ष सुखप्रीत सिंह औलख व राष्ट्रीय महासचिव मनोज नागर ने की।

बैठक में भारतीय किसान मजदूर यूनियन राष्ट्रवादी छोड़कर आए किसानों को दोनों नेताओं ने चढूनी गुट की सदस्यता ग्रहण कराने के बाद पदाधिकारी बनाकर प्रमाण पत्र दिए। भाकिमयू राष्ट्रवादी छोड़कर आए भारत सिंह यादव को जिलाध्यक्ष, सुखदेव सिंह खिंडा को तराई प्रदेश अध्यक्ष, शिशुपाल सिंह को मंडल प्रभारी, करमजीत सिंह को तराई प्रदेश उपाध्यक्ष, सुनील सिंह को लखनऊ मंडल प्रभारी, वहीं जिलाध्यक्ष तरविंदर सिंह मोमी को जिला प्रभारी मनोनीत किया। इस मौके पर संगठन के प्रदेश सचिव भूपेंद्र सिंह गिल, जिलाध्यक्ष पीलीभीत रंजीत सिंह काहलो, जिला महामंत्री दिलबाग सिंह व महेश चंद्र वर्मा, भाई लाल, संजय मिश्रा, संतोष कुमार, सुखचैन सिंह मन्ना आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।

## वेतन विसंगतियों को लेकर मुखर हुए फार्मासिस्ट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



शपथ ग्रहण करते नव निर्वाचित पदाधिकारी। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन रविवार को बरेली मोड़ स्थित एक मैरिज लॉन में हुआ। जिसका आरंभ मुख्य अतिथि डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल के चेयरमैन ने संदीप बडोला ने स्व. राम उजागर पांडेय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि इस समय फार्मासिस्ट समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने फार्मासिस्ट के वेतन विसंगतियों के बारे में बताया कि आंदोलन के परिणाम स्वरूप सिर्फ दो सालों के बाद ही नॉन फंक्शनल ग्रेड पे 4200 सिर्फ फार्मासिस्टों को ही मिलता है। बताया कि हमें वेतनमान केंद्र के अनुसार मिलता है लेकिन केंद्र के फार्मासिस्टों के और राज्य के फार्मासिस्टों के कार्यों में जमीन-आसमान का अंतर है। राज्य के फार्मासिस्ट कार्य के बोझ से दबे हैं।

उन्होंने पुरानी पेंशन के मांग को आवश्यक बताते हुए इसके लिए सरकार से मांग करने वाले जो भी संगठन हो उनका पूर्ण समर्थन देने की बात कही। कहा कि पदनाम परिवर्तन जल्द से जल्द फार्मेसी अधिकारी के रूप में हो, इसके लिए जनपद से जिलाध्यक्ष आशीष भदौरिया द्वारा सर्वाधिक जनप्रतिनिधियों का समर्थन पत्र मुख्यमंत्री को भेजा गया है।

- पुरानी पेंशन बहाली की दोहराई मांग डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन

प्रांतीय पर्यवेक्षक मंडलीय सचिव बीसी यादव ने कहा कि सभी लोग जितना संगठन का सहयोग करेंगे, उतना संगठन मजबूत होगा। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष आशीष सिंह भदौरिया ने कहा कि सभी का समर्थन मुझे कर्तव्यों को पूर्ण करने में नई ऊर्जा देने का काम करेगा। इस अवसर पर मंडलीय सचिव राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद डॉ. अजय नागर, हेमंत चौधरी, जनार्दन गंगवार, हरीश, ताहिर हुसैन, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष जयपाल कनौजिया, लैब टेक्नीशियन के अध्यक्ष रजनीश सिंह, संजय कुमार व स्टाफ नर्स संघ की अध्यक्ष गीता देवी, निर्वतमान अध्यक्ष जयदीप बंसल, जिला मंत्री सुभाष कनौजिया, मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एमपी गंगवार, सहायक मेटर्न ललित मोहन आदि उपस्थित रहे।

### आशीष अध्यक्ष, दिवाकर जिला मंत्री निर्विरोध निर्वाचित

डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन/ चुनाव प्रांतीय अध्यक्ष संदीप बडोला, प्रांतीय पर्यवेक्षक बरेली मंडल के मंडलीय सचिव बीसी यादव व चुनाव अधिकारी रिटायर पूर्व फार्मेसी अधिकारी वीके सिंह, दिनेश सक्सेना जिला मंत्री राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की देखरेख में हुआ। जिसमें आशीष भदौरिया जिलाध्यक्ष, मोहम्मद मुजाहिद वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मोहम्मद अली उपाध्यक्ष, दिवाकर अवस्थी जिलामंत्री, संदीप शुक्ला संगठन मंत्री, राहुल कटिहा संयुक्त मंत्री, शैलेंद्र वर्मा संप्रेक्षक व विनय द्विवेदी कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए। प्रांतीय अध्यक्ष संदीप बडोला ने सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

## सार-संक्षेप

### कर्मचारी पर 11.65 लाख रुपये गबन की रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला आनंदपुरम कॉलोनी निवासी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि वह यूजेनिक्स मेडिसाइंसेस प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ की शाहजहांपुर की शाखा स्थित मदरा खेल में बिजनेस एक्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत हैं। उसकी शाखा में 25 कर्मचारी कार्य करते हैं। शाखा से व्यापारियों को उधार व नगद माल सप्लाई किया जाता है। लगभग तीन माह से कुछ व्यापारियों का पेमेंट नहीं आया। उसने व्यापारियों से संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि सुरजीत निवासी हुसैनपुरा चौक कोतवाली को नगद भुगतान कर चुके हैं, जो शाखा में काम करते हैं। इसी बीच सुरजीत ने शाखा में आना बंद कर दिया। उन्होंने उसके दोनों फोन मिलाए तो दोनों फोन बंद थे। आरोपी का पता लगाने का प्रयास किया तो उसका पता नहीं चला। आरोपी ने व्यापारियों से पैसा लेकर 11 लाख 65 हजार रुपये का गबन किया है। सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### विक्रेता को पीटा, सड़क पर फेंक दी सब्जी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला महमंद हद्दफ निवासी गुड्डी देवी ने बताया कि उसके पति दयाराम ईदगाह रोड पर मुन्ना लाल के मकान में सब्जी की दुकान चलाते है। उनके पड़ोस में ही अलीशेर व रफीक निवासी मामुड़ी, फलों का ठेला लगाते है। उसके पति ने ठेला आगे-पीछे करने के लिए कहा तो आरोपी नाराज हो गए और उसके पति पर हमला कर मारने- पीटने लगे। वह जान बचाकर घर भाग आए। आरोपी ने सब्जी सड़क पर फेंक दी। इस दौरान पति का भतीजा परशुराम वहां से निकल रहा था। उसने सब्जी फेंकने से मना किया तो आरोपियों ने उसे भी पीटकर घायल कर दिया। घटना 13 अगस्त की शाम छह बजे की है। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दुष्कर्म की रिपोर्ट कोर्ट के आदेश पर दर्ज

**कांट, अमृत विचार :** शादी का झांसा देकर देवर ने विधवा भाभी से दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। क्षेत्र के एक गांव की विधवा ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी शादी 18 वर्ष पूर्व सुखपाल के साथ हुई थी। उसके पति की पहली पत्नी मर गई थी। उससे एक पुत्र है। पति की दस साल पहले मौत हो गई है। पति को 14 बीघा जमीन विरासत में मिली थी। उस जमीन को उसका देवर सोमपाल हथियाना चाहता था। उसके अविवाहित होने पर वह उससे शादी को तैयार हो गई। आरोप है कि उसके देवर ने फर्जी तरीके से पांच बीघा जमीन का बैनामा करा लिया। शादी का झांसा देकर तीन साल तक उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता दिल्ली में प्राइवेट फैक्ट्री में मजदूरी कर रही है। एसपी और थाना पर तहरीर दी लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### उदारा के ग्रामीणों को दिखा मगरमच्छ

**निगोही, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव उदारा निवासी विनोद के खेत के गड्ढे में मगरमच्छ देखा गया। गांव के उत्तर दिशा में विनोद के खेत से कुछ दिन पूर्व जेसीबी से मिट्टी खोदी गई थी। उससे वहां हुए गड्ढे में पानी भर गया था। शनिवार शाम पांच बजे गांव के पशुओं को चराने वाले लोगों ने देखा कि विनोद के खेत में गड्ढे में मगरमच्छ है, तभी गांव के प्रधान को सूचना दी गई। प्रधान ने वन विभाग सूचना दे दी लेकिन दूसरे दिन भी कोई नहीं पहुंचा। इससे गांव के लोग डरे हुए हैं।

## वरुण अर्जुन के शिविर में 617 मरीजों ने कराया पंजीकरण



शिविर में मरीजों की जांच करतीं डॉक्टर। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से रविवार को भावलखेड़ा क्षेत्र के ग्राम जमुका में मुफ़्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में कुल 617 मरीजों ने पंजीकरण कराया, जिनमें 25 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। इनका ऑपरेशन वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा में निःशुल्क किया जायेगा। 247 मरीजों की ब्लड शुगर व लगभग 395 मरीजों की ब्लड प्रेशर की जांच की गई। लगभग 597 मरीजों को दवाइयों का वितरण भी किया गया। एमआरआई व सीटी स्कैन व अन्य जांचों के छूट के कूपन भी वितरित किए गए। स्वास्थ्य टीम एवं पीआरओ ने लोगों को नियमित जांचें करवाने के लिए जागरूक भी किया और परिवार स्वास्थ्य कार्ड की भी जानकारी दी जो अस्पताल के द्वारा 200 रुपए में बनाया जाता है और 1 वर्ष के लिए मान्य है। शिविर में ग्राम प्रधान आनंद कुमार का विशेष योगदान रहा। शिविर में वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा के चिकित्सक डॉ. विश्वजीत, डॉ. हर्षित कौशल, डॉ. गार्गी शर्मा, डॉ. दीपक, डॉ. रिव्या सिंह एवं मेडिकल कॉलेज के पीआरओ विपिन शर्मा, अतुल गंगवार और पैरामेडिकल स्टाफ आदि मौजूद रहा।

### जमीन न मकान...एसडीएम से लगाई मदद की गुहार

**जलालाबाद, अमृत विचार :** गांव एल्मनगर कटरिया निवासी जगदीश ने एसडीएम उत्सव आनद को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि दो दिन पहले हुई लगातार बरसात के कारण झोपड़ी की मिट्टी की कच्ची दीवार गिर गई। जिससे उसके नीचे दो चारपाई, दो बेड, खाने पीने का सामान संदूक एवं बर्तन टूट गए। पीड़ित ने बताया कि मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता है। झोपड़ी गिर जाने से वह अब परिवार के साथ खुले आसमान में रह रहा है। पीड़ित के पास जमीन है और न ही रहने को मकान है। पीड़ित ने एसडीएम से आर्थिक मदद व आवास योजना का लाभ दिलाए जाने की मांग की है।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
- सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
- दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
- गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
- बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रात: 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

PRIME HOSPITAL प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
• मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग
• मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग
• न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

# सुहागिनों ने बप्पा संग सिंदूरोत्सव मना मांगा अक्षय सुहाग

## शान से निकाली गई शाहजहांपुर के महाराजा की विसर्जन शोभायात्रा, मराठा युवाओं ने मटकियां फोड़ की मस्ती

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** महाराष्ट्र मराठा मंडल के बैनर तले मनाए जा रहे श्री गणेश महोत्सव के अंतिम दिन गणपति बप्पा की भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। इसी के साथ नौ दिवसीय गणेशोत्सव का समापन हो गया। शोभायात्रा से पूर्व सुहागिनों ने गणपति की पूजा-अर्चना कर भोग लगाया और आरती कर सिंदूरोत्सव खेला। विघ्न विनाशक से अक्षय सुहाग की कामना कर महिलाओं ने उन्हें विदाई दी। मराठा युवाओं ने सदर बाजार क्षेत्र में मुख्य मार्ग पर जगह-जगह लटकाई गईं मटकियों को फोड़ने में काफी उत्साह दिखाया। डीजे पर बज रहे भजनों पर थिरकते हुए युवाओं और महिलाओं ने अबीर-गुलाल से खूब होली भी खेली।

रामचरण लाल धर्मशाला खिरनी बाग में अंतिम दिन सुबह से ही गणपति बप्पा की पूजा करने को आयोजक और उनके परिवार की महिलाएं पहुंचने लगी थीं। आचार्य हरिकेश शुक्ला ने विधि विधान से पूजन कराया। शाम चार बजे के आसपास विसर्जन शोभा यात्रा शुरू हुई। गणपति बप्पा को फूलों से सुसज्जित भव्य रथ पर बिराजमान कराया गया। इसके साथ ही श्री गणेश, शंकर-पार्वती, हनुमान जी, दुर्गा जी, प्रभु श्रीराम आदि देव स्वरूपों की आकर्षक झांकियां भी शामिल की गईं। खिरनीबाग और सदर बाजार में सुबह से ही तमाम स्थानों पर बहुत ऊंचाई पर रंगों से भरी मटकियों लटका दी गईं थी, जिन्हें मराठा युवाओं ने भजनों पर झूमते और मस्ती करते हुए फोड़कर खूब नृत्य किया। विसर्जन यात्रा में मंडप में स्थापित गणपति के साथ मराठा परिवारों ने घरों में स्थापित गणपति की मूर्तियां भी शामिल कीं।

शोभायात्रा बहादुरगंज, मशीनरी मार्केट, घंटाघर, कच्चा कटरा मोड़, चौक, चारखंभा होते हुए गर्रा घाट पहुंची, जहां पारंपरिक ढंग से गणपति जी पूजा कर भोग लगाया गया और महाआरती के बाद उन्हें गणपति बप्पा मोरया के गगनभेदी जयघोष के साथ विसर्जित कर दिया गया। सभी ने गणपति से सुख-समृद्धि और अगले बरस फिर दर्शन देने की कामना की। संयोजक नीरज वाजपेयी, अनिल कदम, अर्जुन सूर्यवंशी, सुदामा शिंदे, अक्षय कदम, योगेश कदम, आशीष गुप्ता, पिंटू, हर्षित गुप्ता, वंदना कदम, नंदा सूर्यवंशी, नंदा शिंदे, रजत, सुदामा शिंदे, सुनैना शिंदे, साधना शिंदे, आकांक्षा गुप्ता, नवनीत शर्मा आदि का सहयोग रहा।


विसर्जन के लिए गणपति बप्पा को ले जाते आयोजक मंडल के सदस्य। ● अमृत विचार

### घरों में स्थापित गणपति का धूमधाम से विसर्जन

शाहजहांपुर, अमृत विचार : रविवार को विभिन्न मोहल्लों में लोगों ने घरों में स्थापित की गणपति बप्पा की प्रतिमाओं का भी धूमधाम से विसर्जन किया। सदर क्षेत्र स्थित आवास विकास कॉलोनी, पक्का तालाब समेत अन्य मोहल्लों में महिलाओं और पुरुषों ने ढोल बाजे के साथ छोटी-छोटी शोभायात्राएं निकालकर गणपति बप्पा का विसर्जन किया। श्रद्धालुओं ने अबीर-गुलाल से होली खेलते हुए खूब मस्ती की। ढोल बाजे पर नाचते झूमते नर-नारी और बच्चे गणपति बप्पा की जय-जयकार करते चल रहे थे। घरों में स्थापित गणपति बप्पा की मूर्तियों को गर्रा और खन्नौत घाट पर विसर्जित किया गया।


शाहजहांपुर के महाराजा की विसर्जन यात्रा में उमड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार


विसर्जन शोभायात्रा के दौरान मटकी फोड़ते मराठा युवा।


आवास विकास कॉलोनी से गणपति को विसर्जन के लिए ले जाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाती महिलाएं। ● अमृत विचार


हनुमतधाम में विसर्जन के लिए गणपति बप्पा की प्रतिमा लेकर पहुंचा परिवार।


शोभायात्रा के दौरान नृत्य करते कलाकार। ● अमृत विचार

### हवन के बाद भंडारा, फिर लिया रास लीला का आनंद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चारखंभा मार्ग स्थित शर्मा जी के डेरा में विराजे मठिया के महाराजा के मंडप में रविवार को हवन पूजन के भंडारा किया गया। शाम को लोगों ने रासलीला का आनंद लिया। इसी के साथ श्री गणेशोत्सव का समापन हो गया। सोमवार को गणपति बप्पा की विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। पंडित राजीव मिश्रा सरस ने मंत्रोचार के साथ सुबह हवन पूजन कराया, जिसमें आयोजक मंडल के सदस्यों ने परिवार के सदस्यों के साथ आहुतियां देकर विश्व कल्याण की कामना की। यज्ञ के मुख्य यजमान मनोज शर्मा और अनीता शर्मा रहे। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जो शाम तक चला। भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद छका। आयोजन के प्रवक्ता सुचित सेठ ने बताया कि सोमवार शाम विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। भंडारा में अरुण रस्तोगी रानू शर्मा, अर्पित कपूर, कीर्ति रस्तोगी, सोनाली शर्मा आदि का योगदान रहा।

### वृंदावन से आईं झांकियां बनीं आकर्षण का केंद्र

**तिलहर, अमृत विचार :** गणेश महोत्सव के समापन पर भगवान गणेश प्रतिमा विसर्जन यात्रा नगर में धूमधाम के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में ढोल नगाड़े की धुन पर सभी भक्त अबीर गुलाल की होली खेलते हुए नाचते हुए चल रहे थे। गर्रा के घाट पर प्रतिमा का विसर्जन किया गया। रविवार दोपहर कुंवरगंज मोहल्ला स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में भगवान गणेश का पूजन एवं आरती के बाद भंडारे का आयोजन हुआ। जिसके बाद मंदिर से भगवान गणेश की प्रतिमा के साथ विसर्जन शोभायात्रा शुरू हुई। शोभायात्रा में महिलाएं, युवतियां, पुरुष व युवा सभी ने अबीर-गुलाल की होली खेलकर एक दूसरे को सराबोर कर दिया। सभी गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। भक्तों ने गणेश को भोग लगा सुख समृद्धि की कामना की। शोभायात्रा में वृंदावन से आईं मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई शाहजहांपुर गर्रा नदी घाट के लिए रवाना हो गई। इस दौरान प्रवीण मराठा, गोपाल मराठा, अनुज राठौर, सुनंदा मराठा, प्रतीक्षा मराठा, कमलेश गुप्ता, गोपी मराठा, कौशल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### वरुण अर्जुन कॉलेज के शिविर में निःशुल्क सुविधाओं के बारे में बताया



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से नगर पालिका टाउन हॉल तिलहर में नि:शुल्क नाक, कान एवं गला रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। कैंप में मरीजों की ब्लड प्रेशर व ब्लड शुगर की जांच कर दवाइयां दी गईं। मरीजों को जांचों व सीटी स्कैन, एमआरआई के डिस्काउंट कूपन भी वितरित किए गए। शिविर से रोहिलखंड अस्पताल आने पर मरीजों की सीबीसी, लीवर की जांच, एलएफटी, किडनी की जांच, केएफटी व शुगर की जांच भी नि:शुल्क की जाएंगी। इस अवसर पर डॉक्टर व पीआरओ ने लोगों नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराते रहने की सलाह दी। अस्पताल में कान एवं गला रोग विभाग में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में लोगों को अवगत कराया। नाक कान एवं गला रोग विभाग की विशेषज्ञ डॉ. कृतिका की चिकित्सकीय टीम के साथ पैरामेडिकल स्टाफ और मेडिकल कॉलेज के पीआरओ रईसुद्दीन भी मौजूद रहे।

### छात्र को पीटने वाले मैनेजर व शिक्षक के खिलाफ रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा के मोहल्ला आदर्श नगर कॉलोनी निवासी नसीम अली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पुत्र उवैश अली कृष्णा गुरुकुल कान्वेंट स्कूल में कक्षा आठ का छात्र है। पांच सितंबर को स्कूल के अध्यापक व मैनेजर ने उसके पुत्र को पीटा, जिससे उसका एक हाथ टूट गया था। उस समय उन्होंने शिकायत नहीं की। 14 को उसका बेटा स्कूल गया। उस समय मैनेजर परविंदर कृष्ण व शिक्षक रामबाबू बच्चों को खेल खिलवा रहे थे। उसके बेटे ने कहा कि उसका एक हाथ टूटा है, वह नहीं खेल पाएगा। इस पर दोनों गाली गलौज करने लगे। आरोप है कि बेटे को मारा पीटा, जिससे उसके चोटें आई है। उसका भाई फहीम शिकायत करने गया तो मैनेजर व अध्यापक ने अभद्र व्यवहार किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# जुलूसे मिलाद में मदरसों के बच्चों ने लगाए मरहबा-मरहबा के नारे

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मदरसा अत्तारिया तारीन जलालनगर के बच्चों ने रविवार को ज़ोशोखरोश के साथ ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला। जुलूस में बच्चे हरे हरे परचम लहराते हुए आका की आमद में नाते नबी गुनगुना रहे थे। जुलूस का आगाज मदरसा प्रबंधक रिजवान अत्तारी ने झंडी दिखाकर किया। बच्चों के खासा उत्साह दिख रहा था। इस दौरान बच्चों ने आका की आमद मरहबा, रसूल की आमद मरहबा के जोशीले नारे लगाए। जुलूस मदरसे से रवाना होकर मछली मार्केट, भुल्लन खां की चौपाल, अशफाक उल्ला खां की मजार, स्टेशन रोड, महिला थाना, मदीना मस्जिद से होता हुआ मदरसे में ही संपन्न हुआ। जुलूस के दौरान रास्ते में लोगों ने बच्चों को लंगर वितरित किया। समापन पर सईद अत्तारी ने कहा कि इस खुशी के मौके पर सभी को घर-प्रतिष्ठान सजाकर ईद मिलादुन्नबी मनाना चाहिए। नजरो न्याज़ कराना चाहिए। इस मौके पर मो. मोईन, दानिश, मो. अनस, मो. ज़ीशान, अब्दुल मन्नान, मो. हुसैन, मुजाहिद हसन आदि का सहयोग रहा।


ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकालते मदरसा अत्तारिया के बच्चे। ● अमृत विचार

# गुरुद्वारा कुटिया साहिब में कीर्तन सुन संगत निहाल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** श्री गुरु नानक आश्रम गुरुद्वारा कुटिया साहिब के संस्थापक संत बाबा सुखदेव सिंह महाराज की पुण्यतिथि कार्यक्रम के दूसरे दिन भी सैकड़ों महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे गुरुद्वारा में हाजिरी लगाने पहुंचे। श्रद्धालुओं ने बाबा सुखदेव सिंह के जीवन के बारे में जानकारी हासिल की और लंगर में अमृतरूपी प्रसाद छका। इस अवसर पर अमृत संचार भी किया गया। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने भी कुटिया साहिब पहुंचकर गुरु महाराज के दरबार में मत्था टेककर आशीष लिया।

गुरुद्वारा कुटिया साहिब में संत सुखदेव सिंह जी के लिए नवनिर्मित हाल को महिला संगत द्वारा श्रद्धा के साथ कारसेवा कर भव्यता प्रदान की गई। रविवार को हुए कार्यक्रम में ज्ञानी गुरदीप सिंह ने संत बाबा सुखदेव सिंह जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। संगत ने गुरु श्री ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेककर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। दरबार हाल में कथावाचक रागी गुरविंदर सिंह और भाई हरी सिंह जी ने गुरुओं का जनकल्याण से ओतप्रोत संदेश सुनाया। इसी कड़ी में श्री अखंड पाठ साहिब के मध्य अरदास के उपरांत कीर्तन दरबार सजा, जिसमें से नानकसर से आए भाई सोमप्रीत सिंह ने कीर्तन के माध्यम से संगत को निहाल किया।


गुरुद्वारा कुटिया साहिब के संस्थापक संत बाबा सुखदेव सिंह महाराज की पुण्यतिथि कार्यक्रम में उमड़ी सिख संगत। ● अमृत विचार

- संत सुखदेव सिंह महाराज की पुण्यतिथि पर हुए सिख समागम में उमड़े श्रद्धालु, मुख्य कार्यक्रम आज
- वित्त मंत्री ने सुरेश खन्ना ने भी दरबार में टेका मत्था दिनभर लोगों ने लंगर में छका अमृतरूपी प्रसाद


गुरु ग्रंथ साहिब के दरबार में मत्था टेक आशीष लेते श्रद्धालु।

### श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे हैं स्वयंसेवी



गुरुद्वारा में नि:शुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया, जिसमें डायबिटीज के साथ स्वास्थ्य जांच भी की गई। खास बात यह है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, साइकिल स्टैंड, जोड़ा सेवा, लंगर सेवा समेत अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी स्वयंसेवियों ने स्वयं ले रखी है। गुरुद्वारा समेत आसपास का पूरा एरिया बिजली की झालरों और झंडियों से सजाया गया है। सोमवार को मुख्य कार्यक्रम होगा। व्यवस्था में समिति संरक्षक राजेंद्र सिंह, अध्यक्ष नवनीत कौर, हरभजन सिंह प्रूथी, अरविंदर सिंह, जसबीर सिंह, कोमल सिंह, पूरन सिंह, परमवीर सिंह, हरनाम सिंह, पवन कुमार, रविंद्र सिंह नेता जी, प्रमीत सिंह होरा,

# कार्यकर्ताओं के परिश्रम से विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी भाजपा

- केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने प्रसाद भवन में साथियों से की मुलाकात

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** केंद्रीय वाणिज्य, उद्योग और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने रविवार को अपने आवास पर जिले भर से आए जनप्रतिनिधि, पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में जनता की समस्याओं का निराकरण कराएं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री बिना रुके, बिना थके राष्ट्र के समग्र विकास के लिए अपने जीवन को समर्पित किए हुए उसी प्रकार हम सभी को अपने-अपने क्षेत्रों में जनता के लिए समर्पित रहना चाहिए। कहा कि आज भाजपा ऐसे ही नहीं विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है, इसके पीछे सभी कार्यकर्ताओं का परिश्रम शामिल है। सभी अपने-अपने क्षेत्रों के प्रत्येक बूथ के प्रत्येक घर तक पंहुच कर पार्टी के साथ लोगों को जोड़ने में अपना योगदान प्रदान करें।

उन्होंने कहा कि जनपद में सभी जनप्रतिनिधि हमारे दल के हैं इसलिए जनता की अपेक्षाएं भी हमीं से हैं। उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने में कोताही न बरतें। इस अवसर पर सांसद अरुण कुमार सागर, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, महापौर अर्चना वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, एमएलसी सुधीर गुप्ता, विधायक चेतराम, अरविंद सिंह, सलोना कुशवाहा, मंत्री के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र, वीरेंद्र पाल यादव, भूपेंद्र सिंह, अवधेश दीक्षित, अनिल तिवारी, प्रशांत कठेरिया आदि रहे।


प्रसाद भवन में पदाधिकारियों से मिलते केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद।

# रंजिशन युवक को धारदार हथियार से किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** पुरानी रंजिश में एक युवक को धारदार हथियार से घायल कर दिया। घायल युवक को सीएचसी से मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। कटरा क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी बलबीर ने बताया कि गांव के अजय कुमार एवं बबलू से रंजिश चल रही है। शनिवार की शाम छह बजे सिउरा गांव में उसके पुत्र अंकुर को घेर लिया और गाली देने लगे। विरोध करने पर उसके बेटे को धारदार हथियार से घायल कर दिया। शोर शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। परिवार वाले घायल को लेकर सीएचसी पर आए। डॉक्टर ने घायल को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

Rohilkhand
INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
दिल्ली का जाना-माना IVF सैन्टर
RISAA IVF
Creating life.... completing families.
अब अधूरे सपने होंगे पूरे
निःसन्तानता निवारण टेस्ट ट्यूब सैन्टर
निःशुल्क IVF कैम्प
निःसंतान दम्पत्तियों हेतु

दिनांक : 13 व 27 सितम्बर 2024
दिन शुक्रवार
समय : प्रातः 10:00 से 02 बजे तक
अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !
शिविर में उपलब्ध सुविधायें :-
★ निःसन्तानता सम्बन्धित जाँचें
★ टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर
★ परामर्श मुफ्त ★ लैब टेस्ट भारी छूट पर
★ इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड मात्र 200/- में
विशेषतायें:-
★ 25 वर्षों के अनुभव के साथ।
★ ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
★ उच्चतम सफलता दर ★ विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
देश विदेश में हजारों दम्पत्ति हुए लाभान्वित आइये आप भी यह उम्मीद पाएं.....
शिविर स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं० 6398018900

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी

Neuropsychiatrist

M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.

(के.जी.एम.यू. लखनऊ)

भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली

मिलने का समय

सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक

गुरुवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमेंशिया
- याददाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक

100 फिटा रोड, बरेली।

Mob. 08126922960

Clinic : 7409944400



सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)

बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान

कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है

Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।

Helpline No. 8439818102 7451039913

स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202


# विकास की गंगा: 5 रुपये में गली पार करते हैं लोग

## मधुबन कालोनी के लोगों को कई सालों से मिलता आ रहा है परेशानी को हल कराने का आश्वासन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** प्रदेश में भले ही विकास की गंगा बह रही हो लेकिन जिले की मधुबन कालोनी में विकास का पहिया नहीं बल्कि नाली का गंदा पानी बह रहा है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से यह समस्या सालभर बनी रहती हैऔर बरसात में बढ़ जाती है। यहां रहने वाले लोग घर से निकलकर गंदे पानी को पार करने के लिए पांच रुपये रिक्शे वाले को देते हैं। रिक्शा चालक एक बार में चार लोगों को गंदा पानी पार कराने के लिए हरेक से पांच रुपये लेता है। पांच रुपये नहीं देना चाहते हैं तो वह लोग दो किमी चक्कर लगाकर गंतव्य तक जा रहे हैं। जनप्रतिनिधि हर बार आश्वासन देकर जनता को बेवकूफ बनाते आ रहे हैं। अब फिर सर्वे कराने और रिपोर्ट आने की बात कही जा रही है। समस्या को हल करने की कोई समय सीमा जनप्रतिनिधि भी नहीं दे पा रहे हैं।

एक ओर सड़कों का जाल बिछा रही है। वहीं दूसरी ओर शहर में ऐसे मोहल्ले भी हैं जो आज भी जलभराव की समस्या से दिन रात जूझ रहे हैं। छोटे स्कूली बच्चे महिलाएं मात्र तीस मीटर में जलभराव पार करने को ई रिक्शा चालकों को पांच रुपए किराया देकर दूसरी पार पहुंच रहे हैं। मोहल्ले के लोग दिन रात पालिका प्रशासन को कोस रहे हैं। सड़क के दोनो ओर नाली के पानी का निकास न होने पर हर समय दरिया सा बना रहता है। सड़क के दोनो ओर रहने वाले लोग गंदे पानी की दुर्गन्ध के बीच भर पेट खाना भी नहीं खा पा रहे हैं। शहरों के सौंदर्यीकरण को नगर पालिका व नगर पंचायतों को करोड़ों की धनराशि दे रही है। लेकिन शहर की मधुवन कॉलोनी के लोगों की समस्या का समाधान नगर पालिका नहीं कर पा रही है। रेलवे स्टेशन के निकट मधुवन कॉलोनी में कई बड़े राजनीतिक लोग भी रहते हैं। कुछ अधिकारी है तो कुछ लोग व्यापार से जुड़े हैं। बच्चों के लिए एक स्कूल भी है और स्कूल के सामने वाली सड़क पर कई सालों से जलभराव की समस्या बनी है। सड़क नीचे होने के कारण दोनो ओर बनी नालियों का पानी आगे नहीं निकल पा रहा है और सड़क पर ही भरा रहता है। इससे स्कूल, रेलवे स्टेशन, बाजार आने जाने वाले लोग जलभराव के कारण दो किमी का चक्कर काट कर गन्तव्य तक पहुंचते हैं या फिर 30 मीटर का जल भराव पार कराने को ई रिक्शा चालक पांच रूपए वसूलते हैं। जलभराव के दोनो ओर घर मकान हैं। लोग किसी तरह कूद फांद कर घर में घुसते हैं। लेकिन पालिका प्रशासन के साथ साथ जनप्रतिनिधियों की नजरें भी यहां रहने वाले लोगों की समस्या की ओर नहीं गई हैं। राम सिंह बताते हैं कि इस गली में स्कूल भी है। जहां सैकड़ो बच्चे शिक्षक आते जाते हैं। फिर भी इस सड़क की दशा सुधारने को कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है।



मधुवन कॉलोनी में रोड पर भरा पानी।

- **अफसर और जनप्रतिनिधि के पास समस्या के समाधान की समय सीमा नहीं**



इस कॉलोनी में कई सालों से पानी भरा रहता है। कई बार पालिका के अधिकारी आए, गली को देख कर लौट गए। किसी ने कुछ नहीं किया। अब लोग इस दशा को देख कर स्वयं पर गुस्सा कर रहे हैं। -सुनीता सिंह



हम तो रोज सुबह शाम इस सड़क से गुजरते हैं। घंटो खड़े रहते हैं। आटो वाले पांच रुपए मांगते हैं। कोई सवारी मिल जाती है तो उस पार निकल जाते हैं। सबसे बड़ी समस्या है जलभराव की। -रामरती



जिले के अखबार वाले पालिका प्रशासन के खिलाफ नहीं लिखते हैं। सब लोग अपने काम की बात करते हैं। पालिका अध्यक्ष को लिखित शिकायती पत्र दिया गया। लेकिन स्थिति वहीं ढाक के तीन पात रही। -संजय पाठक



जिला प्रशासन को कई बार सड़क पर जलभराव की समस्या से अवगत कराया गया मगर कभी किसी ने ध्यान नही दिया। आज सड़क पर तालाब सा बना हुआ है। पैदल चलने वाले परेशान होते हैं। -सागर सत्यार्थी

मधुवन कॉलोनी कुछ निचले स्थान पर है। पानी निकास की व्यवस्था के लिए पहले सर्वे कराया जाएगा उसके बाद नाली के पानी के निकास की व्यवस्था होगी। कई बार शिकायती पत्र भी मिले हैं। अब मधुवन कॉलोनी को देखा जाएगा। वहां का पानी किस तरफ को निकाला जाए। सर्वे करने के बाद स्थिति साफ होगी। इस पर काम किया जाएगा। -फात्मा रजा, पालिका अध्यक्ष

## अंगेसी गांव में ग्रामीणों को दी रोगों की जानकारी

बदायूं, अमृत विचार : रविवार को मलेरिया निरीक्षक दर्पण कुमार द्वारा ब्लॉक म्याऊ के ग्राम अंगेसी में संक्रामक रोगों के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया।ग्राम वासियों को बताया गया कि मच्छर जनित बीमारियां संक्रामक रोग कहलाती हैं। इसलिए घर में और बाहर सफाई रखनी चाहिए। गांव में मलेरिया की जांच की गई। धनात्मक रोगियों को दवा दी गयी।

कई मरीजों को अपने सामने ही दवा खिलाई गई। विगत दिनों में गांव में मिले मलेरिया धनात्मक रोगियों का फॉलोअप भी किया गया। जिस रोगी ने दवा नहीं खाई थी उसको आज की दवा अपने सामने ही खिलाई गई। साथ ही ग्राम में हो रहे स्प्रे का ब्लॉक म्याऊं के चिकित्सा अधीक्षक द्वारा निरीक्षण भी किया गया ।

# जिला अस्पताल में छुट्टा गोवंश से खतरा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : मरीजों के इलाज को बनाया गया जिला अस्पताल अब छुट्टा गौवंश का बसेरा बन चुका है। छुट्टा गौवंश रात दिन वार्ड और बरामदे में घूमते रहते हैं, वहां पर गंदगी करते हैं, जिससे मरीजों और तीमारदारों को भारी परेशानी होती है। परेशान तीमारदारों ने सुरक्षा कर्मियों से शिकायत करते हुए गौवंश को अस्पताल से बाहर करने की मांग की है।

रविवार को जिला अस्पताल में वार्ड में और वार्ड के बाहर बरामदे में कई गौवंश घूमते दिखे। वार्ड के बाहर तीमारदार जहां खाना खाते हैं वहां पर गोवंश घूमते रहे। अस्पताल का मुख्य गेट हर समय खुला रहता है इसलिए छुट्टा गोवंश अस्पताल के अंदर घूमते रहते हैं।



वार्ड और बरामदे में घूमते हैं गोवंश।

जिला महिला अस्पताल में शुक्रवार को छुट्टा गौवंश ने एक महिला को सींगों पर उठा कर फेंक दिया जिससे महिला घायल हो गयी। घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सीएमएस डा. कप्तान सिंह ने बताया कि अस्पताल प्रांगण में जगह जगह घास है इसलिए गौवंश अंदर आकर घास खाते हैं लेकिन कुछ गोवंश वार्ड और बरामदे तक पहुंच जाते हैं। इसके लिए सुरक्षा कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि अस्पताल में कहीं भी गोवंश दिखाई दे तो उन्हें तत्काल बाहर निकाले।

### महिला पूर्व सैनिकों ने संभाली अस्पताल की सुरक्षा

बदायूं, अमृत विचार : जिला महिला अस्पताल में अब बाहरी लोगों से पूछताछ के बाद उन्हें प्रवेश दिया जाएगा।। बाहरी लोग किसी वार्ड में घुस नहीं पाएंगे और प्रसतूा कक्ष में एक तीमारदार से अधिक को रहने नहीं दिया जाएगा। साथ ही वार्ड में बैठकर खाना खाने और वहां गदंगी फैलाने वालों से ही गंदगी साफ कराई जाएगी। यह काम महिला अस्पताल की सुरक्षा में तैनात में महिला पूर्व सैनिक करेंगी। महिला सुरक्षा कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि बाहरी लोगों से पूछताछ करें, उन्हे किसी वार्ड में न घुसने दिया जाए। प्रसूता कक्ष में एक तीमारदार से अधिक को न रहने दिया जाए। वार्ड में बैठ कर कोई भी खाना नहीं खाएगा। गंदगी नहीं करेगा। खाने की चीजों को इधर उधर फेंकने वाले से ही सफाई कराई जाएगी। आशा वर्कर भी वार्ड में नहीं रहेंगी वहां केवल स्वास्थ्य कर्मी ही रह सकेंगे। जिला महिला अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पूर्व सैनिक महिलाओं ने संभाल ली। अब वे उपरोक्त काम संभालेगी। जिला महिला अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था के लिए तीन महिला पूर्व सैनिकों की तैनाती की गई है। बरेली पूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड से भेजी गई तीन महिला पूर्व सैनिकों को अस्पताल प्रशासन ने तैनाती भी दे दी है। यह पूर्व सैनिक महिला अस्पताल में प्रथम द्वितीय व तृतीय तल पर महिला वार्ड में रहकर व्यवस्थाएं संभालेगी। महिला अस्पताल की सीएमएस डा. इंदु कांत वर्मा ने बताया कि महिला सुरक्षा कर्मी महिला वार्ड की सुरक्षा संभालेगी जिला महिला अस्पताल में अब शोर शराबा हंगामा करने वालों को अस्पताल से बाहर कर दिया जाएगा।

## छात्रवृति परीक्षा में तीन छात्र चयनित

बदायूं, अमृत विचार : कादरचौक विकास क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय गंगपुर पुख्ता में चलाये जा रहे नवाचार हम होंगे कामयाब, को इस वर्ष भी कामयाबी मिली है। इस वर्ष राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में विद्यालय के तीन छात्र चयनित हुए हैं। इसके अतिरिक्त प्राथमिक स्तर पर दो छात्र प्रतिष्ठित परीक्षा नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में चयनित हुए हैं। एक छात्रा का चयन आश्रम पद्धति विद्यालय में हुआ है। अब तक 13 छात्र छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल हो चुके हैं।

# कमजोर बच्चों की लगेंगी विशेष कक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचारः पढ़ाई में कमजोर बच्चों की शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए माध्यमिक स्कूलों में उपचारात्मक कक्षाएं संचालित की जाएंगी। इन कक्षाओं में उन बच्चों को शामिल किया जाएगा जिन्हें हिन्दी गणित, अग्रेजी विज्ञान विषय को समझने में परेशानी हो रही है। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने शिक्षकों को विषयवार कक्षाओं के लिए प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है।

जिले में 304 माध्यमिक विद्यालय संचालित हैं। इनमें 39 राजकीय, 45 वित्त पोषित व शेष वित्तविहीन स्कूल हैं। इनमें एक लाख के आस पास विद्यार्थी पंजीकृत हैं। माध्यमिक स्कूलों में तमाम विद्यार्थी ऐसे हैं जो हिन्दी अंग्रेजी विज्ञान गणित में कमजोर हैं। इन विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर पर में सुधार लाने के लिए उपचारात्मक कक्षाएं संचालित होंगी। जिससे पढ़ाई में अच्छे विद्यार्थियों के समकक्ष इन्हें बनाया जा सके। डीआईओएस डा. प्रवेश कुमार ने बताया कि उपचारात्मक कक्षाएं संचालित करने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। उनके द्वारा पढ़ाई में कमजोर बच्चों का चयन कर उपचारात्मक कक्षाएं संचालित की जाएंगी। जिससे बच्चे बढ़ाई में बेहतर हो सकें। साथ ही स्कूलों का रिजल्ट भी बेहतर हो सके।

### इन विषयों की लगेंगी उपचारात्मक कक्षाएं

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि उपचारात्मक कक्षाओं में कक्षा नौ व दस के लिए विज्ञान, गणित, हिंदी व अंग्रेजी विषय को शामिल किया गया है। तथा कक्षा 11 व 12 के लिए गणित, अंग्रेजी, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान व जीव विज्ञान विषय शामिल किए गए है। कमजोर छात्रों के लिए स्कूल के अतिरिक्त उपचारात्मक कक्षाओं का संचालन किया जाएगा।

## स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसव कक्ष बनाने की मांग

दबतोरी अमृत विचार : बिसौली विधानसभा क्षेत्र के दवतोरी स्थित सरकारी अस्पताल में आरोग्य मेले का आयोजन किया गया।

आरोग्य मेले में मरीजों की शुगर, बीपी, पीलिया आदि की जांच चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जहीर अहमद, फार्मासिस्ट समद अली, की देख रेख में की गयी। सुनील सिंह डॉक्टर ओमेंद्र सिंह, किशोर सिंह, अनोज सिंह, टीटू सिंह, दिनेश सिंह, बंटी सिंह, आदि ने दबतोरी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डिलीवरी रूम संचालन करने की मांग की है।

# सड़कें बनी तालाब, सरकारी आवास भी लगे टपकने



सड़क के तालाब बन जाने से राहगीरों को हो परेशानी हो रही है। ● अमृत विचार

संवाददाता, कुंवर गांव

अमृत विचार : विकास के दावों के बीच कस्बे में सड़कें तालाब बन चुकी हैं। पहले लोग गड्ढेदार सड़कों से परेशान थे अब उन सड़कों पर हुए जलभराव ने आवागमन को रोक दिया है।

कस्बे के चौराहे से आगे और पीछे सड़कों पर पानी बह रहा है। सड़क में गहरे गहरे गड्ढे होने के कारण जलभराव हो गया है। राहगीर पानी में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। पानी से राहगीरों को होकर निकलना पड़ रहा है। छोटे-छोटे वाहन पानी में पलट रहे हैं। उन्हे धक्का देकर पानी से निकालना पड़ता है। ई-रिक्शा पानी में पलट जाते हैं। मुख्यमंत्री से ग्रामीणों की शिकायत के बाद लोक निर्माण विभाग सड़क पर पत्थर डालकर चला गया। अब उसी मार्ग पर बारिश से जलभराव से लोगों को आवागमन में परेशानी पैदा कर रहा है। बाजार चौराहे से पहले थाने के पास एक वर्ष पहले पुलिया टूटी पुलिया को दुरुस्त कराकर लोक निर्माण विभाग ने आवागमन तो चालू करा दिया लेकिन पुलिया की मरम्मत कराना भूल गया है।

## उझानी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का छज्जा टूटकर गिरा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : जिला अस्पताल परिसर में बने सरकारी आवास पूरी तरह जीर्ण क्षीर्ण दशा में हैं बारिश में कई आवासों में पानी टपक रहा है। सीएमएस के आवास में भी बारिश का पानी टपक रहा है जिससे उन्हे परेशानी हो रही है।

जिला अस्पताल करीब 98 साल पुराना है। तभी से सभी बिल्डिंग बनी खड़ी हैं। अस्पताल कार्यालय और वार्डो की तो समय समय पर मरम्मत होती रहती है मगर सरकारी आवासों की आज तक मरम्मत नहीं हुयी है। जिससे सरकारी आवासों की दशा पूरी तरह जर्जर हो चुकी है छले तीन दिन तक हुयी भारी बारिश में दर्जन भर आवासों में पानी टपकता रहा। यहां तक कि सीएमएस के आवास की छत से भी पानी आता रहा। जिससे उन्हे अपना सामान बाहर निकलना पड़ा।



सीएचसी भवन का टूटा छज्जा। ● अमृत विचार

इसी तरह अन्य आवासों में रहने वाले डाक्टर व अन्य कर्मचारी बारिश में किसी तरह समय गुजारते हैं। इन भवनों की दशा ऐसी है कि कभी भी गिर सकते हैं।सीएमएस डा. कप्तान सिंह ने बताया कि जिला अस्पताल के आवासों की मरम्मत के लिए पिछले साल शासन को पत्र लिखा गया और जल्द मरम्मत कराने की मांग की गयी मगर उस पत्र पर ध्यान नही दिया गया।

उधर उझानी में सीएचसी के जर्जर भवन का छज्जा अचानक टूट कर गिर गया जिससे आसपास भगदड़ मच गयी।पंजाबी कॉलोनी रोड पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का जर्जर भवन है। इसी भवन में मरीजों को भर्ती किया जाता है। और डॉक्टर कर्मचारी भी बैठते हैं। सुबह नौ बजे एक जर्जर भवन का छज्जा अचानक तेज आवाज के साथ गिर गया। जिससे आस पास भगदड़ मच गयी। हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई। लेकिनलोग दहशत में हैं।

## पालिका अध्यक्ष ने किया स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन



बदायूं, अमृत विचार : रविवार को नगर पालिका प्रांगण में रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल बरेली की ओर से निशुल्क हृदय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका फीता काटकर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष फात्मा रजा ने उद्घाटन किया। फात्मा रजा ने कहा कि शिविर में लोगों की निशुल्क जांच की जाएगी। इस तरह के शिविर जनहित में लगाए जाते हैं जिससे लोगों को राहत मिलती है। उन्होंने कहा कि आज महंगे दामों पर जांच प्राइवेट अस्पतालों में की जाती है लेकिन यहां पर लगाए गए शिविर में किसी को कोई पैसा नहीं देना है। यह पुण्य का कार्य है। डॉक्टर अदिति रस्तोगी वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ ने नगर पालिका अध्यक्ष फात्मा रजा का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में डॉक्टर अदिति रस्तोगी तथा मेडिकल स्टाफ, खालिद अली खां, सचिन सक्सेना आदि रहे।

# अवैध संबधों में युवक की पीटकर हत्या

### आठ दिन पहले दिल्ली जाने को घर से निकला था नेम सिंह, परिजन ने दी हत्या की तहरीर

संवाददाता, म्याऊं/उसावां

- परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद होगी आगे की कार्रवाई

अमृत विचार : घर से आठ दिन से लापता युवक गांव की एक महिला के साथ आपत्तिजनक अवस्था में पति ने देख लिया। कमरे में वह दृश्य देखकर पति आपा खो बैठा और युवक को जमकर पीटकर मरणासन्न हालत में खेत में फेंक दिया। अस्पताल ले जाते समय उसकी रास्ते में मौत हो गई। युवक के परिजनों ने महिला के परिजनों पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।



मृतक नेम सिंह।

थाना उसावां क्षेत्र के गांव वमनपुरा निवासी नेम सिंह (26) आठ दिन पहले दिल्ली जाने की बात कहकर घर से निकला था। रविवार सुबह वह लगभग आठ बजे पास के गांव में एक महिला के साथ उसके घर में आपत्तिजनक हालत में मिला। किसी ने महिला के परिजनों को सूचना दे दी। जानकारी होते ही महिला का पति घर पर आ गया। कमरे की कुंडी खोली तो उसने युवक को अपनी पत्नी के साथ आपत्तिजनक हालत में देखकर महिला के पति ने गुस्से में आग बबूला होते हुए युवक नेमसिंह को जमकर पीटा। ग्रामीणों के अनुसार नेम सिंह वहां से चला गया था। जिसके बाद दोपहर लगभग दो बजे नेम सिंह गांव वमनपुरा के पास मनोज मिश्रा के खेत के पास बेहोशी की हालत में मिला। गांव मंशा नगला निवासी युवक के रिश्तेदारों की सूचना पर नेम सिंह के परिजन मौके पर पहुंचे। तब तक वह कराह रहा था। परिजनों को उसने बताया कि उसे पीटा गया है। कुछ देर के बाद मौके पर पुलिस भी आ गई। पुलिस ने नेम सिंह को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मौत के बाद युवक के परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। परिजनों ने महिला के पति समेत छह लोगों के खिलाफ तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक वीरपाल सिंह तोमर ने बताया कि युवक की मौत हुई थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि युवक के साथ मारपीट के बाद विषाक्त पदार्थ खाने से उसकी मौत हुई है।



युवक की मौत पर विलाप करतीं परिजन। ● अमृत विचार

## सुनीता सिंह के निधन पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

बदायूं, अमृत विचार : कुंवरगांव नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय सैनी की पत्नी सुनीता सिंह के आकस्मिक निधन पर रविवार को उनके घर पर कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने श्रद्धांजलि दी। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह ने अजय सैनी के आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए सुनीता सिंह को श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस नेता ने कहा कि नगर अध्यक्ष के पार्टी के लिए किये संघर्षों में उनकी पत्नी का बराबर का साथ रहा है। कहा कि कांग्रेस हाईकमान की ओर से भी आपको सांत्वना पत्र अवश्य आएगा। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जितेंद्र कश्यप, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष असरार अहमद, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष वीरेश तोमर, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव, इगलास हुसैन, महेंद्र पाल मौजूद रहे।

# दुकान जा रही किशोरी से दुष्कर्म, 4 पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बिसौली

- रविवार को राशन लेने के लिए दुकान जा रही थी किशोरी,
- युवक ने बहला-फुसलाकर मकान में बुलाया

अमृत विचार : बिसौली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक दुकान पर जा रही किशोरी को बहला फुसलाकर अपने मकान पर ले गया। उसके साथ गलत काम किया। सूचना मिलने पर किशोरी के परिजन पहुंचे तो आरोपी के परिजनों ने मकान में बाहर से ताला लगा दिया। कहा कि भीतर कोई नहीं है। ग्रामीणों के दवाब में आकर उन्होंने मकान का ताला खोला तो भीतर युवक और किशोरी थे। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली बिसौली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार दोपहर लगभग दो बजे उसकी 16 साल की बेटी राशन लेने के लिए दुकान पर गई थी। रास्ते में गांव निवासी राम ने उसे अपने पुराने मकान में बहला-फुसलाकर बुला लिया। आसपास मौजूद लोगों ने उसकी बेटी को बुलाकर मकान में ले जाते देखा लेकिन काफी देकर वह वापस नहीं आई तो लोगों ने किशोरी के पिता को सूचना दी। वह मौके पर पहुंचे। आरोपी राम के परिजनों ने मकान पर ताला लगवा दिया और कहा कि इस मकान में कोई भी नहीं है। विरोध करने पर उन्होंने किशोरी के पिता से गाली-गलौज की। ग्रामीणों के दवाब बनाने पर उन्होंने ताला खोला। भीतर राम और किशोरी थी। आरोप है कि राम ने उसके साथ गलत काम किया है और खुलेआम उन्हें चेतावनी दी। पुलिस ने आरोपी राम, सुनील, अनिल, टिंकू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।।

# रैली निकालकर किसानों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



नायब तहसीलदार को ज्ञापन देते किसान। ● अमृत विचार

संवाददाता, पुवायां

- कार्यकर्ताओं ने निकाली रैली ओर राजीव चौकी पर किया प्रदश्नन

अमृत विचार: किसान मजदूर सेवा कल्याण समिति के कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर डीएम को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। इस दौरान समिति कार्यकर्ताओं ने राजीव चौक पर प्रदर्शन भी किया।

ज्ञापन में आवारा पशुओं की समस्याओं से निजात दिलाए जाने, सभी पात्रों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिए जाने, सदापुर से समुलिया होते हुए पुवायां तक दो किलोमीटर मार्ग का निर्माण कराए जाने, नवाबपुर गंगा पुल के पार भटूयरा मंडी तक बिजली व्यवस्था किए जाने, प्रत्येक पांच वर्ष में ग्राम प्रधान पद के चुनाव के साथ कोटेदार का चुनाव कराए जाने, गांव मुड़िया कुर्मियात से मरेना गांव तक डेढ़ किलोमीटर रोड का निर्माण कराए जाने, गांव जठियापुर बुजुर्ग में हाईटेंशन लाइन के तार नीचे हैं, जिनको सही कर जाने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्नालाल मिश्रा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने को एकजुटता जरूरी

बदायूं, अमृत विचार : रविवार को शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष असरार अहमद की अध्यक्षता में शहर कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन को मजबूती प्रदान करने को एकजुटता के साथ काम करने का आवाहन किया गया।

जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह ने कहा हम सबको मिलकर संगठन को मजबूत करना है। जिससे आने वाले चुनावों में मजबूती से अपने आप को दिखा सकें। प्रदेश कांग्रेस सचिव जितेंद्र कश्यप ने कहा कि शहर में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए वार्डो में जाकर लोगों की समस्या जाने और उन समस्याओं का निस्तारण कराएं। जिससे लोगों का विश्वास हासिल कर सकें। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष असरार अहमद, पूर्व एआईसीसी सदस्य मुन्ना लाल सागर ने भी विचार व्यक्त किये। संचालन रफत अली खान ने किया। अख्तर खान उर्फ बबलू, हाजी नाजिर, अकील अहमद, सूरजपाल सोलंकी रहे।

# 7 दिन में दो चोरियों का किया खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

आठ सितबंर को दो स्थानों पर हुई चोरियों में शामिल पांच आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस के सामने चोरों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। चोरी किये गहनों को बेचने और रुपयों को खर्च करने की बात चोरों ने कबूल की है जबकि कुछ गहनों को पुलिस ने बरामद भी किया है। ट्रैक्टर ट्राली चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर ट्राली को बरामद करने में पुलिस ने सफलता प्राप्त की है। एक चोर फरार है उसे भी शीघ्र पकड़ने का दावा पुलिस ने किया है। ज्वालापुर में दो दोस्तों ने मिलकर चोरी की थी।

**ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी करने के तीन आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल : बदायूं :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव खेड़ा बुजुर्ग निवासी वकील पुत्र रहीसुल हसन ने पुलिस को सूचना दी थी कि किसी ने 8 सितंबर की रात उनके ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह टीम के साथ रविवार को गांव भगवती घेर के रास्ते से ट्रैक्टर-ट्राली के साथ तीन संदिग्ध लोगों को पकड़ा। पकड़े गये लोगों ने अपना नाम थाना अलापुर क्षेत्र के गांव अभियासा निवासी कुशवीर पुत्र वेदराम, मम्मन चौक निवासी अरशद हुसैन पुत्र करार हुसैन, उसावां थाना क्षेत्र के गांव रिठिया निवासी मोहम्मद शमीम पुत्र दिलदार बताया। जबकि उनका फरार साथी अलापुर क्षेत्र के गांव चितौरा निवासी चिम्मन लाल पुत्र मोतीलाल है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सुमित कुमार, हेड कांस्टेबिल मनोज कुमार, कांस्टेबिल अंकुर कुमार, प्रदीप कुमार, आशीष कुमार, अविनाश कुमार रहे।



पुलिस की गिरफ्त में ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी करने के तीन आरोपी। अमृत विचार

- जिले में बढ़ रही थीं वारदातें, कई थानों में अनसुलझी है घटनाए,
- अफसरों ने दिखाई सक्रियता तो मातहत भी हुए गंभीर

### ज्वालापुर में चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार, माल बरामद



बदायूं। सहसवानी कोतवाली पुलिस ने गांव ज्वालापुर में दो घरों में हुई चोरियों का खुलासा किया है। चोरों से जेवर नगदी और तमंचा भी बरामद हुआ है। देहात केके सरोज ने बताया कि सहसवान पुलिस ने रविवार सुबह गांव खैरपुर खल्ली मार्ग पर दो संदिग्धों को पकड़कर पूछताछ की। उनके पास से दो तमंचे व दो जिंदा कारतूस, चांदी की हंसली, खडुआ, कंदनी, पायल, तोड़िया और 19 हजार 800 रुपये बरामद हुए। दोनों ने अपने नाम कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव रुदैना निवासी भाय सिंह पुत्र श्यामसुंदर और सहसवान क्षेत्र के गांव चंदनपुर निवासी सत्यवीर पुत्र राजपाल बताए। दोनों ने 8 सितंबर को ज्वालापुर में हुई चोरी की घटना कबूल की है।

### कुंवरगांव पुलिस ने 39.1 किग्रा डोडा छिलका बरामद कर तीन तस्कर पकड़े

कुंवरगांव, अमृत विचार : कुंवरगांव पुलिस ने डोडा तस्करी के तीन आरोपियों को गिरफतार किया है। उनके पास से चार कट्टों में 39 किलो 100 ग्राम डोडा छिलका बरामद किया। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लगभग साढ़े तीन लाख रुपये है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेजा दिया है। एसपी देहात केके सरोज ने प्रेसवार्ता करके रविवार को जानकारी दी। एसपी देहात ने बताया कि थाना कुंवरगांव पुलिस ने शनिवार रात चेकिंग के दौरान शराब ठेका के पास बगिया में मजार के पास तीन संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया उनकी तलाशी में चार कट्टे और डोडा छिलका बरामद हुआ। आरोपियों ने अपना नाम गांव हसनपुर निवासी राजू पुत्र धर्मपाल, सुरेंद्र कुमार पुत्र बाबूराम और वीरपाल पुत्र होरी लाल बताया। पुलिस की पूछताछ में सुरेंद्र ने बताया कि उसके पास अफीम की खेती का लाइसेंस है। फसल करने के बाद वह कुछ डोडा छिलका रख लेते हैं और निर्माणाधीन राजमार्ग पर मजदूर और डंफर चालकों को बेच देते हैं। शनिवार को भी वह डोडा छिलका बेचने आए थे। तभी पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। पुलिस ने तीनों से पूछताछ के बाद सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक ओमपाल सिंह, हेड कांस्टेबिल गिरिराज सिंह, कांस्टेबिल आदेश पिलानिया, हरीश कुमार, मोहम्मद सरताज रहे।

### नौ घंटे चले अभियान में 87 वारंटी गिरफ्तार

बदायूं, अमृत विचार : शासन के निर्देश पर वारंटियों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। शनिवार रात पुलिस ने नौ घंटों तक अभियान चलाया और 87 वारंटियों को गिरफ्तार किया। सभी को कोर्ट में पेश किया। एसपी देहात केके सरोज ने रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता की। जिसमें उन्होंने बताया कि शनिवार रात 8 बजे से रविवार सुबह 5 बजे तक अभियान चलाया गया था।

KESHLATA INTERNATIONAL SCHOOL
NAVADIYA JHADA, BISALPUR ROAD BAREILLY 243006
REQUIRED TRAINED
EXPERIENCED & QUALIFIED STAFF
AS PER C.B.S.E. NORMS FOR THE
SESSION 2024-25
P.G.T. and T.G.T. FOR ALL SUBJECTS
LAB ASSISTANTS -2 RECEPTIONIST - 1
Candidates must be fluent in written and spoken English.
Kindly share your resume on the following mail ID klisbly@gmail.com
PRINCIPAL

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# कलुआ नगला गांव में पत्नी से विवाद के बाद युवक ने दी जान

संवाददाता, कादरचौक

- पत्नी व बच्चों को पीटा आत्महत्या करने की धमकी दी
- शनिवार को पत्नी से विवाद के बाद कमरे में गया था युवक

अमृत विचार : थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव कलुआ नगला में एक युवक का शव फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पुलिस पहुंची। युवक के परिजनों ने उसके साले और पत्नी पर हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है।



मृतक जुगेंद्र।

गांव कलुआ नगला निवासी जुगेंद्र (33) पुत्र हीरालाल खेती करते थे। उनकी शादी जिला शाहजहांपुर के थाना कलान क्षेत्र के गांव मलेवा निवासी सीमा के साथ हुई थी। जुगेंद्र शराब पीने के आदी हो गए थे। चार दिन पहले उनका साला कल्लू उनके घर आया था। 14 सितंबर को जुगेंद्र शराब पीकर घर पहुंचे। अपनी पत्नी और बच्चों से मारपीट की। पत्नी को धमकाया कि वह आत्महत्या कर लेंगे। पत्नी ने भी कहा कि अगर बार-बार विवाद किया तो वह अपने मायके चली जाएगी। जिसके वह अपने कमरे में चले गए। सुबह बाहर न आने और किसी भी तरह की आहट न होने पर पत्नी और साले ने छत पर जाकर कमरे में देखा तो जुगेंद्र का शव फंदे पर लटक रहा था। वह चिल्लाए। अन्य परिजन और ग्रामीण आ गए। दरवाजा तोड़कर जुगेंद्र के शव को फंदे से उतारा। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष उदयवीर सिंह पहुंचे। परिजनों ने आरोप लगाया कि युवक की पत्नी और उसके भाई ने जुगेंद्र की हत्या की है। थानाध्यक्ष ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जिसमें हैंगिंग से मौत की बात सामने आई है। थानाध्यक्ष उदयवीर ने बताया कि युवक की मौत हुई थी। पोस्टमार्टम में हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई है। किसी ने तहरीर नहीं दी है। तहरीर आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## पार्श्वनाथ टीम ने रोमांचक मैच में महावीर टीम को 25 रनों से हराया

संवाददाता, बिल्सी

- प्रशांत मैन ऑफ द मैच बने पर्युषण पर्व का आठवां दिन उत्तम त्याग धर्म के रूप में मनाया

अमृत विचार : नगर के मोहल्ला संख्या दो स्थित चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में मनाए जा रहे दस दिवसीय पर्यूषण पर्व का आठवां दिन यहां उत्तम त्याग धर्म के रूप में मनाया गया। प्रवचन दे रहे निखिल जैन ने कहा कि सच्चे मन से कषाय और मिथ्यात्व का त्याग करना उत्तम त्याग धर्म है। आत्म शुद्धि के उद्देश्य से क्रोध, मान, माया और लोभ आदि विकारी भावों को छोडना तथा स्व और पर के उपकार की दृष्टि से अपने उपभोग के धन-धान्य आदि पदार्थों का सुपात्र को दान करना भी त्याग धर्म है। शाम को नीरेश जैन के सानिध्य में क्रिकेट मैच आयोजित किया गया। जिसमें टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। पार्श्वनाथ टीम व महावीर टीम ने हिस्सा लिया। सबसे पहले टॉस पार्श्वनाथ टीम के कप्तान प्रशान्त जैन ने जीता। पहले खेलने का फैसला लिया। पार्श्वनाथ टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 128 रन बनाए। टीम की ओर से सर्वाधिक रन मोना ने 58, प्रशान्त जैन ने 11, नैंसी जैन ने 14, डॉ. आरती जैन आठ, निशा जैन 17 रन नाबाद, तरुण जैन सात, इन्दु जैन ने चार रन नाबाद बनाए। महावीर टीम से बबिता जैन ने सर्वाधिक तीन विकेट एवं स्वीटी जैन, दिव्या जैन ने एक-एक विकेट लिया। 129 रनो का लक्ष्य लेकर उतरी टीम महावीर मात्र 103 रनों पर ढेर हो गई। मयंक ने 27, लकी जैन ने 36, प्रीत जैन 30 रन बनाए।

### आरोग्य मेले में मरीजों ने डाक्टरों का किया इंतजार

नूरपुर पिनौनी, अमृत विचार : नूरपुर पिनौनी में नवीन स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को आरोग्य मेले में पहुंचे मरीजों को घंटों तक डॉक्टर और कर्मचारियों का इंतजार करना पड़ा। 11 बजे पहुंचे डॉक्टर और कर्मचारियों से मरीजों की झड़प भी हो गयी। आरोग्य मेले की औपचारिकता पूरी करने के बाद अस्पताल बंद कर दिया गया। हर रविवार को लगने वाले आरोग्य मेले का लाभ पाने के लिए आस पास के गांवों के दर्जनों मरीज नवीन स्वास्थ्य केन्द्र पर पहुंच गए। यहां साढ़े दस बजे तक ताला लटका रहा। करीब 11 बजे डॉक्टर कर्मचारी नवीन स्वास्थ्य केन्द्र पर पहुंचे। गुस्से से तिलमिलाए मरीजों से कहा सुनी भी हो गयी। देर से आए डॉक्टर और कर्मचारियों ने भी मरीजों को डांट फटकार कर चुप करा दिया बाद में मरीजों को दवा दी गयी और आरोग्य मेले की औपचारिकता पूरी करने के बाद अस्पताल बंद कर दिया गया।

## अपनी बुराइयां छोड़ने की प्रार्थना ही भगवान की सच्ची भक्ति

बिल्सी, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के गांव गुधनी स्थित आर्य समाज मंदिर पर साप्ताहिक सत्संग आयोजित किया गया। यहां सबसे पहले यज्ञ किया गया। उसके बाद सत्संग आयोजित किया गया। जिसमें समाज सुधारक आचार्य संजीव रूप ने कहा कि परमात्मा दो बातों से नाराज होता है, पहली बात भगवान से अपनी जरूरत की चीजें मांगना, दूसरों से फूल फल रुपए पैसे सोना चांदी या भोग पदार्थ चढ़ाना, और वह इसलिए क्योंकि परमात्मा ने हम सब मनुष्यों को शरीर देने से पहले हमारी जरूरत की सब चीजों को बनाकर रख दिया है। हमारी मूलभूत आवश्यकताएं जैसे हवा, पानी, सूरज की रोशनी, औषधियां, वनस्पतियां आदि मुफ्त में निरंतर मिल रहीं हैं। शेष भौतिक वस्तुओं के लिए हमें पुरुषार्थ करना ही होगा। जो व्यक्ति भगवान से ऐसी वस्तुओं के लिए प्रार्थना करता है वह न तो भगवान की व्यवस्था पर विश्वास रखता है और ना ही पुरुषार्थ करता है। दूसरा फूल फल मेवा मिष्ठान सोना चांदी वस्त्र आदि मनुष्यों की जरूरत का सामान है। परमात्मा तो निराकार है।

# गोवंश लदी पिकअप छोड़ी, फिर पकड़ी

संवाददाता, विजय नगला/बिनावर

अमृत विचार : गोवंश भरी पिकअप को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। आरोप है कि पुलिस ने गोवंश को पिकअप से बाहर उतारा और चालक को भेज दिया। मामला अधिकारियों तक पहुंचा तो पुलिस ने पिकअप को चालक समेत पकड़ लिया।

रविवार दोपहर लगभग एक बजे एक पिकअप बरेली-मथुरा राजमार्ग से गांव पुठी सराय होते हुए गांव मोहम्मदी की ओर जा रही थी। गांव पुठी सराय की बाजार में बैठे लोगों को शक हुआ तो उन्होंने पिकअप रोकने के लिए इशारा किया। चालक ने पिकअप नहीं रोकी। ग्रामीणों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। आगे मौजूद ग्रामीणों ने पिकअप रोक ली। ग्रामीणों की भीड़ लग गई और पिकअप को घेर लिया। पिकअप में तीन लोग बैठे थे। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस पिकअप और तीनों लोगों को आगे ले गई लेकिन वहां गोवंश को उतार दिया।

जिसे देखकर ग्रामीणों ने हंगामा किया और उच्चाधिकारियों को सूचना देकर हल्का दारोगा पर आर्थिक समझौता करने का आरोप लगाया। जिसके बाद पुलिस ने पिकअप और उसके चालक को थाने ले गई जबकि दो लोग फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक प्रवेज कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। एक युवक पकड़ा गया है। उसने अपना नाम जिला संभल के थाना हजरतगढ़ी निवासी जयकेश बताया है। उसके साथियों की तलाश की जा रही है।



ग्रामीणों ने पकड़ी गोवंश लदी पिकअप।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मुझे ममता कुमारी उर्फ रेखा पत्नी नन्द किशोर गुप्ता एवं ममता कुमारी पत्नी नंदकिशोर गुप्ता नि. ग्राम पंचायत कादरबारी ब्लॉक सोरों जिला कासगंज दोनों नाम से ही जाना जाता है। यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

Notice
This is to be notify that formerly I was known as Mo. Yamin at the time of post held by the Govt. Servant at Station HQ Cell Bareilly Cantt. in Station HQ Cell Bareilly Court. but now I am known as Mo. Yameen. Please Do assume the name of Mo. Yamin as Mo. Yameen from the date.

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### मीडिया प्रभारी बने इंतजार हुसैन

**बदायूं, अमृत विचार** : जिला अपराध निरोधक कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने मोहम्मद शमशुद्दीन को संगठन का जिला प्रभारी बनाया था। जिला प्रभारी की संस्तुति पर मोहल्ला कबूलपुा निवासी इंतजार हुसैन को मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया है।

### बाढ़ क्षेत्र में राहत कार्य व सामग्री समय से पहुंचाएं अफसर

**बदायूं, अमृत विचार** : बाढ़ क्षेत्र मे पीड़ित परिवारों तक राहत कार्य व सामग्री समय से पहुंचे। पीड़ित के पास पूरा सामान पहुंचे। यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियो काफ्रेसिंग के दौरान अफसरों को दिये। उन्होंने सड़क पर गोवंश नही रहने के भी निर्देश दिये। सीएम डैशबोर्ड के कार्यो की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश मंडल व जिले के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जनहित के विकास कार्यों के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षकों आदि के साथ विकास कार्यक्रमों, त्यौहारों व कानून व्यवस्था आदि बिंदुओं की समीक्षा कर रहे थे। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव सहित पुलिस व प्रशासनिक अफसर वीसी से जुड़े।

# गंगा ने मचाई तबाही, कई गांव बने टापू

## नरौरा से छोड़ा गया डेढ़ लाख क्यूसेक पानी, गंगा और रामगंगा खतरे के निशान से ऊपर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पहाड़ो पर हो रही भारी बारिश ने अब मैदानी इलाकों में तबाही मचानी शुरू कर दी है। गंगा नदियों में उफान आने से तटवर्ती इलाकों में खलबली मच गई है। उसहैत सहसवान के कई गांव टापू बन गए हैं। जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। तहसील प्रशासन ने ग्रामीणों को हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिया है।

नरौरा से शनिवार को एक लाख 62 हजार 668 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया । जो उसहैत, दातागंज ओर सहसवान में तबाही मचाए है। बाढ़ खंड के अधिकारी क्षेत्र में डेरा डाले हैं। कछला गंगा का जलस्तर रविवार को खतरे के निशान से 52 सेमी ऊपर पहुंच गया है। जिससे गंगा के किनारों से लोगों को हटा दिया गया है। स्नान करने वालों को भी घाट से दूर रखा जा रहा है। पुलिस घाटों पर तैनात कर दी गयी है। साथ ही गोताखोर भी लगाए गए हैं।

उसहैत इलाके के निचले इलाकों में गंगा का पानी पहुंच चुका है जिससे जटा, प्रेमी नगला, असमिया रफतपुर, कमलैयापुर ठकुरी नगला सहित दर्जन भर गांव टापू बन गए हैं। मुख्य सड़कों पर पानी पहुंच गया है जिससे यातायात ठप हो गया है। नाव का सहारा लिया जा रहा है। उसावा के बांध पर शुक्रवार की रात से बाढ़ खंड अधिकारी मौजूद हैं। सभी बांधों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए चौकियां सक्रिय कर दी गयी हैं। रामगंगा का जलस्तर भी शनिवार को बढ़ कर 160,82 पहुंच गया जिससे रामगंगा भी उफान पर है। अधिकारियों ने भी सुरक्षा व्यवस्था ठीक रखने के निर्देश दिए हैं।


उसहैत इलाके में उफान मारती गंगा। ● अमृत विचार

### बाढ़ प्रभावित गांवों में राहत सामग्री पहुंचाने के निर्देश

सहसवान की महावा नदी ने एक बार फिर विकराल रूप धारण कर लिया है जिससे बांध के अंदर बसे आधा दर्जन गांवों में बाढ़ आ गयी है। सहसवान तहसील प्रशासन ने बाढ़ से घिरे गांवों को राहत सामग्री पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। महावा नदी में पानी आने से नदी ने अपना आकार बदल लिया है। लोगों को आशंका है अब बाढ़ से भारी तबाही होगी।

### सहसवान के छह गांव टापू बने

**बदायूं,अमृत विचार** : पहाड़ो पर हो रही भारी बारिश ने अब मैदानी इलाकों में तबाही मचानी शुरू कर दी है। गंगा नदियों में उफान आने से तटवर्ती इलाकों में खलबली मच गयी है। उसहैत क्षेत्र के नौ गांव और सहसवान के छह गांव टापू बन गए हैं। नरौरा से आज एक लाख 62 हजार 668 क्यूसेक पानी गंगा में छोड़ा गया है। जिससे गंगा ने विकराल रूप धारण कर लिया है। कछला गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 52 सेमी ऊपर पहुंच गया है। जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी कर दिया है।

### दो हजार एकड़ फसल नष्ट

दातागंज इलाके में गंगा का पानी चारों ओर फैल चुका है जिससे नगरिया खनु के आस पास के सभी गांवों का संपर्क मुख्य सड़क से कट गया है। लोग ट्रैक्टर और नाव से इधर उधर निकल रहे हैं। करीब दो हजार एकड़ फसल नष्ट हो चुकी है। हजरतपुर की मुख्य सड़क पर पानी पहुंच गया है। गढ़िया रंगीन को जाने वाली सड़क पर दो फुट पानी भर गया है जिससे इस रोड पर वाहनों को रोक दिया गया है। दातागंज तहसील प्रशासन ने ग्रामीणों को हर संभव राहत पहुंचाने का भरोसा दिया है।

> नरौरा से आज छोड़े गए पानी से निचले इलाकों में बाढ़ आने का खतरा पैदा हो गया है। बाढ़ खंड बांधों की सुरक्षा में लगा है। ग्रामीणों को भी बाहर निकलने को कहा गया है। कुछ गांवों में पानी घुस गया है इसलिए लोगों को ऊपरी स्थानों पर पहुंचने को कहा गया है। हालांकि अभी स्थिति नियंत्रण में हैं। फिर भी पानी और बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। **–नेशपाल**, सहायक अभियंता, बाढ़ खंड

## स्वयं सेवक गांवों में जाकर संघ के मूल मंत्र को पहुंचाए

**उझानी ,अमृत विचार :** रविवार को ग्राम विस्तारक योजना के सन्दर्भ में बैठक का आयोजन सन्तोष कुमारी श्रवण कुमार अग्रवाल सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संगठन मन्त्र से किया गया। उसके बाद परिचय खण्ड कार्यवाह शैलेन्द्र यादव ने कराया। मुख्य वक्ता संघ चालक विचित्र कुमार ने विस्तार से योजना पर प्रकाश डाला। कहा सभी लोग प्रत्येक गांव में जाकर संघ के मूल मन्त्र को हिन्दुओं तक पहुंचायेगें । ताकि हिन्दू जाग्रत होकर राष्ट्र हित में कार्य करे। मुख्य शिक्षक उमाशंकर ने शाखा लगाने का अभ्यास कराया। प्रार्थना एवं गनगीत का अभ्यास किया गया। थैलों में साहित्य व ध्वज का वितरण किया गया। अभिमान की जिम्मेदारिक विवरण की गयी, शिवकुमार गुप्ता को बसोमा मण्डल, भाजीभ को अवदुल्लागंज मण्डल, योगेश को अहिरवारा भण्डल की सामग्री दी गयी। सकरी जंगल से चार स्वयं सेवक विस्तारक वने। नेत्रपाल शक्या, जेपी सिंह, को सकरी जंगल में विस्तार करने को भेजा गया। राजेंद्र नरऊ व मुकेश को बेनी नगला में विस्तारक भेजा गया। बैठक में लगभग 21 लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### हिन्दी दिवस पर वाद विवाद प्रतियोगिता



**बदायूं,अमृत विचार :** मदर एथीना स्कूल में हिंदी दिवस मनाया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। साथ ही शिक्षकों ने बच्चों को हिन्दी के महत्व से अवगत कराया। बच्चों के बीच नृत्य, हिंदी कैलीग्राफी, निबंध लेखन, वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें प्रथम आने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। विद्यालय की निदेशिका चयनिका सारस्वत ने बताया कि हिंदी भारत की संस्कृति एवं सभ्यता की प्रतीक के रूप में जानी जाती है। जिसका बहुत ही गौरवमयी एवं समृद्धशाली इतिहास रहा है।

### बच्चों ने पोस्टर बनाकर दिखाई प्रतिभा



**ककराला ,अमृत विचार :** कस्बा स्थित न्यू हॉप्स पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में हिंदी दिवस मनाया गया। विद्यालय के छात्रों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। छोटे बच्चों ने हिंदी की ध्वनियों को पहचानने और उसे अभिव्यक्त करने के लिए रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। इसके साथ ही विद्यार्थियों के बीच लेखन और कला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इससे पूर्व शिक्षकों ने बच्चों को हिन्दी का महत्व समझाया। वहीं इसी दिन विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस भी मनाया गया। छात्रों को प्राथमिक चिकित्सा के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें प्राथमिक चिकित्सा किट तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया, ताकि वे आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता प्रदान कर सकें। विद्यालय के एम .डी. अयान खान ने विद्यार्थियों द्वारा की गईं गतिविधियों का निरीक्षण किया।

### इस्लामिक गोष्ठी में पढ़ाया गया नैतिकता का पाठ



**उसहैत ,अमृत विचार** : जमात-ए-इस्लामी हिंद की महिला शाखा की ओर से कस्बा उसहैत के मदरसा दर्सगाह इस्लामी में गोष्ठी में मुख्य वक्ता जमात इस्लामी हिंद महिला शाखा की सचिव डॉक्टर संजीदा आलम ने नैतिकता पर व्याख्यान दिया। महिलाओं से कहा कि मां की गोद ही बच्चे का पहला मदरसा होती है, शिक्षा बेटियों को देना बहुत जरूरी है। क्योंकि एक शिक्षित महिला की अपनी संतानों को बेहतर नैतिकता सिखा सकती है। जिससे बच्चे गलत रास्ते पर जाने से रुक सकते हैं। डॉक्टर इत्तेहाद आलम ने कहा कि युवा पीढ़ी नशे की तरफ बहुत तेजी से बढ़ रही है। इसे रोकना हमारी जिम्मेदारी है और नस्लों को बेहतर संस्कार देना दायित्व है। इस मौके पर सद्भावना मंच की नगर इकाई की भी घोषणा की गई। जिसमें नगर अध्यक्ष पवन मिश्रा, कन्वीनर अबरार अहमद, उप कन्वीनर मोहम्मद नाजिम को नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में रफत गनी, शमशुल हसन, रामप्रकाश गुप्ता, सतीश चंद्र गुप्ता,पवन मिश्रा साबिर अली, छम्मन खान, चांद मियां, शेर मोहम्मद, शाकिर बेगम, तबस्सुम बेगम, समर जहां, साहिबा, अंजुम मौजूद रहे । कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद तैयब खां ने किया।

### अंताक्षरी प्रतियोगिता में शालिनी, मोना व मयंक अव्वल



**बिल्सी ,अमृत विचार** : मोहल्ला संख्या दो स्थित चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में मनाए जा रहे दस दिवसीय पर्यूषण पर्व के सातवे दिन को उत्तम तप धर्म के रूप में मनाया गया। इस दौरान भगवान जिनेंद्र का जलाभिषेक एवं शांतिधारा की गई। यहां प्रवचन दे रहे निखिल जैन ने कहा कि केवल शरीर को तपाना तप नहीं, अपितु इच्छा को रोकना तप है। जिस प्रकार से राग-द्वेष-मोह रूप मैल भिन्न हो जाए तथा शुद्ध ज्ञान-दर्शनीय आत्मा भिन्न हो जाए, वह तप है। कर्मों का संवर तथा निर्जरा करने का प्रधान कारण तप है। तप किये बिना संसार से छुटकारा नहीं होता है। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए , प्रभारी नीरेश जैन द्वारा अंताक्षरी प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। जिसमें पार्श्वनाथ टीम से शालिनी जैन, मोना जैन, मयंक जैन अव्वल रहे। इस मौके पर मीडिया प्रभारी प्रशान्त जैन, मृगांक जैन, अनिल जैन सोनी, डॉ. आरती जैन, ज्योति जैन, सीमा जैन, मोना जैन, सुनीता जैन, दिव्या जैन, राखी जैन, अजीत जैन, दीपू जैन, प्रीत जैन, सुनील जैन, पप्पू जैन पंकज जैन, गगन जैन, निखिल जैन आदि मौजूद रहे।

# नगर पंचायत मुड़िया धुरेकी में किया उमेश गौतम का स्वागत


बरेली के महापौर उमेश गौतम का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** रविवार को नगर पंचायत मुड़िया धुरेकी में बरेली महापौर उमेश गौतम का जोरदार स्वागत किया गया। रविवार को संभल के कस्बा चंदौसी में ब्राह्मण शक्ति संघ के कार्यक्रम में शिरकत कर वापस लौट रहे बरेली महानगर के महापौर उमेश गौतम का नगर पंचायत कार्यालय मुड़िया धुरेकी में फूल-मालाएं पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर जोरदार स्वागत किया गया । इस मौके पर वैभव मिश्रा हिमांशु पाठक, भरत गौड़, सक्षम पाराशरी, कपिल गुप्ता, सोनू मिश्रा, अक्षय मिश्रा, सुबोध, गर्वित मिश्रा, इश्तेयाक सैफी, हर्षित गुप्ता, रहे।

# कार्यकत्रियों को सिस्टम ने बंधुआ मजदूर बनाकर रख दिया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- आंगनबाड़ी श्रमिक संघ एटक का एजुकेटर व्यवस्था के खिलाफ 13वें दिन भी जारी रहा धरना

**अमृत विचार :** आंगनबाड़ी श्रमिक संघ एटक का एजुकेटर व्यवस्था के खिलाफ तेरहवें दिन भी अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा ।

मालवीय आवास गृह पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष चौधरी सौदान सिंह ने कहा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सिस्टम ने बंधुआ मजदूर बनाकर रख दिया है। पढ़ी-लिखी नारियों का घोर अपमान प्रदेश व देश की सरकार कर रही हैं। इतने विभागों का काम लेने के बाद भी इतना कम मानदेय देने का क्या फार्मूला है। पूरे देश में उत्तर प्रदेश में सबसे कम मानदेय आंगनबाड़ियों को दिया जाता है। जिला अध्यक्ष मिथिलेश कुमारी ने कहा प्रदेश सरकार इस आंदोलन को छोटा समझ रही थी। आंगनबाड़ियों के कई संगठनों ने मिलकर संयुक्त आंगनबाड़ी संगठन तैयार करके 19 सितंबर को लखनऊ में धरना प्रदर्शन कर सरकार को नोटिस दिया।

जिला उपाध्यक्ष ममता भदौरिया, सुधा उपाध्याय, लता भारती, सुखानी, सूरजमुखी ने कहा प्रदेश सरकार हिटलर शाही पर उतारू है। एजुकेटर व्यवस्था के खिलाफ आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हट जाएगा।

क्रमिक अनशन पर ममता माहेश्वरी, महा देवी, पूर्नवती, सुधा, वर्षा, बैठी। धरनास्थल पर गायत्री सागर राजेश्वरी रेणु देवी, अफसाना, वर्षा रानी, सूरजमुखी, बबीता पाल, किरण, सुनीता, समेला, विनोद कुमारी, मुन्नी देवी, कमरुल निशा, शालिनी, सीता राठौड़, सरिता श्रीवास्तव, गीता सक्सेना, प्रेमलता, सीमा, सुचेता, रामरति विमलेश, मिथिलेश आदि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।


आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को संबोधित करते किसान यूनियत टिकैत के नेता।

# खाद्य पदार्थों के नमूने हुए फेल तो मिलावट का हॉटस्पॉट घोषित होगा क्षेत्र

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- खाद्य संरक्षण विभाग को शासन से मिला लक्ष्य, 340 खाद्य पदार्थों के लिए जाएंगे नमूने
- अब तक जिले भर से लिए जा चुके हैं 204 से अधिक खाद्य पदार्थ के सैंपल

**अमृत विचार :** जिस क्षेत्र में खाद्य पदार्थों के नमूने ज्यादा फेल होगें वह क्षेत्र मिलावट का हॉट स्पॉट घोषित किया जाएगा और फिर वहां सख्ती की जाएगी। सरकार ने जनता को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए यह अभियान चलाया है। देशव्यापी चल रहे इस अभियान में जिले में 340 नमूने एकत्रित करने का लक्ष्य मिला है। अब तक 204 नमूने लिये जा चुके हैं। इसी माह यह अभियान चलेगा। जो नमूने लिये जा रहे हैं उन्हें प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

बाजार में बिक रहे मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए सरकार सख्त है। मिठाई, पनीर, मसाले, दूध दही, बेसन, आटा, हल्दी, नमकीन, मीट आदि खाद्य पदार्थों के नमूने खाद्य सुरक्षा विभाग लेता रहता है। विभाग ज्यादातर होली दिवाली या त्यौहार के पहले ही अपनी निद्रा तोड़कर बाहर आता है शेष् समय वह शांत रहता है। अब शासन से मिले लक्ष्य के अनुरुप सितंबर माह में अभियान चलाया जा रहा है। इसमें हर क्षेत्र और खाद्य पदार्थ की दुकान के नमूने लिये जा रहे हैं। प्रयोगशाला से रिपोर्ट आने के बाद जिस क्षेत्र के नमूने अधिक संख्या में फेल होगें। उस क्षेत्र को मिलावट का हॉट स्पाट घोषित किया जाएगा। इससे आसपास के दुकानदार को भी शर्म महसूस होगी कि वह मिलावट के हॉट स्पाट वाले क्षेत्र में दुकानदारी करते हैं। शासन से मिले लक्ष्य को पूरा करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमें लगातार जिले की सभी तहसीलों में छापामारी कर सैंपल एकत्रित कर रही हैं। उनके द्वारा खाद्य पदार्थ की दुकानों से घी, मक्खन, सरसों का तेल, सोयाबीन तेल, आटा, दाल अरहर, दाल चना, बेसन, दूध, दूध से निर्मित मिठाई, नमकीन, हल्दी, मीट, मछली, अंडा आदि खाद्य पदार्थ के सैंपल लिए जा रहे हैं। लिए गए सैंपल को प्रतिदिन जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के संबध में भारत सरकार डेटा एकत्र करेगी। जिले में बेहतर खाद्य पदार्थों की बिक्री का प्रयास किया जा रहा है।

> सितंबर माह में 340 खाद्य पदार्थ के सैंपल लेने का लक्ष्य तय किया गया है। सैंपल जांच के बाद शासन स्तर पर शोध किया जाएगा ताकि लोगों को शुद्ध खाद्य पदार्थ मिल सकें। जिस क्षेत्र में अधिक सैंपल फेल मिलेंगे। उस क्षेत्र में अधिक सख्ती बरती जाएगी। **–सीएल यादव**, सहायक आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग

## वचुअर्ल कार्यशाला से देश के डेढ़ हजार छात्र लाभान्वित

**बदायूं,अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय बदायूं के प्राचार्य डॉ नरेंद्र बतरा के नेतृत्व में महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग ने आईआईटी कानपुर के साझा सहयोग से बीएससी प्रथम , द्वितीय तथा तृतीय वर्ष के भौतिक विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत वर्चुअल प्रयोगशाला पाठ्यक्रम को संपादित कराने के लिए देश के 18 राज्यों के 1538 पंजीकृत विद्यार्थियों एवं भौतिक विज्ञान के प्राध्यापकों को लाभान्वित किया है। यह बात

बरेली मुरादाबाद मंडल की क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ संध्या रानी शाक्य ने कही। वह रविवार को आईआईटी कानपुर द्वारा चलाई जा रही छह दिवसीय राष्ट्रीय वचुअर्ल कार्यशाला के समापन समारोह को सम्बोधित कर रही थीं।

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कार्यक्रम को सफल बताया है।

# केवट संवाद कथा सुनकर भाव विभोर हुए श्रोता

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** नगर की श्री रामकृष्ण समिति के तत्वावधान में कछला रोड स्थित माहेश्वरी भवन में चल रही श्रीराम कथा के छठें दिन ऋषिकेश से आए संत अयोध्या दास जी रामायणी ने भगवान राम और केवट संवाद की कथा बड़े ही मनोहरी ढंग से सुनाई। जिसे सुनकर सभी लोग भावविभोर हो उठे। जब भगवान राम, लक्ष्मण, सीता सहित गंगा के किनारे केवट को पार उतारने के लिए कहते हैं तो केवट कहता है हे प्रभु आपके मरम को मैं जानता हूं। जब शिला नारी बन सकती है तो मेरी नाव तो काठ की है। ये छूते ही उड़ जाएगी। मैं इसी से अपना परिवार पालता हूं। इसलिए प्रभु पांव धुलकर ही हम नाव पर बैठाएंगे। भगवान राम केवट का प्रेम देख मुस्कुरा कर बोले केवट मुझे विलंब हो रहा है। तुम मेरा पैर धुल सकते हो। केवट कटोरी में गंगाजल भर कर प्रभु का पैर धोकर नाव में बैठकर गंगा पार कराता है। गंगा उस पार उतर कर संकोच भरी निगाहों से भगवान राम सीता से कहते हैं सीता आपके पास मुद्रिका है। केवट को उतराई दे दो। केवट राम के चरण में गिरकर याचना करता है और कहता है कि हे नाथ मुझे कुछ नहीं चाहिए। आपको मैंने गंगा पार कराया है। आप मुझे भवसागर से पार कर देना। हे प्रभु जब लौटकर आएगा तो जो आप देंगे वो प्रसाद के रूप में ग्रहण कर लूंगा। राम केवट प्रसंग की कथा सुनकर श्रध्दालु भावविभोर हो उठे। कथावाचक ने कहा कि भगवान राम ने समाज को मर्यादा की शिक्षा प्रदान की, और साथ ही राम के पद चिन्हों पर मानव जाति को चलने का आवाहन किया। इस मौके पर नरेंद्र गरल, चन्द्रपाल तोष्णीवाल, सत्यपाल वार्ष्णेय, लोकेश बाबू, मनोज वार्ष्णेय, संजीव वार्ष्णेय, नीरज माहेश्वरी, दुर्गेश बाबू, दिनेश बाबू वार्ष्णेय, शिवओम माहेश्वरी, आशीष वशिष्ठ आदि मौजूद रहे

# सीटी स्कैन सेंटर पर मरीज परेशान, सीएमएस ने फटकारा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मरीजों को दिया जा रहा तीन दिन बाद आने का समय

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में सीटी स्कैन को लेकर लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों को चार दिन के बाद आने का समय दिया जा रहा है। अवैध वसूली की शिकायत भी सामने आई हैं। जिसके चलते सीएमएस ने सीटी स्कैन सेंटर का निरीक्षण किया। परेशान मरीजों में गुस्सा था। सीएमएस ने सेंटर प्रभारी को फटकार लगाई। सेंटर पर आने वाले मरीजों का सीटी स्कैन करने को निर्देशित किया। कहा कि अगर भविष्य में शिकायत मिली तो कार्रवाई की जाएगी।

जिला अस्पताल में सीटी स्कैन कराने वालों की सुबह से भीड़ जुट जाती है। लोग लाइन में लग कर अपनी बारी का इंतजार करते हैं। यहां पर बदइंतजामी का हाल यह है कि मरीजों से अवैध वसूली भी की जा रही है। जिसको लेकर कई बाहर शोर शराबा हो चुका है। शनिवार को करीब सौ से अधिक मरीज सीटी स्कैन सेंटर पर लाइन में लगे रहे। दोपहर एक बजे जब कई दर्जन मरीजों का सीटी स्कैन होने को रह गया तो उन्हे चार दिन बाद आने को कहा गया। कुछ मरीजों ने विरोध किया तो उन्हे डांट फटकार कर चुप करा दिया गया। कुछ मरीजों ने सेंटर इंजार्च की मनमानी की बात कही और भ्रष्टाचार को लेकर हंगामा करने लगे। हंगामा होने की सूचना पर दोपहर 2 बजे सीएमएस डा. कप्तान सिंह सेंटर पर अचानक पहुंच गए वहां पर हंगामा करने वालों ने कहा कि चार तीन तक छुट्टी की बात कही जा रही है इसलिए चार दिन के बाद आने को कहा जा रहा है। इस पर सीएमएस ने सीटी स्कैन मैनेजर नसीर खान को फटकार लगायी और धोखाधड़ी न करने की हिदायत दी। सीएमएस ने कहा कि सोमवार को अवकाश है फिर भी 11 बजे तक अस्पताल खुलेगा फिर चार दिन बाद आने को क्यों कहा जा रहा है। उन्होने कहा कि समय से और सही से सीटी स्कैन किया जाए अन्यथा कंपनी के खिलाफ लिखा पड़ी की जाएगी।

> सीटी स्कैन सेंटर पर कर्मचारियों द्वारा मरीजों को ओवर डेट दी जा रही थी। उसकी जांच की गयी तो शिकायत सही पायी गयी। इस पर सेंटर मैनेजर के खिलाफ कार्यवाही के लिए कंपनी को लिखा जाएगा। यहां पर कई तरह की शिकायतें मिल चुकी हैं। मरीज हर रोज हंगामा करते हैं। **–डा. कप्तान सिंह** सीएमएस

# चैरिटेबिल ट्रस्ट ने शिविर में दिया मरीजों को फ्री परामर्श

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राम नाथ राम नारायण मैमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से उझानी के शिखर नर्सिंग होम के सहयोग से कछला में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। 450 मरीजों की निशुल्क जांच और चिकित्सक परामर्श दिया गया। दवाओं का वितरण किया गया। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. जया भारती, राजकीय मेडिकल कॉलेज अस्थि रोग विभाग के डॉ. इमरान, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप वार्ष्णेय और फिजिशियन डॉ. आरके वर्मा ने मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया। बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, कछला चेयरमैन जगदीश लोनिया ने चिकित्सक और शिविर स्थल के मालिक डॉ. विजय शाक्य को स्मृति चिंह्व देकर सम्मानित किया।

शिविर में बुखार, खांसी, खून की कमी,दमा, शुगर, ब्लड प्रेशर, पेट संबंधित रोग, कमरदर्द, स्लिप डिस्क, गठिया, जोड़ रोग, अनियमित माहवारी, गर्भवती महिलाओं को परामर्श दिया।


शिविर में मरीजों को निशुल्क परामर्श और दवा देते डॉ. राजेश वर्मा व अन्य

## चादरपोशी कर मांगी अमन की दुआ

**बदायूं,अमृत विचार :** हज़रत शाह शराफत अली मिया हुज़ूर के सालाना उर्स के मौके पर सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, आजमगढ़ सांसद धर्मेन्द्र यादव और बदायूं सांसद आदित्य यादव ने सपा नेता अली फ़रशोरी के द्वारा चादर एवं शुभकामनाएं पत्र भिजवाया। सपा नेता ने दरगाह पहुंच कर सज्जादा हज़रत गाज़ी मियां हुज़ूर से मुलाकात कर बधाई संदेश सौंपे। उन्होंने राष्ट्रीय महासचिव सांसद से फ़ोन पर ग़ाज़ी मियाँ हुज़ूर की बात कराई, अली फरशोरी ने दरगाह पर चादर पोशी कर मुल्क मे अमन तरक्की की दुआ की। इस मौके पर मुनीफ सकलैनी हमज़ा सकलैनी, इंतेखाब सकलैनी, तौसीफ खान आदि तमाम सपा नेता मौजूद रहे।

# शिविर में 450 मरीजों का मुफ्त इलाज

संवाददाता, कादरचौक

**अमृत विचार :** रमजानपुर मिढौली के मेडिकल सर्विस सोसाइटी द्वारा इब्राहिम मैरिज लॉन में शनिवार को आयोजित महिला चिकित्सा शिविर में करीब 450 मरीजों का मुफ्त इलाज कर उन्हें दवाएं भी दी गईं। शिविर का आयोजन डॉक्टर राबिया शकील द्वारा किया गया। शिविर का उद्घाटन विधायक हिमांशु यादव ने किया। उनके साथ पूर्व विधायक आशीष यादव और मेडिकल सर्विस सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. इत्तेहाद आलम और भारतीय चिकित्सा परिषद के सदस्य डाक्टर शकील अहमद उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि हिमांशु यादव ने कहा स्वास्थ्य सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। गरीब और असहाय महिलाओं के लिए इस प्रकार की चिकित्सा सुविधाएं बेहद महत्वपूर्ण हैं। पूर्व विधायक आशीष यादव ने कहा गरीब और जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। मेडिकल सर्विस सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. इत्तेहाद आलम ने कहा इस प्रकार के चिकित्सा शिविरों के माध्यम से हम अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। डॉ. शकील अहमद ने कहा स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करना एक पुण्य कार्य है, डॉक्टर राबिया शकील ने शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी चिकित्सकों और उपस्थित गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त किया।


मुफ्त महिला चिकित्सा शिविर में मरीजों को दवा देते चिकित्सक ।

**आज का मौसम**

आसमान में बादल छाए रहेंगे। बारिश की संभावना

29° अधिकतम तापमान | 24° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 6:01 | सूर्यास्त 6:19

**शहर में आज**

- गंजडुंडवारा के बहोटा ग्राम मंदिर पर रामलीला का मंचन शाम छह बजे से।
- सिढपुरा के मोहल्ला इन्द्रापुरी से विसर्जन यात्रा सुबह 10 बजे से।
- बारावफात के अवसर शहर में जुलूस पुरानी ईदगाह से सुबह 10 बजे से।
- शहर के मोहल्ला पीएलजीसी कॉलोनी से गणेश विसर्जन यात्रा दोपहर 12 बजे से।

### अंग्रेजों ने शव को पत्थरों से बांधकर समुद्र में फेंक दिया था, आज मनाई जाएगी महान क्रांतिकारी की जयंती

# भगतसिंह का सहयोगी होने पर महावीर सिंह को हुई थी काला पानी की सजा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** एटा- कासगंज के लिए पटियाली क्षेत्र का गांव शाहपुर टहला बेहद महत्वपूर्ण स्थल है। यहां जन्मे क्रांतिकारी महावीर सिंह राठौर ने गांव की पहचान दुनिया भर में बनाई। 17 मई 1933 को अंडमान निकोबार स्थित पोर्ट ब्लेयर की सेल्यूलर जेल में कालापानी की सजा भुगतने के दौरान मौत होने पर अंग्रेजों ने उनके पार्थिव शरीर को पत्थरों से बांधकर समुद्र में फेंक दिया था। उन्हें भगत सिंह का सहयोगी होने के जुर्म में कालापानी की सजा काट रहे थे।

अमर बलिदानी महावीर सिंह राठौर का जन्म 16 सितम्बर 1904 को कासगंज स्थित शाहपुर टहला गांव में हुआ था। आजादी की जंग



क्रांतिकारी महावीर सिंह राठौर।

के दौरान महावीर सिंह राठौर गदर आंदोलन और हिंदुस्तान सोशल रिपब्लिकन आर्मी के वीर सिपाही के तौर पर जाने जाते थे। बचपन से कुछ कर गुजरने की इच्छा ने उन्हें महान बलिदानी बना दिया। शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के साथ उन्होंने क्रांति की पटकथा में कई अध्याय जोड़े। वे दिल्ली असेंबली में बम फेंकने एवं ब्रिटिश अफसर सांडर्स की हत्या में शामिल रहे। महावीर सिंह किशोर अवस्था से ही स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सेदारी करने लगे थे। छोटी उम्र में बच्चों की टोलियां बनाकर उन्होंने अमन सभा में ब्रिटिश अफसरों के सामने अंग्रेजी हुकूमत के विरोध में नारे लगाए और महात्मा गांधी के समर्थन में नारेबाजी की। इस वाकया के बाद ब्रिटिश हुकूमत ने उन्हें विद्रोही घोषित कर दिया। महावीर सिंह के मन में धधकी आजादी की ज्वाला और तेज होने लगी। वे निरंतर आजादी की धुन में लगे रहे। इंटरमीडिएट की शिक्षा हासिल करने के बाद वह उच्च शिक्षा के लिए कानपुर के डीएवी कॉलेज गए। जहां वह चंद्रशेखर आजाद के संपर्क में आए और उनकी सोशलिस्ट रिपब्लिक एसोसिएशन के सदस्य बन गए। यहीं उनका परिचय भगत सिंह से हुआ और स्वतंत्रता सेनानियों का कारवां बढ़ता चला गया।

#### अंग्रेजी अदालत ने सुनाई थी उम्रकैद

1929 में दिल्ली की असेंबली में बम फेंका गया और अंग्रेजी अफसर सांडर्स की हत्या की गई। इन दोनों ही मामलों में भगत सिंह, राजगुरु सुखदेव, बटुकेश्वर दत्त के साथ महावीर सिंह को भी गिरफ्तार किया गया। मुकदमे की सुनवाई लाहौर में हुई। इस मामले में महावीर सिंह को भगत सिंह का सहयोग करने में आजीवन कारावास का दंड सुनाया गया।

#### पंजाब और तमिलनाडु की जेल में भी रहे थे

बिट्रिश सरकार ने उन्हें पंजाब व तमिलनाडु की जेलों में भी रखा। इसके बाद 1933 में उन्हें अंडमान की सेल्यूलर जेल भेजा गया। क्रांतिकारियों के साथ अंडमान की जेल में महावीर सिंह ने भूख हड़ताल की। अंग्रेजों ने भूख हड़ताल तुड़वाने के लिए उनके मुंह में जबरन दूध डालने का प्रयास किया, लेकिन महावीर सिंह निरंतर विरोध करते रहे। इससे दूध उनके फेफड़ों में चला गया और उनकी मौत हो गई। अंग्रेजों ने उनका शव पत्थरों से बांधकर समुद्र में प्रवाहित कर दिया। इस तरह से 16 सितंबर 1904 में जन्मे महावीर सिंह 29 वर्ष की अल्पायु में ही वीरगति को प्राप्त हो गए।

#### कई जगह लगीं प्रतिमाएं

बलिदानी महावीर सिंह राठौर की शहादत की स्मृति में देश के कई हिस्सों में प्रतिमाएं लगी हुई हैं। उनके गांव शाहपुर टहला में प्रतिमा लगी है, वहीं पटियाली में भी प्रतिमा स्थापित है। अंडमान की सेल्यूलर जेल में भी उनकी प्रतिमा स्थापित है।

#### राजस्थान में जाकर बस गए परिजन

स्वतंत्रता आंदोलन के जानकार अमित तिवारी ने बताया कि अब शहीद के वंशज राजस्थान में रहते हैं। जहां महावीर सिंह की याद में बड़े कार्यक्रम आयोजित होते हैं। जन्मस्थली के नाते शहीद महावीर सिंह कासगंज के गौरव हैं।

## खड़े लोडर वाहन में अचानक लगी आग

**कासगंज, अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र के सोरों गेट इलाके में पंजाब नेशनल बैंक के सामने खडे. छोटा हाथी लोडर वाहन में रविवार की शाम सवा छह बजे अचानक आग लग गई। इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने वाहन में लगी आग पर काबू पाया। शहर के सोरों गेट स्थित गली ताकिया निवासी लोडर वाहन मालिक के पुत्र छत्रपाल सिंह ने बताया शाम 6:15 मिनट पर कछला गंगा घाट से गणेश विसर्जन यात्रा से वापस लौटकर खड़ा कर दिया था। अचानक वायरिंग शॉर्ट होने से आग लग गई। छोटा हाथी लोडर वाहन में तकरीबन दस से 15 हजार रुपए का नुकसान है। कड़ी मशक्कत के बाद अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया।

# कासगंज और फिरोजाबाद के बीच बनेगी नई रेल लाइन

### यात्रियों के लिए टूंडला तक आसान हो जाएगा रेल सफर

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** यात्रियों का सफर सुहाना करने के लिए रेलवे बोर्ड ने मंजूरी दे दी है। मगर अभी कुछ कार्य ऐसे हैं। जिन्हें गति नहीं मिल सकी है। हालांकि, संभावना है कि फिरोजाबाद कासगंज के बीच जल्दी रेल ट्रैक को जोड़े दिया जाएगा। इसके लिए स्वीकृति भी मिल चुकी है और काम भी शुरू होने वाला है।

फिरोजाबाद-कासगंज के बीच नई रेल लाइन बनाने पर पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल का यह ट्रैक सीधे टनकपुर से जुड़ जाएगा। इससे फिरोजाबाद के टूंडला स्टेशन से बरेली व टनकपुर तक ट्रेनें चलेंगी। हालांकि, इसकी मांग लंबे समय से चल रही थी, लेकिन यह मांग पूरी नहीं हो पा रही। पिछले दिनों इसके लिए हरी झंडी मिल चुकी है। वैसे तो इसके आम बजट में संकेत मिले थे, लेकिन अब पूरी तरह नया रेल ट्रैक बनाने का रास्ता साफ हो गया है। इसकी खबर रेलवे परामर्श दात्री को भी मिल गई है।




कासगंज रेलवे स्टेशन।

#### पहाड़ की बादियों से सीधे जुड़ जाएगा टूंडला

फिरोजाबाद से कासगंज तक नई लाइन बिछने पर टूंडला स्टेशन सीधे बरेली होते हुए टनकपुर से जुड़ जाएगा। इससे पहाड़ से मैदान तक की यात्रा और आसान हो जाएगी। अभी तक बरेली से कासगंज तक ही ट्रेनें जाती हैं। हालांकि ट्रैक मथुरा तक है, लेकिन मथुरा जाने के लिए कासगंज से ट्रेन बदलनी पड़ती है। बरेली से टूंडला जाने के लिए ट्रेन चलाने की लंबे समय से मांग हो रही है।

#### 389 करोड़ का बजट मंजूर

फिरोजाबाद से लेकर कासगंज तक नई रेल लाइन बनाई जाएगी। इसके लिए 389 करोड़ का बजट स्वीकृत हुआ है। तीन साल के भीतर इस रेल लाइन का काम पूरा होना है।

> फिरोजाबाद-कासगंज रेल लाइन बनाने के लिए स्वीकृत मिल चुकी है। जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। इससे रेल यात्रियों को काफी लाभ पहुंचेगा।
>
> – **राजेंद्र सिंह**, पीआरओ पूर्वोत्तर रेल मंडल कार्यालय इज्जतनगर

## दो युवकों ने चाकू से हमला कर किया दोस्त का कत्ल

संवाददाता, सिढ़पुरा

- दिल्ली से तीनों दोस्त आये थे साथ-साथ
- कासगंज के ऑनघाट पुल पर आपस में हुआ विवाद

**अमृत विचार:** सिढ़पुरा थाना क्षेत्र के ऑनघाट पुल के समीप दिल्ली से आए तीन दोस्तों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस पर दो युवकों ने मिलकर चाकू से ताबड़तोड़ प्रहार कर बुरी तरह से घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस खून से लथपथ युवक को सिढ़पुरा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा दिया। जहां हालत गंभीर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां देर शाम उसकी मौत हो गई।

सिढ़पुरा थाना क्षेत्र के कलान निवासी ह्रदयेश, हीरापुर निवासी साहिस्ता समेत तीन युवक आपस में दोस्त थे। तीनों दिल्ली में साथ रहकर मजदूरी करते थे। रविवार शाम अपने घर जाने के लिए तीनों दिल्ली से एक साथ निकले थे। यहां सिंढपुरा थाना क्षेत्र के ऑनघाट पुल के समीप पहुंचने पर किसी बात को लेकर तीनों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर साहिस्ता ने अपने साथी के साथ मिलकर दोस्त ह्रदयेश पर चाकू से ताबड़तोड़ प्रहार किए। फिर उसे लहूलुहान हालत में छोड़कर दोनों फरार हो गये। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने युवक को खून से लथपथ पड़ा देख पुलिस को सूचना दे दी। इसके बाद पहुंची सिढ़पुरा पुलिस ने घायल ह्रदयेश को उपचार के लिए लेकर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा दिया। जहां गंभीर हालत देख डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। जहां देर शाम ह्रदयेश ने दम तोड़ दिया।

इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। हमलावरों की तलाश में दबिश दी जा रही है। जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पहले तीनों आपस में गाली-गलौज करते रहे। इसके बाद मारपीट हुई। फिर दो युवकों ने मिलकर एक पर चाकू से हमला किया।

## युवक ने सड़क पर कफन ओढ़कर रील बनवाई, फिर इंस्टाग्राम पर वायरल की

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- पुलिस बैरियर लगाने के बाद कफन ओढ़कर सड़क पर लेटा था युवक
- पुलिस ने रील बनाने के वाले युवक को हिरासत में लिया पूछताछ जारी
- प्रेमिका से शादी करने से बचने के लिए रचा मौत का ड्रामा

**अमृत विचार:** प्रेमिका से शादी करने से बचने का एक युवक ने नया तरीका अपनाया। शहर के मथुरा-बरेली हाईवे स्थित राज कोल्ड तिराहे पर बैरियर लगाने के बाद कफन जैसा सफेद कपड़ा ओढ़कर सड़क पर लेट गया, और अपने साथियों के जरिए रील बनकर इंस्टाग्राम पर वायरल कर दी। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी है।

शहर के खेड़िया मोहल्ले के नाथुराम निवासी मुकेश कुमार रविवार सुबह कफन लेकर अपने साथियों के साथ राज कोल्ड तिराहा जा पहुंचा। जहां वह कफन जैसा सफे कपड़ा अपने ऊपर डालकर बीच सड़क पर लेट गया। उसने अपनी नाक में रुई लगा रखी थी। गले में माला पहने थे। उसने इस तरह का ड्रामा किया जैसे मानों उसकी मृत्यु हो ने गई हो। फिर उसके सहयोगी युवकों ने रील बनाकर इंस्टाग्राम पर वायरल कर दी। वीडियो वायरल होते ही लोग तरह-तरह की चर्चा करने लगे। कोई मशहूर होने की बात कह रहा था तो कोई प्रेमिका से बचने के लिए मृत दर्शाकर ढोंग करने की कह रहा था। साथी ने बताया कि एक युवती मुकेश से शादी करने का दबाव बना रही थी। जिससे बचने के लिए उसने अपने आप को मृत दर्शाकर उससे बचने का ड्रामा किया। इस बीच वहां पहुंची मुकेश को कासगंज कोतवाली पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। रील बनाने वाले युवक के सहयोगी पुलिस की पकड़ से दूर है। पुलिस अन्य आरोपियों को तलाश रही है। इस मामले की रविवार को इलाके में खासी चर्चा रही।




सड़क पर बैरियर लगाने के बाद कफन ओढ़कर लेटा युवक।

> रील बनाने वाले युवक को हिरासत में ले लिया है। युवक से पूछताछ की जा रही है। इसके बाद उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उसने इस तरह की हरकत को क्यों की इस बारे में अभी तक कोई जानकारी हासिल नहीं हुई है।
>
> –लोकेश भाटी, इंस्पेक्टर सदर कोवताली

## चेकिंग के दौरान 118 वाहनों के चालान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** पुलिस ने शनिवार को चेकिंग के दौरान 118 वाहनों के चालान किए। इस दौरान वाहन चालकों को नियमों की जानकारी भी दी गई।

यातायात पुलिस ने शहर में अलग-अलग स्थानों में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 25 तेज रफ्तार वाले वाहनों का चालान भी शामिल रहा। वहीं एक नाबालिग के वाहन चलाने पर वाहन को सीज किया गया। यातायात पुलिस ने राज कोल्ड स्टोर, बाईपास, अमांपुर रोड, बस स्टैंड, सोरों गेट, बिलराम गेट चौराहा, नदरई गेट, हजारा नहर क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मोडिफाइड साइलेंसर, ड्रिंक एंड ड्राइव, दोपहिया वाहन पर तीन सवारी, बिना हेलमेट के वाहनों को चेक किया। इनमें तेज रफ्तार, शराब पीकर वाहन चलाना, बाइक पर तीन सवारियां और शराब पीकर वाहन चलाते तीन लोगों का भी चालान किया गया। सोरों गेट पर नाबालिग के वाहन चलाने पर वाहन सीज किया। वाहनों पर लगी ब्लैक फिल्म हटवाई। यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने कहा कि कुल 118 वाहनों के चालान किए गए। उन्होंने सभी से यातायात के नियमों का पालन करने का अनुरोध किया।



बाइक चालकों को यातायात के नियमों की जानकारी देते टीएसआई।

- एसपी के आदेश पर ट्रैफिक पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान यातायात नियम भी बताए

## मंदिर की पट्टिका पर त्रुटियां ठीक की जाएं

**कासगंज, अमृत विचार:** सोरों तीर्थनगरी के प्राचीन सीताराम मंदिर में पुरातत्व विभाग द्वारा लगाई परिचय संबंधी पट्टिका में कई त्रुटियां है। इतिहासकार उमेश पाठक ने पुरातत्व विभाग द्वारा लगाई गई पत्थर की पट्टिका में सुधार करने या बदलवा कर दूसरी लगाने की मांग की है। उमेश पाठक ने बताया प्राचीन सीताराम मंदिर में पत्थर की पट्टिका लगवाई गई है। उसमें बहुत त्रुटियां हैं। भगवान वराह विष्णु के तृतीय अवतार द्वारा राक्षस हिरण्याकश्यप का वध बताया गया है, जो की गलत अंकित कर दिया गया है, जबकि भगवान वराह ने हिरण्याकश्यप का वध किया था। इसी तरह की कई त्रुटियां पत्थर की पट्टिका में अंकित की गई है। जिसमें पुरातत्व विभाग से सुधार की मांग की गई है।

## अलग-अलग सड़क हादसों में तीन की मौत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- सदर कोतवाली क्षेत्र में हुए हादसे परिवारें में मचा कोहराम

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में तीन लोगों की जान चली गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने एक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि दो युवकों के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया है।

पहला हादसा सदर कोतवाली क्षेत्र के चाड़ी मार्ग पर गांव नगला चीटा के समीप हुआ। जहां तेज रफ्तार वाहन ने एक बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। इसमें आवास विकास कॉलोनी निवासी 45 वर्षीय रतन यादव की मौत हो गई। रतन सिंह जनता इंटर कॉलेज भनूपुरा में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर तैनात थे। वह अपने गांव से कासगंज आ रहे थे। इसकी सूचना मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। रतन सिंह की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

दूसरा हादसा कासगंज-एटा मार्ग पर सौरभ ढाबा के समीप पेट्रोल पंप के सामने हुआ। एटा की ओर से आ रही सरिया से भरी कैंटर ने कासगंज की ओर से आ रहे बाइक सवार तीन युवकों को सामने से टक्कर मार दी। बाइक पर एटा जनपद के थाना मारहरा निवासी साहिल कुरैशी, रिहान समेत तीनों लोग बुरी तरह से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें घायल अवस्था में जिला अस्पताल पहुंचा दिया। जहां डॉक्टर ने साहिल और रिहान को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। घटना को लेकर मृतकों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घायल युवक की हालत में सुधार बताया जा रहा है। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने बताया कि हादसे की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां दो की मौत हो गई।

#### हादसे में घायल ग्रामीण ने दम तोड़ा

कासगंज। दो दिन पहले शुक्रवार को सड़क हादसे में घायल हुए ग्रामीण ने जिला अस्पताल में दम तोड दिया। रविंद्र शर्मा सदर कोतवाली क्षेत्र की कॉलोनी लवकुश नगर के रहने वाले थे। परिजनों के मुताबिक रविंद्र मानसिक मंदित थे। अमांपुर की ओर से पैदल कासगंज आते समय वजीरपुर गांव के निकट उन्हें किसी वाहन ने टक्कर मार दी थी। उसे घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां शनिवार देर रात रविंद्र ने दम तोड़ दिया।

## अमांपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया वांछित आरोपी, जेल भेजा

कासगंज। एसपी अपर्णा रजत कौशिक द्वारा चलाए जा रहे वांछित धरपकड़ अभियान के तहत अमांपुर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। अमांपुर थानाध्यक्ष चंचल सिरोही ने बताया कि आत्म हत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में फरार चल रहे प्रदीप पुत्र सतीश चंद्र निवासी भुजपुरा को गिरफ्तार किया गया है। उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा जा रहा है।

## अनंत चतुर्दशी पर बंद रहेंगी मीट की दुकानें

**एटा, अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी के अनुसार जैन धर्म के मुख्य पर्व-दसलक्षण के अंतिम दिन 17 सितंबर को अनंत चतुर्दशी को समस्त पशु वधशालाओं एवं मीट-मांस की दुकानें बंद रखने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए हैं।

**धर्म-कर्म** | गणेश पांडाल से लेकर कछला गंगा घाट तक खूब उड़ा अबीर-गुलाल, सुबह से शाम तक गूंजते रहे जयकारे

# गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** जिले भर में रविवार को जगह-जगह गणपति विसर्जन यात्रा धूमधाम से निकाली गई। विसर्जन यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जमकर अबीर गुलाल उड़ाया और भजनों की धुन पर झूमते रहे। दिन भर गणपति बप्पा मोरया के जयकारे गूंजते रहे। कछला गंगा घाट पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

गणेश महोत्सव के आठवें दिन रविवार को शहर मोहल्ला जय जयराम स्थित पल्लेदार गली, राम जानकी मंदिर, बसंत राय गली मोहल्ला जय जयराम के अलावा शहर के पीएलजीसी कॉलोनी चंदन नगर, नवाब गली धोबियान से गणेश विसर्जन यात्रा निकाली गई। इसमें शामिल भक्त भजनों की धुन पर नाचते रहे। पांडालों से लेकर कछला तक जमकर अबीर गुलाल उड़ाया। गंगा में गणेश की प्रतिमा को विसर्जित किया गया। इस दौरान भक्तों ने गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ की प्रार्थना कर उन्हें विदा कर दिया।



शहर में निकाली गई गणेश विसर्जन यात्रा में नाचते थिरकते गणेश भक्त।



अमांपुर कस्बे से गणेश की प्रतिमा को विसर्जन को ले जाते गणेश भक्त।

- जिले में जगह-जगह बैंडबाजा के साथ निकाली गई गणेश विसर्जन यात्रा

#### अमांपुर में भी निकली गणेश विसर्जन यात्रा

अमांपुर। कस्बे में इन्द्रानगर में आयोजित गणेश महोत्सव के दौरान अष्टम दिवस पर रविवार को धूमधाम से मूर्ति विसर्जन किया गया। विसर्जन यात्रा से पहले श्रद्धालुओं ने नगर में शोभायात्रा निकली। इसमें शामिल लोग अमीर गुलाल उड़ाकर भजनों की धुन पर थिरकते रहे। पांडालों में विशेष आरती के बाद विसर्जन यात्रा शुरू हुई। विसर्जन यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। हर्षोल्लास के साथ गणपति की प्रतिमा को कछला गंगा घाट पर विसर्जित किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा गणपति बप्पा मोरिया, मंगल मूर्ति मोरया, अगले बरस तुम जल्दी आना के जयकारे लगाए। इस मौके पर राजेश शर्मा, राकेश पाराशर, सुनील गुप्ता, चीकू सर्राफ, श्यामू सर्राफ, आकाश गुप्ता सर्राफ, अमित गुप्ता, गजेंद्र शाक्य, प्रकाश गुप्ता, पुष्पेंद्र शाक्य, सरोज देवी, पूजा सोनी, प्रीति सर्राफ, गीता गुप्ता, पायल सर्राफ, रूबी गुप्ता, राखी गुप्ता, रिषभ पाराशर, तन्मय सोनी, तनिष्क सोनी, शनि गुप्ता, देव गुप्ता, वंश, वीर, जय, कान्हा, बिट्टू पालीवाल, दुर्वेश सहित आदि मौजूद रहे।

## सीताराम मंदिर की बाउंड्रीवाल गिरी

**कासगंज, अमृत विचार:** सोरों में लहरा रोड पर एएसआई द्वारा संरक्षित प्राचीन सीताराम मंदिर के बाहर पड़े चबूतरे पर गत वर्ष पुरातत्व विभाग द्वारा दीवार बनाई गई थी। ग्राम पंचायत हिमायूंपुर के मजरा जगवतपुर में गत वर्ष पीडब्ल्यूडी द्वारा पक्की सड़क बनाई गई थी। अधिक बारिश होने के कारण यह सड़क कई जगह क्षतिग्रस्त हो गई है। ग्राम प्रधान मनोज शर्मा ने मार्ग का निरीक्षण कर पीडब्ल्यूडी विभाग को सूचित किया है। संजय, अमर सिंह, भगवान सहाय, कमल सिंह, विनीत, नारायण सिंह, विजय, राजेंद्र ने शीघ्र सड़क बनाने की मांग की है।



सीताराम मंदिर की बाउंड्रीवाल गिरने के बाद पड़ा मलबा।

## लोक अदालत में न्याय मिला तो खिल उठे पीड़ितों के चेहरे



फीता काटकर लोक अदालत आरंभ करते जिला जज सैयद माऊज बिन आसिम।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार देर शाम तक मामलों की सुनवाई हुई तो कुछ मामलों में ऐतहासिक निर्णय सामने आए। बिखरे हुए कई परिवार फिर से बस गए। न्याय पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे और उन्हें नई आस जाग गई। कुल 37520 वाद निस्तारित कर 19 करोड़ 13 लाख रुपये से अधिक का समायोजन किया गया।

लोक अदालत का शुभारंभ जिला जज सैयद माऊज बिन आसिम ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उसके बाद उन्होंने वादों के निस्तारण की कार्रवाई शुरू की। उन्होंने कुल तीन वाद निस्तारित कर 500 रुपये का अर्थ दंड वसूल किया।

इसके अलावा अन्य न्यायिक अधिकारियों ने विवादों का निस्तारण किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला जज तृतीय विजय कुमार ने वादों का निस्तारण किया।

यथाशक्ति चिकीर्षन्ति यथाशक्ति च कुर्वते।
न किञ्चिदवमन्यन्ते नराः पण्डितबुद्धयः ॥

विवेकशील और बुद्धिमान व्यक्ति सदैव ये चेष्टा करते हैं की वे यथाशक्ति कार्य करें और वे वैसा करते भी हैं तथा किसी वस्तु को तुच्छ समझकर उसकी उपेक्षा नहीं करते, वे ही सच्चे ज्ञानी हैं।

## संपादकीय

# सरकार की तैयारी

एक देश एक चुनाव के पक्ष में कहा जाता है कि यह विकासोन्मुखी विचार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस विचार का समर्थन कर इसे आगे बढ़ाया है। प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए लाल किले से कहा था कि एक देश, एक चुनाव के लिए आगे आना होगा। रविवार को राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर जानकारों ने भरोसा जताया कि सरकार अपने मौजूदा कार्यकाल में ही एक देश, एक चुनाव को लागू करेगी। गौरतलब है कि देश में लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाने के मुद्दे पर काफी समय से बहस चल रही है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित एक उच्च स्तरीय समिति ने इस वर्ष मार्च में पहले कदम के रूप में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की। हालांकि कोविंद समिति ने एक साथ चुनाव कराने के लिए कोई समय सीमा तय नहीं की। इसके बाद 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव कराने की सिफारिश की गई। सवाल उठता है कि एक देश एक चुनाव की जरूरत क्यों है?

एक देश एक चुनाव के पक्ष में कहा जाता है कि इससे काले धन और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। देश हमेशा चुनावी मोड में रहता है। इससे न केवल प्रशासनिक और नीतिगत निर्णय प्रभावित होते हैं बल्कि देश के खजाने पर बोझ भी पड़ता है। चुनावों के कारण देश में बार-बार आदर्श आचार संहिता लागू करनी पड़ती है। इसकी वजह से सरकार आवश्यक नीतिगत निर्णय नहीं ले पाती और विभिन्न योजनाओं को लागू करने में समस्या आती है। दूसरी ओर कुछ जानकारों का मानना है कि देश की जनसंख्या बहुत ज्यादा बढ़ गई है, इस कारण एक साथ चुनाव करा पाना संभव नहीं है। विरोध में विश्लेषकों का मानना है कि संविधान ने हमें संसदीय मॉडल प्रदान किया है जिसके तहत लोकसभा और विधानसभाएं पांच वर्षों के लिए चुनी जाती हैं। अगर लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ करवाए गए तो ज्यादा संभावना है कि राष्ट्रीय मुद्दों के सामने क्षेत्रीय मुद्दे गौण हो जाएं या इसके विपरीत क्षेत्रीय मुद्दों के सामने राष्ट्रीय मुद्दे अपना अस्तित्व खो दें। फिर भी लगातार चुनाव होते रहने से राजनेताओं और पार्टियों को सामाजिक समरसता भंग करने का मौका मिल जाता है। एक साथ चुनाव असल में कई समस्याओं का समाधान है। इसलिए एक साथ चुनाव का विचार संकीर्ण राजनीतिक दृष्टि से ऊपर उठकर देखा जाना चाहिए।

# हिंदू राष्ट्र और विनायक दामोदर सावरकर



रामचंद्र ओझा
रांची, झारखंड

भारत में मुसलमानों की स्वतंत्र राजनीतिक अस्मिता होनी चाहिए इसके लिए 1909 में अंग्रेजों द्वारा पृथक चुनाव मंडल के गठन, जिसे कांग्रेस ने निर्विरोध स्वीकार कर लिया था, का जिक्र भी कम ही आता है।

पता नहीं क्यों विनायक दामोदर सावरकर और हिंदू महासभा का नाम आते ही तलवारें खींच जाती हैं। जैसे ये आसमान से टपके हों तथा इनके उभरने के पीछे कोई ऐतिहासिक पृष्ठभूमि नहीं रही हो। वस्तुतः संदर्भ से काटकर चीजों को प्रस्तुतः करना एक शगल-सा बन गया है। सावरकर और हिंदू महासभा के संबंधों को कुछ इस तरह प्रस्तुत किया जाता है, जैसे सावरकर रूपी खलनायक कहीं से अवतरित हुआ और हिंदू महासभा जैसे कुलक्षण संगठन का बीज डाल दिया जिससे हिंदू और मुसलमान आपस में बंट गए। अक्सर यह छुपा लिया जाता है कि सावरकर के राष्ट्रीय परिदृय में आने के बहुत पहले 1906 में मुस्लिम लीग की स्थापना हो चुकी थी। क्यों हुई थी, सबको पता है, पर इसकी चर्चाएं नहीं होतीं।

भारत में मुसलमानों की स्वतंत्र राजनीतिक अस्मिता होनी चाहिए इसके लिए 1909 में अंग्रेजों द्वारा पृथक चुनाव मंडल के गठन, जिसे कांग्रेस ने निर्विरोध स्वीकार कर लिया था, का जिक्र भी कम ही आता है। मानो यह सब तो हिंदू-मुसलमानों के बीच मधुर संबंधों की स्थापना के लिए किए गए थे। और इसके भी पहले हिंदू-मुस्लिम के नाम पर पश्चिमी और पूर्वी दो राज्यों में बंगाल और असम का विभाजन 1905 में हो चुका था और यथास्थिति की बहाली के लिए समाज को संघर्ष करने पड़े थे तथा सैंकड़ों आहूति भी देनी पड़ी थी।

और पीछे चलें तो उसके भी पहले 1875 में 'मोहमडन एंग्लो-ओरिएंटल कालेज के रूप अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की नींव पड़ चुकी थी तथा सर सैयद अहमद घोषणा कर चुके थे कि मुसलमानों का हित न केवल अंग्रेजी पढ़ने, अंग्रेजों का समर्थन करने में है बल्कि उनकी तरक्की के लिए हिंदुओं का विरोध भी उतना ही आवश्यक है। यह सब 1857 और उसके बाद फैली स्वाधीनता आंदोलन की चिंगारी से अंग्रेजों के मन में उपजे असुरक्षा भाव और उनके द्वारा रची गई साजिश का परिणाम था।

यदि अंग्रेजों ने मुस्लिम लीग नहीं बनवाई होती, मुसलमानों के लिए पृथक निर्वाचन मंडल न बनाए होते तो हिंदू महासभा का जन्म ही क्यों कर होता! किंतु दुख इस बात का नहीं है, बल्कि

> यह कहना कि हिंदू राजाओं या हिन्दुओं के कारण भारत से बुद्ध धर्म का समूल नाश हो गया, यह सरासर गलत है। बुद्ध धर्म का उदय ईसा से 600 वर्ष पूर्व हुआ किंतु सदियों बाद तक हिंदू राजा बौध होते रहे। सम्राट अशोक इसके प्रमाण हैं। कनिष्क और हर्ष बर्द्धन की बुद्ध भक्ति सर्वविदित है।

पीड़ा इस बात की है कि हिंदू और मुसलमानों में फूट डालने की अंग्रेजों की मंशा को कार्यरूप देने के पीछे की हस्तियों जैसे डा.भीम राव आंबेडकर, सर सैयद अहमद खान, स्वघोषित तेजस्विता वाले कम्युनिष्ट नेताओं और उन कांग्रेसियों का नाम नहीं लिया जाता। और जब नाम लिया जाता है, तो बड़े सम्मान और गौरव से लिया जाता है। विडंबना यह है कि हिंदू महासभा पर हम लांछना तो लगाते हैं, किंतु इसके गठन के लिए प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जिम्मेदार परिस्थितियों और कारणों का ब्योरा देने से कतराते हैं। सवाल है क्यों?

आमजनों से हम यह भी छुपा लेते हैं कि हिंदू महासभा की स्थापना मदन मोहन मालवीय जैसे शिक्षाविद और लाला लाजपत राय जैसे देश-भक्त क्रांतिवीरों ने की थी। ऐसा इसलिए करते हैं कि आमजन को यह लगे कि हिंदू महासभा का गठन कोई और नहीं बल्कि सारवरकर ने किया था।

सनद रहे कि सावरकर को आगे रखकर जब हम हिंदू-महासभा की अथवा हिंदू महासभा को आगे रखकर सवरकर पर तंज कसते हैं तो साथ-साथ बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (1916) के संस्थापक रहे मदन मोहन मालवीय और लाला लाजपत राय की भी भर्त्सना कर रहे होते हैं। वही लालजत राय जो 1928 में 'साइमन कमिशन गो बैक' का नारा लगाते लाठी खाए और देश के काम आ गए। उन्हीं की मृत्यु का बदला लेने के लिए भगत सिंह से सांडर्स की हत्या हो गई, जिसकी सजा के रूप में उन्हें फांसी के फंदे पर झूलना पड़ा। तात्पर्य है कि स्वाधीनता आंदोलन काल की घटनाओं को उसकी समग्रता में देखना चाहिए और उसके आधार पर अपने महापुरूषों का मूल्यांकन करना चाहिए, सतही तौर पर नहीं।

सावरकर का हिंदू सभा में आगमन बहुत बाद में होता है। अपनी क्रांतिकारी गतिविधियों के लिए पहले काला पानी की सजा होती है, सेलुलर जेल में रखे जाते हैं। कुछ दिनों की रिहाई के बाद फिर 1922 में रत्नागिरी जेल में यातना सहते हैं। सावरकर के कार्य करने के तरीके से हमारा विरोध हो सकता है। स्वाधीनता आंदोलन में गांधी, सुभाष, भगत सिंह सबके अलग अलग तरीके थे, वैसे ही हिंदू महासभा और सावरकर की भी सोच अलग थी, किंतु जैसे हमें गांधी, सुभाष, भगतसिंह की देश भक्ति पर शक नहीं, वैसे ही सावरकर की देश भक्ति पर भी शक नहीं किया जाना चाहिए।

सावरकर की प्रशंसा करने का यहां मकसद यह नहीं कि हम गांधी की निंदा करें या उनकी हमें निंदा करनी चाहिए। पक्ष और विपक्ष, इस ओर या उस ओर के बाइनरी में महापुरूषों को बांटने की चारित्रिक विशेषता कम्युनिस्टों की रही है, जिसका हमें परित्याग करना चाहिए।

ऐसी गतिविधियों का उद्देश्य सदियों से चली आ रही हिंदू-मुस्लिम एकता में दरार डालने जैसा है। हिन्दुओं के मन में मुसलमानों के प्रति कोई द्वेष-क्लेष नहीं था, इसका प्रमाण केवल 700 वर्षों तक चला भक्ति आंदोलन ही नहीं है बल्कि बहादुरशाह जफ़र को स्वाधीनता आंदोलन का मुखिया मानलेना भी इसका जीवंत उदाहरण है। हिंदू चाहते तो नेतृत्व मराठों को सौंप सकते थे। किंतु उन्होंने बहादुर शाह को अपना नेता मान लिया। यह सही है कि विनायक दामोदर सावरकर की देश भक्ति हिंदू-राष्ट्र के प्रति थी। किंतु हिंदू-राष्ट्र की उनकी सोच उपर्युक्त घटनाओं के कारण थी। उनके हिंदू राष्ट्र की परिकल्पना में मुसलमानों का विरोध या उनके प्रति घृणा-भाव नहीं था। जहां तक सावरकर का बौद्ध धर्म की आलोचना का सवाल है, आलोचना तो किसी भी धर्म की हो सकती है और होनी भी चाहिए। डा.आंबेडकर ने भी तो हिंदू धर्म की बेरहमी से आलोचना की है। हम उन्हें तो दोष नहीं देते! बल्कि उन्हें तो हमने भारत रत्न से विभूषित किया है। आलोचना एक स्वस्थ्य समाज की निशानी है।

जहां तक हिंदुओं के बौद्ध धर्म से मतभेद का सवाल है, वह निश्चित रूप से रहा है। कहा जाता है कि हिंदू-विश्वासों में केवल तीन आश्रम ही प्रमुख थे। संन्यास आश्रम का भारतीय धार्मिकतता में प्रबल्य बुद्ध के आगमन के बाद हुआ। वेद तथा ईश्वर की सत्ता को बुद्ध ने नहीं माना। मतभेद के और भी बहुत से कारण थे। इतिहास में हिंदुओं द्वारा बुद्ध की मूर्ति तोड़ने से लेकर मठों को उजाड़ने और भिक्षुओं की हत्याओं तक के दृष्टांत मिल सकते हैं और मिलते हैं। किंतु ऐसा नहीं था कि इन कारणों से हिंदू और बौद्ध जाती तौर ऐसे दुश्मन बन गए हों कि एक दूसरे को जड़ से उखाड़ने के लिए कृत संकल्प हों। इस हदतक तर्कों का विस्तार कुत्सित मंशा ही कही जाएगी।

यह कहना कि हिंदू राजाओं या हिन्दुओं के कारण भारत से बुद्ध धर्म का समूल नाश हो गया, यह सरासर गलत है। बुद्ध धर्म का उदय ईसा से 600 वर्ष पूर्व हुआ किंतु सदियों बाद तक हिंदू राजा बौध होते रहे। सम्राट अशोक इसके प्रमाण हैं। कनिष्क और हर्ष बर्द्धन की बुद्ध भक्ति सर्वविदित है। यदि हिंदुओं में हिंदू धर्म का विरोध करने वालों के प्रति घृणा और हिंसा की परंपरा होती तो सबसे पहले भारत से जैन धर्म समाप्त हो जाता। किंतु बौद्धों से भी अधिक संख्या में जैनी हैं। जैन धर्म के सिद्धांत हिन्दुओं से बिल्कुल भिन्न हैं। यानी हिंदुओं पर बौद्ध धर्म पर जुल्म और अत्याचार करने के आरोप वामपंथी सोच तथा मार्क्सवादियों की देन हैं। इतिहास और हिंदू धर्म की मूल भावना इसकी गवाह नहीं है। जयशंकर प्रसाद की रचनाओं में यदि हमे प्रेम और करूणा की झलक मिलती है तो इसलिए नहीं कि वे बौद्ध थे, बल्कि इसलिए कि वे एक अच्छे रचनाकार थे। यदि बौद्ध धर्म के संस्कार में ही करूणा बसती है, तो प्रेमचंद की रचनाओं की कारूणिक भाव संपदा को क्या कहेंगे? सावरकर की रचना में वह सब यदि नहीं मिलता है तो इसलिए कि उनमें वह रचना कौशल नहीं था, न कि इसलिए कि उनमें हिन्दुओं के संस्कार थे। वस्तुतः हिन्दुओं और बौद्धों के संस्कार में कोई मूलभूत अंतर नहीं है।

## प्रसंगवश

# जम्बूद्वीप के लोग



शैलेन्द्र वाजपेयी
लखनऊ

हिन्दू शब्द की उत्पत्ति इंदु शब्द से हुई है यह इंदू ही इंडस हो गया। इंदु शब्द चंद्रमा का पर्यायवाची शब्द है। आर्य किसी जाती का नहीं बल्कि वैदिक विचारधारा मानने वाले लोगों का नाम था जिसमें सभी जाती के लोग सम्मलित थे जैसे दास, वानर, किन्नर, द्रविड़, सुर, असुर आदि। जो लोग यह कहते हैं कि आर्य बाहर से आए थे उनका ज्ञान सही नहीं है या कि उनमें नफरत और साजिश की भावना है।

'हिमालयात् समारभ्य यावत् इन्दु सरोवरम्। तं देवनिर्मितं देशं हिन्दुस्थान प्रचक्षते॥- (बृहस्पति आगम)

अर्थात : हिमालय से प्रारंभ होकर इन्दु सरोवर (हिन्द महासागर) तक यह देव निर्मित देश हिंदुस्थान कहलाता है। इसका मतलब हिंदुस्थान चंद्रगुप्त मौर्य के काल में था लेकिन आज जिसे हिंदुस्थान कहते हैं वह क्या है? दरअसल यह हिंदुस्थान का एक हिस्सा मात्र है। प्राचीन काल में संपूर्ण जम्बू द्वीप पर ही आर्य विचारधारा के लोगों का शासन था। जम्बू द्वीप के आसपास 6 द्वीप थे- प्लक्ष, शाल्मली, कुश, क्रौंच, शाक एवं पुष्कर। जम्बू द्वीप धरती के मध्य में स्थित है और इसके मध्य में इलावृत नामक देश है। इस इलावृत के मध्य में स्थित है सुमेरू पर्वत। इलावृत के दक्षिण में कैलाश पर्वत के पास भारतवर्ष, पश्चिम में केतुमाल (ईरान के तेहरान से रूस के मॉस्को तक), पूर्व में हरिवर्ष (जावा से चीन तक का क्षेत्र) और भद्राश्चवर्ष (रूस), उत्तर में रम्यकवर्ष (रूस), हिरण्यमयवर्ष (रूस) और उत्तकुरुवर्ष (रूस) नामक देश हैं।

मिस्र, सऊदी अरब, ईरान, इराक, इसराइल, कजाकिस्तान, रूस, मंगोलिया, चीन, बर्मा, इंडोनेशिया, मलेशिया, जावा, सुमात्रा, हिंदुस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, पाकिस्तान और अफगानिस्तान का संपूर्ण क्षेत्र जम्बू द्वीप था। जंबुद्वीप को एकमात्र ऐसा स्थान या देश कहिए जो पूरी धरती का एकमात्र स्थान था जहां मनुष्य रहते थे, ये हिंदुओं का था और इसके सिवा दूसरा द्वीप या स्थान था ही नहीं। इसके बाद बंटते गए और बढ़ते भी गए। बढ़ते गए क्योंकि समंदर से और भी पठार, या जगह पानी रहित होते गए और इसी जम्बूद्वीप के लोग ऐसी जगहों पर जाकर बसने लगे।

# एपोफिस पृथ्वी से नहीं टकराने जा रहा



सचिदानंद सिंह
मुंबई

> किसी नए क्षुद्रग्रह की खोज उत्साह जगाती है। लोग खोजने वाले/वालों को बधाईयां देते हैं। किन्तु 2004 में एपोफ़िस की खोज उत्साह से जल्द ही चिंता में बदल गई थी।

प्राचीन मिश्र और सांप की बात छिड़ते ही क्लियोपैट्रा की याद आती है, वैसे इतिहासवेत्ताओं का मानना है उस रूपसी ने सर्प-दंश से आत्महत्या नहीं की थी। पर पिछले बीस वर्षों से प्राचीन मिश्र के जिस सांप की चर्चा खगोलविदों में हो रही है उसका क्लिओपैट्रा से कोई संबंध नहीं है। उस सांप का नाम है "एपोफ़िस" और वह एक काल्पनिक, मिथकीय सांप है। मिश्री मिथकों में एक सर्प-दैत्य है, अंधकार दैत्य, जो हर दिन मिश्री देवता रा (सूर्य) को खा कर विश्व को अंधकार में डुबो देने की कोशिश करता है पर कुछ घंटों की लड़ाई के बाद रा विजयी होता है और हर रात का अंत एक सुबह में होता है। उस मिश्री सर्प-दैत्य का यूनानी नाम एपोफ़िस है। 2004 में जब एस्टेरॉयड 99942 की खोज हुई थी, खगोलविदों ने अनुमान लगाया था कि तीन दशकों के अंदर यह पृथ्वी से टकरा जाएगा। 2005 तक उन्हें इसका भय रहा और 2005 में एस्टेरॉयड 99942 को इस सर्प-दैत्य का नाम एपोफ़िस दिया गया जो मिश्र के मिथकों में अशुभ/अमंगल (ईविल) का मूर्तरूप माना गया है।

एस्टेरॉयडः एस्टेरॉयड यानी क्षुद्रग्रह करीब साढ़े चार सौ करोड़ वर्ष पहले हमारे सौर मंडल के बनने के समय के अवशेष हैं। ये पथरीले वायु-हीन खगोलीय पिंड मुख्यतः मंगल और वृहस्पति ग्रहों के कक्ष के बीच सूर्य की परिक्रमा करते मिलते हैं। सौर मंडल के उस क्षेत्र 'एस्टेरॉयड बेल्ट' कहा जाता है। ये आकार में ग्रहों से बहुत छोटे और उल्का पिंडों से प्रायः बहुत बड़े होते हैं।

एपोफ़िस की खोजः एपोफ़िस को सबसे पहले जून 2004 में देखा गया था। 340 मीटर लंबा यह क्षुद्रग्रह अधिकतर क्षुद्रग्रहों के समान पथरीला है। इसके रंगों के अध्ययन से इसमें निकल, लोहा समेत अन्य धातुओं की उपस्थिति की पुष्टि हुई है। इसका आकार कुछ लंबा माना जा रहा है जिसके दोनों किनारे पर गोले हैं-पत्थर की मूंगफली समझें।

किसी नए क्षुद्रग्रह की खोज उत्साह जगाती है। लोग खोजने वाले/वालों को बधाईयां देते हैं। किन्तु 2004 में एपोफ़िस की खोज उत्साह से जल्द ही चिंता में बदल गई थी। उसे देख कर, उसके पथ की गणना करने पर खगोलविदों ने पाया था कि 2029 में एपोफ़िस के पृथ्वी से टकराने की 2.7 प्रतिशत संभावना थी। टकराने की संभावना आपको कम लग सकती है पर अब तक कोई खगोलीय पिंड नहीं मिला है जिसके पृथ्वी से टकराने की इतनी संभावना रही हो।

पृथ्वी से संभावित टक्करः जैसा आप सोच सकते हैं, एपोफ़िस की खोज के बाद से दुनिया भर के खगोलविद यह जानने में लगे रहे कि यह पृथ्वी से टकराएगा या नहीं और यदि टकराएगा तो किस वर्ष। शुरूआती गणना से तिथि मिली थी 13 अप्रैल 2029। एक तो तेरह, इतनी अशुभ संख्या कि अधिकांश होटलों में तेरहवीं मंजिल होती ही नहीं-बारह के बाद सीधे चौदह। फिर तेरह अप्रैल 2029 एक शुक्रवार मिला। शुक्रवार के दिन ईसा की सलीब पर मृत्यु हुई थी जिसके चलते शुक्रवार पश्चिम में एक मनहूस दिन माना जाता है।

एपोफ़िस पृथ्वी से टकराने तो नहीं जा रहा लेकिन 13 अप्रैल 2029 को वह हमारे बहुत निकट आएगा-बस 19,000 मील की दूरी पर। पृथ्वी के ऊपर जो भूसमकालिक (जिओसिन्क्रोनस) कृत्रिम उपग्रह हैं उनसे भी निकट। वैज्ञानिकों में काफी उत्साह है। इतने निकट से किसी एस्टेरॉयड को देख सकने का यह पहला मौका हमें मिलने जा रहा है। और जो खगोलविद नहीं हैं या जिन्हे खगोल विज्ञान में रुचि नहीं है उनके लिए भी 13 अप्रैल 2029 एक रोमांचकारी दिन (रात समझें) होने जा रहा है - एस्टेरॉयड एपोफ़िस इतना बड़ा है और इतना चमकीला होगा कि करोड़ों लोग उसे बिना किसी दूरबीन के बस अपनी आंखों से आराम से देख सकेंगे। एपोफ़िस बस पूर्वी गोलार्ध में दिखेगा यानी भारतीय उसे देख सकेंगे।

क्या उसका पृथ्वी से टकराना असंभव है?

वैज्ञानिक संभावना में बात करते हैं। उनके अनुसार इसकी संभावना बहुत, बहुत कम है कि एपोफ़िस पृथ्वी से टकराए। पर यह संभावना शून्य नहीं है क्योंकि अगले पांच वर्षों में हो सकता है एपोफ़िस किसी दूसरे खगोलीय पिंड से कहीं टकराए जिससे उसका पथ कुछ बदल जाए, और या पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल उसे खींच कर अपने पथ से उसे विचलित कर दे तो वह हमारे इतने निकट से निकल रहा है कि हमारे सागरों के ज्वार-भाटों के बल से भी वह प्रभावित होगा! आदि। पर ये सभी संभावनाएं मिलकर भी इतनी कम हैं कि हम लोग, जो वैज्ञानिक नहीं हैं, बेझिझक कह सकते हैं कि एपोफ़िस का पृथ्वी से टकराना असंभव है।

## सोशल फोरम

# दूसरों की जिंदगी का दरोगा



हफीज किदवई
लेखक

एक डॉक्टर को लगता है लोग व्यायाम करें। स्वास्थ्यवर्धक भोजन करें। संतुलित जीवन जिएं। वहीं एक शिक्षक को लगता है कि बच्चे के मां बाप उसपर गंभीरता से ध्यान दें और बच्चा कम से कम दस घंटे तो पढ़े। ट्रैफिक पुलिस को लगता है कि लोग हेलमेट लगाए। सीट बेल्ट लगाएं और यातायात के नियमों का पालन करें। धर्म गुरु को लगता है लोग सत्य बोले। संयमित रहें, धर्म विरुद्ध कार्य न करें।

यानि सब यही चाहते हैं कि मेरी नज़र से लोग सही रहें, तो उनका जीवन सफल रहेगा। मगर जब आप इनके अपने जीवन को देखें, तब देखिए यह अपनी विशेषता से अलग हटकर, क्या वह दूसरे की विशेषता को धारण करता है। नहीं।

डॉक्टर अक्सर हेलमेट नहीं पहनेगा, सीट बेल्ट नहीं लगाएगा। ट्रैफिक पुलिस सत्य नहीं बोलेगी, संयमित जीवन नहीं जिएगी। धर्मगुरु संतुलित जीवन नही जिएगा, खानपान पर ध्यान नहीं देगा, भूख और भोजन के अंतर को डॉक्टर की नज़र से नहीं देखेगा। मेरा कहना यह है कि हर एक को, जो उसका प्रोफेशन है, उसके हिसाब से लगता है कि लोगों को वैसा व्यवहार करना चाहिए। वकील अपनी नज़र से लोगों को देखेगा और उम्मीद करेगा कि बेसिक लॉ की जानकारी तो रखनी चाहिए। मोटर मैकेनिक अपनी बताएगा कि गाड़ी का कभी कभी कैसे ख्याल रखना चाहिए। मगर यही सब लोग अक्सर अपने जीवन में दूसरी चीजों को सही से नहीं करते। वकील को डॉक्टर के हिसाब से वाक करनी चाहिए, डॉक्टर को लॉ की समझ होनी चाहिए, मगर क्या ऐसा होता है, नहीं।

इसलिए हम कहते हैं कि दूसरे की ज़िंदगी का दरोगा मत बनिए। इसे जीने दीजिए। थोड़े से व्यायाम, ज़रा सी सच्चाई धर्म कर्म और कुछ बहुत संतुलित भोजन के साथ चटखारे वाले खाने खाने दीजिए। इंसान की ज़िंदगी के बहुत से रंग हैं, बहुत सी ज़रूरतें हैं। वह सिर्फ हाड़ मांस का टुकड़ा नहीं है। वह एक नागरिक भी है। एक समाज की कड़ी भी है। एक मोहल्ले की ईंट भी है। एक शहर की दीवार भी है। उसे हर रोल इन्ही सांसों में निभाना है।

**-फेसबुक वॉल से**

# राजनीति की छाया



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> कुलपति बोले-ब्रह्मचारी और ऋषियों का भोजन-वस्त्र, दुग्ध, ग्रंथ लेखन और उपकरण। मंत्री ने कहा-ब्रह्मचारी और ऋषियों को दूध जैसी विलास की वस्तु क्यों? ग्रंथ लेखन क्यों? उन्हें रट लो। मुट्ठी भर अन्न तो गृहस्थों से मिल ही जाएगा। कुलपति खाली हाथ लौट आए पर आश्रम में आ कर उन्होंने कहा कि आश्रमों में देश की संस्कृति और प्रज्ञा को प्राण मिलते हैं, हम निर्णय करते हैं कि हम गृहस्थों के घर जा कर भिक्षा लाकर आश्रम चलाएंगे। ज्ञान की ज्योति को मन्द नहीं होने देंगे।

राजा विलासी था। मंत्री चालाक और चाटुकार थे। मंत्रियों ने राज्य का खूब शोषण किया, राजकोष खाली हो गया। खर्च घटाना था। मंत्री बोले- खर्च कहां घटाएं, अपनी जो आदत है, विलास की, सो वह तो बदलेगी नहीं, सेना पर खर्च घटेगा तो राज्य कमजोर हो जाएगा।

आश्रमों-गुरुकुलों का खर्च फालतू है, इसे बंद किया जा सकता है। वैसे भी ज्ञान छिद्रान्वेषी और आलोचक होता है, जब तक राज्य में मेधावी रहेंगे तब तक राज्य की आलोचना भी होती रहेगी। सो आलोचना भी बंद हो जाएगी। आश्रमों-गुरुकुलों की वृत्ति बंद कर दी गई।

कुलपति थे-यज्ञव्रत। चिंतित हुए। वे राजा के पास गए।

मंत्री बोला-आप राजकीय-वृत्ति को किस प्रकार खर्च करते हैं?

कुलपति बोले-ब्रह्मचारी और ऋषियों का भोजन-वस्त्र, दुग्ध, ग्रंथ लेखन और उपकरण। मंत्री ने कहा-ब्रह्मचारी और ऋषियों को दूध जैसी विलास की वस्तु क्यों? ग्रंथ लेखन क्यों? उन्हें रट लो। मुट्ठी भर अन्न तो गृहस्थों से मिल ही जाएगा। कुलपति खाली हाथ लौट आए पर आश्रम में आ कर उन्होंने कहा कि आश्रमों में देश की संस्कृति और प्रज्ञा को प्राण मिलते हैं, हम निर्णय करते हैं कि हम गृहस्थों के घर जा कर भिक्षा लाकर आश्रम चलाएंगे। ज्ञान की ज्योति को मन्द नहीं होने देंगे। जन सहयोग से आश्रम तो चलते रहे आश्रम में ज्ञान की ज्योति जगती रही किन्तु राजा के आदेश की आलोचना होने लगी .राजा की निंदा बढ़ गई। राजा ने घबरा कर आदेश दिया कि आश्रमों में निंदक और बगावती पलने लगे हैं, इसलिए कोई गृहस्थ आश्रमों को वृत्ति देगा, वह भी राज विद्रोही माना जाएगा। उसको दंड मिलेगा। अब नया संकट था आश्रम के अस्तित्व का। कुलपति ने ब्रह्मचारियों से कहा कि आप लोग अपने घर से भोजन का प्रबंध कर लें और आचार्य लोग अपने परिवार को पत्नियों के पितृगृह भेज दें, आश्रमों में ज्ञान की ज्योति मंद न पड़े।

मंत्री रथ पर बैठ कर भ्रमण कर रहा था, उसने देखा कि आश्रम तो अभी भी चल रहा है। ज्ञान की ज्योति जग रही है और राजा की निंदा और अधिक बढ गई है। मंत्री ने कुटिल नीति से काम लिया। वह आश्रम में पंहुचा-कुलपति से बात करना चाहता हूं। मंत्री ने एकांत मांगा।

कुलपति ने कहा कि यह आश्रम है, यहां जो कहना है, सबके सामने ही कह दें। मंत्री की दुविधा देखी तो आचार्यजन स्वयं ही बाहर चले गए। मंत्री ने कुलपति के कान में कहा कि सबके सामने आपकी प्रशंसा कैसे करता? और यह कह कर चला गया।

कुलपति ने जो बात थी, वह सबको बतला दी। किन्तु अन्य आचार्य लोगों ने सोचा कि जरूर कुलपति मिथ्या व्यवहार कर रहे हैं, इस बात के लिए भला एकांत की क्या जरूरत होगी? जरूर कोई न कोई बात है! आश्रम पर राजनीति की छाया पड़ चुकी थी, आश्रम का वातावरण बदल गया। मंत्री संदेह का बीज बो गया। अब कुलपति और आचार्य आपस में ही एक दूसरे की निन्दा करने लगे। आचार्य लोग कृपादृष्टि पाने के लिए राज्य-अधिकारियों के दरवाजे पर जाने लगे और ज्ञान की ज्योति मंद पड़ गई।

# महा रविवार



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

महा रविवार, भादौं की छठ के बाद आने वाले रविवार को यह मनाया जाता है। यह त्यौहार सूर्य देव को समर्पित है। सूर्य एक ऐसे देवता हैं जिसे विश्व की सभी प्राचीन सभ्यताओं के देवों में पूज्य स्थान प्राप्त है। आदि मानव का जब इस संसार में आविर्भाव हुआ, उसने सर्वप्रथम आकाश में एक स्वयं प्रकाशित आग का गोला देखा जो रात्रि के तम को तो हरता ही था दिन में प्रकाश व ऊर्जा भी देता था। आदि मानव उस गोले का रहस्य न समझ पाने के कारण प्रकाशवान एवं ऊर्जावान उस आकाशीय पिंड को प्रथम देवताओं में सम्मिलित कर उसकी पूजा करने लगा। हर देश, भाषा, सभ्यता में उसका नाम अलग भले ही था लेकिन वह सबके लिए पूज्य था। पूर्वी उत्तरप्रदेश में सूर्य से संबंधित कई पर्व षष्ठी की तिथि को मनाए जाते हैं।

पर्व के दिन हम प्रातः स्नान कर सूर्य देव को अर्घ्य, पुष्प देकर दीप प्रज्ज्वलित कर उनसे उज्ज्वल भविष्य, बल एवं ऊर्जा का आशीर्वाद मांगते हैं तत्पश्चात भोजन करते हैं। इस व्रत में नमक का सेवन वर्जित है तथा दिन में किसी एक अन्न का ही सेवन कर सकते हैं। आज के दिन सब्जियां खाई जा सकती है लेकिन बगैर नमक की कौन सब्जी खाई जाय? इसके लिए हम नेनुआ, तरोई, सरपुतिया की सब्जी खाते हैं जिसमें प्रकृति ने नमक का अल्प अंश दे रखा है। दूसरा प्रतिबंध यह है कि सूर्यास्त के बाद अन्न का सेवन वर्जित है, फल और चाय के सेवन पर कोई प्रतिबंध नहीं है। इन प्रतिबंधों के कारण हमारे लिए वर्ष का सबसे कठिन त्योहार यही है। मात्र एक दिन नमक न खाने से नमक का महत्व पता चलता है। महिलाओं को तो व्रत की आदत होती है लेकिन पुरुष इस परिपाटी को तोड़ने का प्रयास प्रतिवर्ष करते हैं। कुछ परिवारों में यह प्रथा कमजोर पड़ रही है जबकि हमारे यहां छोटे बच्चों तक को इसके प्रतिबंध कड़ाई से पालन कराए जाते हैं जिससे उनमें यह संस्कार विकसित और दृढ़ हो सके।

# त्योहारों से पहले की छूट



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

एक बिजनेस अखबार ने इस खबर को सुर्खियों में छापा है कि आगामी फेस्टिवल सीजन में कार कंपनियां ग्राहकों पर छूट की बौछार करने जा रही हैं, अगस्त में कारो की बिक्री कम होने के कारण अब आगामी त्योहारों में खरीदारों को लुभाने के लिए और अधिक छूट देने की तैयारी की जा रही है।

कमजोर मांग के कारण डीलरो के यहां बिना बिकी गाड़ियों का जमाव बढ़ता जा रहा है, जिसे कम करने के लिए कंपनियां छूट ले कर आ रही हैं, एक प्रमुख कंपनी ने बताया कि उसके डीलरो के पास 70 से 75 दिनों की बिक्री के लायक स्टाक उपलब्ध है।

इस बार के त्योहारी आफर के लिए प्रमुख कंपनियां मारुति, हुंडई, टाटा, महिंद्रा और हांडा आगे हैं, यह वाहन कंपनियां अलग-अलग गाड़ियों पर भारी छूट देने की तैयारी में हैं। पिछले साल भी फेस्टिवल सीजन में रु 25000 से लेकर एक लाख की छूट विभिन्न माडलों पर दी गई थी जो 2022 के मुकाबले 40 प्रतिशत अधिक थी। उद्योग विशेषज्ञ बताते हैं कि ग्रामीण मांग सुस्त रहने से हाल में गाड़ियों की बिक्री घटी है जिसके कारण विभिन्न कंपनियों द्वारा भारी छूट देने की तैयारी की गई है, विभिन्न राज्यों में यह छूट अलग अलग हो सकती है, इसके अलावा कुछ जगह कुछ डीलर वाहन बीमा पर छूट जैसे प्रोत्साहन दे रहे हैं। इस तरह त्योहारों पर कुछ समय के लिए ही सही मौके को भुनाने और कंपनियां सेल बढ़ाने के लिए तैयारी कर चुकी हैं। ग्राहक भी इन छूटों का लाभ लेने के लिए अपने विवेक का इस्तेमाल करें। किसी भ्रामक जाल में न आए भरपूर बारगेन करें। 2023 का पुराना माडल न लें क्योंकि उसमे वारंटी का नुकसान हो सकता है।

# ग्रामीणों ने चौकी का घेराव कर किया जमकर हंगामा



चौकी में थानाध्यक्ष से बातचीत करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता,एटा

- चौकी इंचार्ज पर किशोरी को तलाशने के बदले 10 हजार रुपये लेने का आरोप
- थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को समझाकर किया शांत, मदद का आश्वासन दिया

**अमृत विचार:** लापता किशोरी का दो सप्ताह बाद भी कोई सुराग नहीं लगा। किशोरी को तलाशने के नाम पर परिजनों से चौकी इंचार्ज ने दस हजार रुपए ले लिए। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने रविवार को चौकी घेराव कर जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंचे कोतवाल ने ग्रामीणों को समझाकर शांत किया।

यह मामला शकरौली कोतवाली क्षेत्र के नगला लाल सिंह गांव का है। यहां से 27 अगस्त को एक किशोरी गांव में सामान लेने गई थी, जिसके बाद घर नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा। 30 अगस्त को थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। इसके बाद से किशोरी के परिजन बार-बार पुलिस चौकी के चक्कर रहे हैं। आरोप है कि चौकी इंचार्ज ने किशोरी को तलाशने के नाम पर 10 हजार रुपये लिए थे। वह किशोरी के बारे में पूछने के लिए चौकी पर गए तो इंचार्ज ने फटकार लगाकर भगा दिया। कहा कि जो करना है कर लो। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने रविवार को शाहनगर टिमरूआ चौकी का घेराव कर हंगामा शुरू कर दिया। इसकी सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने लोगों को समझाकर शांत किया और किशोरी को तलाशने का आश्वासन दिया है।

## सड़क हादसे में युवक की जान गई

**एटा, अमृत विचार:** शनिवार देर रात सड़क हादसे में युवक विजय कुमार की मौत हो गई, जबकि उसका साथी अरशद घायल हो गया। अरशद को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे आगरा रेफर किया गया है। थाना पिलुआ क्षेत्र के गांव उमयरायपुर निवासी विजय कुमार (30) पुत्र हुकुम सिंह अपने साथी अरशद के साथ बाइक पर जा रहे थे। कोतवाली देहात क्षेत्र के निधौली कलां रोड स्थित सेंट पॉल्स स्कूल के पास पहुंचने पर उनकी बाइक किसी वाहन ने टकरा गई। इस हादसे में विजय कुमार की मौके ही मौत हो गई।

# एएसपी को चैकिंग में सोते मिले बागवाला थानाध्यक्ष



रात में चैकिंग करते एएसपी राजकुमार सिंह। ● अमृत विचार

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** अपर पुलिस अधीक्षक राज कुमार सिंह ने रात में चौकी गोदाम, चौकी मंडी, चौकी इंद्रपुरी व समस्त कोबरा को चेक किया। इस दौरान उन्हें कई पुलिस कर्मी अनुपस्थिति मिले।

एएसपी ने थाना बागवाला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें थानाध्यक्ष बागवाला अपने आवास पर सोते मिले। एएसपी ने ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को रोड गश्त करने व ड्यूटी के समय सतर्क रहने के निर्देश दिए। एएसपी राजकुमार सिहं ने थानाध्यक्ष बागवाला के ड्यूटी के दौरान अपने आवास में सोने के बारे में एसएसपी श्याम नारायण सिंह को बताया और उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए लिखा गया है।

## करंट लगने से युवक की मौत

**एटा, अमृत विचार :** गांव नगला प्रेमी के चंदन सिंह की टूटे बिजली के तार की चपेट में आकर मौत हो गई। कोतवाली नगर क्षेत्र के गांव नगला प्रेमी निवासी चंदन सिंह रविवार सुबह खेतों की ओर जा रहा था। इसी समय टूटे पड़े तार की चपेट में आ गया। करंट लगते ही वह झुसल गया। चंदन को करंट लगता देख आसपास के लोग पहुंच गए। उसे अस्पताल में भर्ती कराया। डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो आरोपी किए गिरफ्तार



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

**एटा, अमृत विचार :** गांव नगला प्रेमी के चंदन सिंह की टूटे बिजली के तार की चपेट में आकर मौत हो गई। कोतवाली नगर क्षेत्र के गांव नगला प्रेमी निवासी चंदन सिंह रविवार सुबह खेतों की ओर जा रहा था। इसी समय टूटे पड़े तार की चपेट में आ गया। करंट लगते ही वह झुसल गया। चंदन को करंट लगता देख आसपास के लोग पहुंच गए। उसे अस्पताल में भर्ती कराया। डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## अनियंत्रित होकर कार खाई में गिरी

**एटा, अमृत विचार:** सकीट रोड स्थित नवोदय के समीप सावलात चोराहे के पास तेज रफ्तार कार खाई में गिर गई। थाना सकीट क्षेत्र के गांव नगला पंछी से दो युवक कार में सवार होकर एटा की ओर जा रहे थे। यह लोग सकीट से करीब आधा किमी ही निकल पाए थे कि अचानक कार का संतुलन बिगड़ गया। इससे कार सड़क से करीब 10 फुट गहरी खाई में जा गिरी। गनीमत रही उस समय मार्ग पर आस पास कोई नही था। कार सवार दोनों युवकों को मामूली चोट आई है और सही हैं।

# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, इटावा

पत्रांक :– एस0एस0ए0/के0जी0बी0वी0 / स्टाफ चयन / 5259–54 / 2024–25 दिनांक :– 14–09–24

**विज्ञप्ति सूचना**

महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक–के0जी0बी0वी0/3715/2022–23 दिनांक 25.08.2022 तथा पत्रांक–के0जी0बी0वी0/11308/2022–23 दिनांक–14.02.2023, शासनादेश संख्या– 2805/68–5–2023–5/2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 दिनांक– 01.02.2023, शासनादेश संख्या – 68–5099/37/ 2023–5 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5, लखनऊ दिनांक – 20.04.2023 तथा राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय, लखनऊ के पत्रांक– के0जी0बी0वी0 / 1121 / 2023–24 दिनांक – 25.04.2023 एवं शासनादेश संख्या – 1553 / 68–5–2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग–05 लखनऊ दिनांक–11.012.2020 के अनुक्रम में सक्षम अधिकारी के अनुमोदन दिनांक– 14.09. 2024 के अनुपालन में जनपद इटावा में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नगर क्षेत्र एवं ताखा, इटावा में शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों के रिक्त पदों पर सेवा अनुबन्ध के आधार पर निर्धारित मानदेय पर कार्य करने की इच्छुक अर्ह महिला अभ्यर्थियों से पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, माल गोदाम रोड, इटावा में निर्धारित प्रारूप पर दिनांक– 03.10.2024 सांय 05: 00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। पंजीकृत डाक के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें। **रिक्त पदों का विवरण निम्नवत् है–**

**जनपद इटावा के कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों में शैक्षिक तथा शिक्षणेत्तर कार्मिकों के रिक्त पदों का विवरण**

| क्र. सं. | पदनाम | विषय | शैक्षिक योग्यता | मानदेय | रिक्त पदों की संख्या | वर्गवार रिक्त पदों का विवरण | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | अनारक्षित | अनु0 जाति | अनु0 जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका | हिन्दी, संस्कृत | भाषा (हिन्दी एवं संस्कृत से स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 | 24,200/– | 01 | 01 | – | – | – | 01 |
| 2– | पूर्णकालिक शिक्षिका | गणित | (पी0सी0एम0 वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0) | 24,200/– | 01 | 01 | – | – | – | 01 |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षिका | अंग्रेजी | अंग्रेजी (अंग्रेजी से स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0) | 24,200/– | 01 | – | – | – | 01 | 01 |
| 4 | अंशकालिक शिक्षिका | स्काउट गाइड एवं | शारीरिक शिक्षा– बी0पी0एड0, सी0पी0एड0 एवं डी0पी0एड0 आदि की उपाधि | 10780/– | 01 | – | – | – | 01 | 01 |
| 5 | चपरासी | कक्षा 8 उत्तीर्ण | | 6325/– | 01 | – | 01 | – | – | 01 |
| 6 | सहायक रसोईया | कक्षा 8 उत्तीर्ण | | 5693/– | 01 | – | 01 | – | – | 01 |

**अर्हता एवं शर्त :–** http://etawah.nic.in पर देखी जा सकती हैं।

1. पूर्णकालिक शिक्षिकाओं के पद के लिये निर्धारित योग्यता उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 एवं प्रशिक्षण स्नातक होगी। प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0 एड0 / समकक्ष एल0टी0 इत्यादि प्रशिक्षण को सम्मिलित किया जायेगा ।
2. कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की ऐसी शिक्षिकाऐं जो वर्ष 2020–21 में नवीन संविदा से वंचित हो गये है, इस विज्ञप्ति के सापेक्ष आवेदन करने पर आयु सीमा में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कार्यरत अवधि के समतुल्य छूट इस प्रतिबन्ध के साथ प्रदान की जायेगी कि आवेदनकर्ता की उम्र 60 वर्ष से अधिक न हो ऐसे कर्मियो को प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर की गयी सेवा अवधि के सम्पूर्ण शैक्षिक वर्ष के लिये 2 प्रतिशत अतिरिक्त भारांक प्रदान किया जायेगा जो अधिकतम 30 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा । संख्या / के0जी0बी0वी0/ 3–2 / 1916/2013–14 दिनांक – 29.07.2013 के पूर्व से कार्यरत होने की दशा में उक्त शैक्षिक कर्मियों के लिये टी0ई0टी की अर्हता अनिवार्य नहीं होगा ।
3. अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु 21 वर्ष तथा अधिकतम आयु 45 वर्ष होगी। आयु की गणना 01.07.2024 को आधार मानकर की जायेगी।
4. कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में पूर्णकालिक शिक्षिका, अंशकालिक शिक्षिका के पद पर चयन सीधे मेरिट के आधार पर किया जायेगा ।
5. सहायक रसोईया, चपरासी के पद पर चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा ।
6. किसी सेवा से बर्खास्त, नैतिक / चारित्रिक अक्षमता के अपराध के लिये दोष सिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिये अर्ह नहीं होगें। इस हेतु अन्तिम शैक्षिक संस्था/किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा। यदि चयनित अभ्यर्थी की सेवाएं अनुपयुक्त पायी जाती है तो उन्हें एक माह का नोटिस देकर सेवाओं को समाप्त कर दिया जायेगा। गम्भीर परिस्थितियों/वित्तीय अनियमिता/गंभीर अनुशासनहीनता की स्थिति उत्पन्न होती है तो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत अनुमोदनोपरान्त के आधार पर जिलाधिकारी के अनुमोदनोपरान्त संविदा समाप्त करते हुए सम्बन्धित के विरूद्ध प्राथमिक सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी ।
7. चयन उपरान्त पूर्णकालिक शिक्षकाओं, चपरासी तथा सहायक रसोइयों को विद्यालय परिसर में ही निवास करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में उनका चयन समाप्त कर दिया जायेगा। पूर्णकालिक स्टाफ को अपने साथ परिवार के किसी भी सदस्य को विद्यालय परिसर में रखने की अनुमति नहीं है । समस्त स्टाफ के भोजन व्यवस्था उनकी स्वंय की होगी ।
8. समस्त पदों पर केवल महिला अभ्यर्थियों का ही चयन किया जायेगा ।
9. उपरोक्त रिक्तियों हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति एवं आवेदन पत्र को जनपद इटावा के वेबसाइट https://etawah.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
10. लिफाफे के ऊपर मोटे अक्षरों में कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय में पद / विषय / जाति वर्ग के लिए आवेदन किया जा रहा है, स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए ।
11. इच्छुक पात्रताधारी अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र दिनांक– 03.10.2024 को सांय 05: 00 बजे तक कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, माल गोदाम रोड, इटावा पिन कोड – 206001 को केवल स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित कर सकते हैं। इनके बाद प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।
12. आवेदन पत्र के साथ अपनी दो स्व–प्रमाणित फोटो, समस्त शैक्षिक अंकपत्र, प्रमाण पत्र, अनुभव (के0जी0बी0वी) प्रमाण–पत्र, सामान्य निवास प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, राजपत्रित अधिकारियों द्वारा निर्गत 02 चरित्र प्रमाण–पत्र, आधार कार्ड, टी0ई0टी. (उच्च प्राथमिक स्तर) एवं अन्य वांछित प्रमाण–पत्रों की स्व–प्रमाणित छायाप्रतियाँ तथा अपने पता लिखे हुए 02 लिफाफे स्पीड पोस्ट के निर्धारित शुल्क की डाक टिकट लगे हुए अवश्य संलग्न करें।
13. अपूर्ण, अस्पष्ट, बिना संलग्नकों वाले, बिना हस्ताक्षर, प्रारूप से भिन्न, अधूरे संलग्नकों वाले आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जायेगा।
14. विज्ञप्ति को किसी भी समय बदलने / निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा ।

**(विकास सक्सेना)**
**जिला समन्वयक (बा0शि0)**
**समग्र शिक्षा, इटावा**

**(डा0 राजेश कुमार)**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**इटावा**

**जनपद इटावा में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में चयन हेतु आवेदन पत्र**

(आवेदन पत्र अभ्यर्थी द्वारा स्वयं साफ–साफ भरा जाये। कटिंग एवं ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी। नाम एवं पिता का नाम तथा जन्मतिथि हाईस्कूल के प्रमाण–पत्र के अनुसार लिखी जाये अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण एवं अस्पष्ट आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेगें ।)

**आवेदन पत्र**

1. आवेदित पद का नाम–...............................................................
2. विषय...........................................................................................
3. अभ्यर्थी / अभ्यर्थिनी का नाम हिन्दी में –.......................................

**(अंग्रेजी के कैपिटल अक्षर में)**

4. पिता/पति का नाम (हिन्दी में) –....................................................
5. जन्मतिथि (हाईस्कूल के प्रमाण–पत्र के आधार पर आयु ................दिन..........माह.............वर्ष..............
(शब्दो में )........................................................................................
6. 01 जुलाई 2024 को हाईस्कूल के प्रमाण पत्र के आधार पर आयु............. दिन............ माह ........... वर्ष............
(अ) गृह जनपद का नाम व पता (थाना सहित)................................
(ब) पत्र व्यवहार का पता .........................................................
7. ई–मेल आई0डी0...........................................................मो0......................................
8. जाति/वर्ग (सामान्य, अनुजाति, अन्य पिछडी जाति) ...................................................
9. अनुभव के0जी0बी0वी0 यदि हो.................................................................................
10. अभ्यर्थी की शैक्षिक/प्रशिक्षण योग्यता का विवरण. ............................................................

| परीक्षा | बोर्ड / विश्वविद्यालय | विषय | उत्तीर्ण वर्ष | अनुक्रमाक | पूर्णाक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा–8 (केवल सहायक रसोईया, चौकीदार एवं चपरासी पद हेतु) | | | | | | | |
| हाईस्कूल | | | | | | | |
| इण्टरमीडिएट | | | | | | | |
| स्नातक | | | | | | | |
| प्रशिक्षित स्नातक (बी0एड0) | | | | | | | |
| अध्यापक पात्रता परीक्षा / टी0ई0टी0 (कक्षा 06 से कक्षा 08 तक उच्च प्राथमिक स्तर | | | | | | | |

**1. कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शिक्षण का अनुभव (प्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करे)**

| क्र0स0 | के0जी0बी0वी0 | प्रथम संविदा तिथि | अंतिम संविदा तिथि | शिक्षण कार्य का अनुभव | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दिन | माह | बर्ष |
| | | | | | | |

**2. संलग्नकों का विवरण**

1.................................................6.................................................
2.................................................7.................................................
3.................................................8.................................................
4.................................................9.................................................
5.................................................10...............................................

**घोषणा**

मै शपथपूर्वक अभिकथन करती हूँ कि उपरोक्त विवरण सत्य है तथा आवेदन पत्र प्रेषित करने के पूर्व समस्त अंकित विवरण का मेरे द्वारा परीक्षण कर लिया गया हैं चयन के पूर्व अथवा बाद मे जांचोपरांत कोई भी विवरण असत्य अथवा गलत पाये जाने पर सम्बन्धित संस्थान / प्राधिकारी मेरा सेवा अनुबन्ध समाप्त करते हुए प्राथमिकी दर्ज करने व भुगतानित मानदेय की वसूली करने का अधिकारी होगा। आवेदन पत्र में अंकित सूचनाओं से सम्बन्धित मूल प्रमाण पत्र / अंक पत्र आवेदन करने की तिथि के पूर्व से मेरे पास उपलब्ध है ।

**अभ्यर्थी / अभ्यर्थिनी का पठनीय हस्ताक्षर**

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, इटावा**

# महिला को डरा या गुमराह कर संबंध बनाना दुष्कर्म: हाईकोर्ट

## न्यायालय ने खारिज की आगरा के राघव कुमार की याचिका

प्रयागराज,एजेंसी



● आरोपी ने शादी का झांसा देकर किया था दुष्कर्म

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक निर्णय में कहा है कि कोई व्यक्ति भले ही महिला की सहमति से उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता हो, लेकिन यदि महिला भयभीत या भ्रमित होकर ऐसी सहमति देती है तो ऐसे संबंध को दुष्कर्म ही माना जाएगा। न्यायमूर्ति अनिस कुमार गुप्ता ने यह टिप्पणी करते हुए आगरा के राघव कुमार नामक एक व्यक्ति की याचिका खारिज कर दी। राघव ने दुष्कर्म के मुकदमे को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया था।

उस पर आरोप है कि उसने एक महिला को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। महिला ने राघव के खिलाफ आगरा के महिला थाने में दुष्कर्म के तहत मामला दर्ज कराया था, जिसकी विवेचना के बाद पुलिस ने 13 दिसंबर, 2018 को आगरा के जिला एवं सत्र न्यायालय में राघव के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल किया था। महिला का आरोप है कि राघव ने पहली बार उसे बेहोश करके शारीरिक संबंध बनाया था और इसके बाद वह शादी का झूठा वादा करके लंबे समय तक यौन शोषण करता रहा। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि आरोपी और शिकायतकर्ता महिला एक-दूसरे को जानते थे और साथ-साथ सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी भी कर रहे थे। वकील ने यह भी दलील दी कि दोनों के बीच सहमति से शारीरिक संबंध बने, जो लंबे समय तक जारी रहे, इसलिए आरोपी राघव के खिलाफ दुष्कर्म का मामला नहीं बनता। वहीं दूसरी ओर, राज्य सरकार के वकील ने याचिका का विरोध किया कि दोनों पक्षों के बीच शारीरिक संबंध की शुरुआत धोखाधड़ी पर आधारित है और राघव ने बलपूर्वक संबंध बनाए, जिसके लिए महिला की ओर से कोई सहमति नहीं थी, इसलिए यह दुष्कर्म का स्पष्ट मामला है। अदालत ने दोनों पक्षों की जिरह सुनने और साक्ष्यों पर गौर करने के बाद 10 सितंबर को दिए अपने निर्णय में कहा कि शुरुआती संबंध धोखाधड़ी, धमकी के साथ और महिला की इच्छा के विरुद्ध स्थापित किए गये, इसलिए प्रथम दृष्टया यह अपराध का मामला बनता है।

# किशोर की हत्या के आरोप में 6 नाबालिग गिरफ्तार

**भदोही, एजेंसी :** जिले में पुलिस ने 16 वर्षीय एक लड़के की हत्या के आरोप में 6 नाबालिगों को हिरासत में लिया। पुलिस के अनुसार शुक्रवार सुबह खेतलपुर गांव के एक खेत में शिव शंकर प्रजापति (16) का शव बरामद किया गया था। गला घोंटकर उसकी हत्या की गयी थी और घटनास्थल पर शराब की बोतल मिली थी । पुलिस अधीक्षक मीनाक्षी कात्यायन ने कहा कि इस मामले में 13 से 16 वर्ष की आयु के 6 लड़कों को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि एक लड़की के साथ शिव शंकर के प्रेम प्रसंग के कारण उसकी हत्या की गई। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने शिव को झांसे में लेकर शराब की दुकान पर बुलाया और बहुत ज्यादा शराब पिलाने के बाद रस्सी से उसका गला घोंट दिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी 6 नाबालिगों को विधिक कार्रवाई के बाद किशोर गृह भेज दिया जाएगा।

# अब तक 420 फर्जी शिक्षकों पर एफआईआर, 722 की जांच जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● 2020 से जारी है फर्जी शिक्षकों की जांच, अब तक हो चुकी हैं 1142 शिकायतें

**अमृत विचार :** विगत चार वर्षों में जाली दस्तावेज लगाकर शिक्षक पद पर नियुक्ति पाने वाले 420 शिक्षकों पर एफआईआर दर्ज की गई है। इसी तरह 722 और फर्जीबाड़े की शिकायत पर जांच जारी है। सर्वाधिक फर्जी शिक्षक देवरिया जिले में पाए गए हैं। फर्जी शिक्षकों लगातार शिकायतों को देखते हुए एसटीएफ मुख्यालय ने अब शिकायतों की जांचों को इकाई स्तर पर ही कराने का निर्णय लिया है, ताकि मुख्यालय पर अधिक भार न हो।

प्रदेश में फर्जी तरीके से नौकरी हासिल करने के कई केस सामने आने के बाद सरकार ने 2020 में जांच एसटीएफ को सौंपी थी। एसटीएफ ने अब तक 1142 शिकायतों की जांच शुरू की। संबंधित बेसिक शिक्षा अधिकारियों से आरोपी शिक्षक की मार्कशीट और अन्य दस्तावेज मंगाकर जांच की गई। प्रदेश के 75 जिलों में से 53 में 420 फर्जी शिक्षक मिले। जिलेवार देखा जाए तो देवरिया में सर्वाधिक 54, मथुरा में 43, सिद्धार्थनगर में 33, बस्ती में 30, गोरखपुर में 23, श्रावस्ती में 21, सीतापुर में 21, महराजगंज में 20, बलिया में 17, आजमगढ़ में 15, प्रतापगढ़ में 15, बलरामपुर में 12, संतकबीर नगर में नौ और हरदोई में छह फर्जी शिक्षक मिले। 2018 में हर जिले में जांच के लिए बनाई गई थी। कमेटी को 2008 के बाद नियुक्त सभी शिक्षकों की जांच करनी थी। यही नहीं 2020-21 में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में फर्जी शिक्षक पकड़े गए।

अधिकारियों के मुताबिक फर्जी नियुक्ति कराने वाले गिरोह के सदस्य पहले हुई भर्ती में चयनित शिक्षकों की मार्कशीट, अन्य प्रमाण पत्रों और दस्तावेज की डुप्लीकेट कॉपी संबंधित बोर्ड, यूनिवर्सिटी और विभिन्न संस्थानों से जुटाते थे। जिन शिक्षकों के अंक ज्यादा होते, उन्हीं के नाम और दस्तावेजों के आधार पर किसी व्यक्ति को सहायक अध्यापक पद पर नौकरी दिलाते थे।

## सार-संक्षेप

### छह बिजली अभियंताओं को मिलेगा अभियंता रत्न

**लखनऊ, अमृत विचार :** पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन की ओर से ऊर्जा निगमों के छह अभियंताओं को अभियंता रत्न दिया जाएगा। इन अभियंताओं में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के निदेशक वाणिज्य योगेश कुमार, महाप्रबंधक प्रशिक्षण ईटीआई आरपी केन, मुख्य अभियंता प्रयागराज एसपी सिंह, पूर्व अधीक्षण अभियंता पीएम प्रभाकर, मुख्य अभियंता झांसी महेंद्र सिंह व अधिशासी अभियंता अनिल कुमार शामिल हैं। रविवार को एसासिएशन के कार्यालय में आयोजित अभियंता दिवस कार्यक्रम में यह घोषणा की गई। इस मौके पर भारत रत्न सर एम विश्वेश्वरैया के जन्म दिन पर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा समेत अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

### बस में पुलिस निरीक्षक की हृदयाघात से मौत

**प्रयागराज,अमृत विचार :** प्रदेश पुलिस के निरीक्षक अनुराग शर्मा (36) की लखनऊ से प्रयागराज आते समय रोडवेज की बस में हृदय गति रुकने से मौत हो गई। कोतवाली थाने के प्रभारी रोहित तिवारी ने बताया कि सहारनपुर निवासी अनुराग शर्मा का हाल ही में प्रयागराज से लखनऊ स्थानांतरण हुआ था और वह छुट्टी लेकर बस से प्रयागराज आ रहे थे। उनकी पत्नी और बच्चे प्रयागराज में ही रहते हैं। उन्होंने बताया कि अनुराग कल रात रोडवेज की बस में सवार हुए थे और आज सुबह जीरो रोड बस अड्डे पर सभी सवारियों के उतरने के बाद जब अनुराग अपनी सीट से नहीं उठे तो परिचालक ने उन्हें जगाने की कोशिश की और नहीं उठने पर उसने पुलिस को सूचना दी। तिवारी ने बताया कि अनुराग शर्मा के परिजनों को उनके निधन की सूचना दे दी गई है। प्रथम दृष्टया उनकी मृत्यु हृदय गति रुकने से प्रतीत हो रही है।

### महोबा में बहू की हत्या के बाद ससुर ने की आत्महत्या

**बांदा,अमृत विचार :** महोबा जिले के महोबकंठ थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने शराब पीकर अपनी बहू की कुल्हाड़ी से हत्या करने के बाद खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महोबकंठ थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) राधेश्याम वर्मा ने रविवार को बताया कि थाना क्षेत्र के चौका गांव में शनिवार को रवि कुशवाहा की पत्नी माया देवी (32) का खून से लथपथ शव उसके घर के अंदर चारपाई पर मिला और उसके गले पर घाव के गहरे निशान थे। उन्होंने बताया कि माया के पिता रामकिशन कुशवाहा ने अपनी बेटी की हत्या का आरोप अपने दामाद रवि और समधी गोपाल कुशवाहा (58) पर लगाया लेकिन शनिवार को रात करीब नौ बजे सूचना मिली कि गोपाल का शव खेत में एक पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला है। पुलिस ने आशंका जताई कि गोपाल ने कार्रवाई के भय से आत्महत्या की होगी। वर्मा ने बताया कि रामकिशन कुशवाहा की तहरीर के आधार पर माया के पति रवि और ससुर गोपाल के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि रवि फिलहाल फरार है।

### महिला कर्मचारियों को ले जा रही वैन में तोड़फोड़

**लखनऊ, अमृत विचार :** महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन में तैनात महिला कर्मचारियों को घर छोड़ने जा रही वैन में अराजकतत्वों ने तोड़फोड़ और कर्मचारियों से अभद्रता की। इस मामले में गौतमपल्ली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन मुख्यालय में तैनात अपर पुलिस अधीक्षक विजय त्रिपाठी ने गौतमपल्ली थाने में शिकायत की है। इसमें बताया कि 8 सितंबर की रात करीब 12 बजे मुख्य आरक्षी शेष विंद वैन लेकर निकले थे। वैन में संगठन मुख्यालय के प्रशासनिक (1090) की महिला कर्मचारी सवार थी। चौराहे पर कुछ अराजकतत्वों ने वैन रोक कर कर्मचारियों से गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर वैन में तोड़फोड़ कर दी। मुख्य आरक्षी ने सतीश यादव नाम के युवक पर कुछ लोगों के साथ अराजकता करने का आरोप लगाया। आरोप है कि उसने जान से मारने की धमकी भी दी। एएसपी ने बताया कि शेष विंद की रिपोर्ट के आधार पर उच्चाधिकारियों ने एफआईआर कराने का निर्देश दिया।

# मेरठ में मकान ढहने की घटना में मृतक संख्या 10 तक पहुंची, 5 घायल

मेरठ/लखनऊ,एजेंसी

● पीड़ित परिवार को 4-4 लाख की आर्थिक सहायता मिलेगी

मेरठ की जाकिर कॉलोनी में तीन मंजिला मकान गिरने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। मेरठ के जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि शवों के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया जारी है और जल्द ही शवों को परिजन को सौंप दिया जायेगा।

उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार को प्रति मृतक चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता और मकान पूर्णतः क्षतिग्रस्त होने के कारण 1.20 लाख रुपये दिए जाने की कार्रवाई भी की जा रही है। सपा और कांग्रेस ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की सरकार से मांग की है। प्रशासन ने मृतकों के नामों की एक नई सूची जारी की है। जिलाधिकारी ने बताया कि जब बचाव अभियान शुरू हुआ था तो रिश्तेदारों ने 15 लोगों के बारे में जानकारी दी थी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शनिवार शाम को हुई जिसकी जानकारी तत्काल आपात सेवाओं को दी गई। शनिवार शाम से शुरू हुआ राहत और बचाव कार्य रविवार को समाप्त हुआ।

# महिला सुरक्षा पर भाजपा सरकार के दावे खोखले : खानम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** महिला सुरक्षा को लेकर प्रदेश सरकार खोखले दावे कर रही है। कांग्रेस की महिला सदस्यता अभियान कार्यक्रम उप्र की पर्यवेक्षक सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट अरफा खानम व उप्र महिला कांग्रेस मध्य जोन की अध्यक्ष ममता चौधरी ने कहा कि महिलाओं पर उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ गई हैं, साथ ही, एफआईआर तक दर्ज नहीं हो रही है। कांग्रेस नेता रविवार को महिला कांग्रेस स्थापना दिवस पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रही थीं। इस मौके पर महिला सदस्यता अभियान की शुरुआत हुई।




रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला कांग्रेस की नेता अरफा खानम व ममता चौधरी। ● अमृत विचार

नेताओं ने कहा कि देश में महिलाओं के राजनीतिक व सामाजिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 15 सितंबर 1984 को प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने महिला कांग्रेस की स्थापना की थी। अरफा खानम ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की उदासीनता यह दर्शाती है कि भाजपा सरकार महिलाओं की प्रति कितनी संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों अयोध्या में 20 वर्षीय युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध रही है।

### कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल अयोध्या जाएगा

कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में अयोध्या जाएगा और महिला के साथ दुष्कर्म की घटना की जानकारी लेगा। कांग्रेस नेता अरफा खानम ने कहा कि देश की आधी आबादी कांग्रेस की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। हमें उनकी आवाज बनकर उनके मुद्दों व समस्याओं को हल कराने के लिए संघर्ष करना होगा।

# सपा ने जम्मू-कश्मीर चुनाव को स्टार प्रचारक उतारे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● शिवपाल यादव का नाम प्रचारकों की सूची में नहीं

**अमृत विचार :** जम्मू-कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव में इस बार समाजवादी पार्टी भी दांव आजमाएगी। इसको लेकर सपा ने रविवार को अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की।

20 स्टार प्रचारकों की इस सूची में सपा प्रमुख अखिलेश यादव समेत सात सांसद, दो राष्ट्रीय सचिव और एक विधायक तक को शामिल किया गया है, लेकिन शिवपाल सिंह यादव का नाम इसमें नहीं है। अखिलेश यादव के साथ जम्मू-कश्मीर विस. चुनाव में प्रचार को उतरने वालों में सपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरनमय नंदा, सांसद अवधेश प्रसाद, सांसद धर्मेन्द्र यादव, राज्यसभा सांसद जावेद अली, सांसद हरेंद्र मलिक, सांसद इकरा हसन, सांसद प्रिया सरोज, सांसद पुष्पेंद्र सरोज, विधायक कमाल अख्तर, विधान परिषद सदस्य जासमीर अंसारी, पूर्व विधान परिषद सदस्य उदयवीर सिंह, राष्ट्रीय सचिव राम आसरे विश्वकर्मा और आकिल मुर्तजा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य फरूख सियर, जम्मू एवं कश्मीर प्रदेश अध्यक्ष जिलालाल वर्मा, जम्मू-कश्मीर खालिद तुफैल डार, जम्मू-कश्मीर महासचिव फैयाज अहमद भट्ट, जम्मू-कश्मीर प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय अबरोल और जम्मू कश्मीर सपा के मोहम्मद आजम का नाम शामिल है। मुलायम यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस को विजयपुर विस. क्षेत्र का जिम्मा दिया है।

# रिटायर्ड इंजीनियर को डिजिटल अरेस्ट कर वसूले 6 लाख रुपये

**लखनऊ, अमृत विचार :** साइबर जालसाजों ने गोमतीनगर निवासी रिटायर्ड इंजीनियर को डिजिटल अरेस्ट कर 6 लाख रुपये वसूल लिए। पीड़ित ने गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गोमतीनगर के विपुलखंड-3 निवासी गोपाल कृष्ण विकास प्राधिकरण में इंजीनियर थे। उन्होंने बताया कि 4 सितंबर की सुबह उनके मोबाइल पर अंजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को महाराष्ट्र पुलिस का अधिकारी बताया। कहा कि उनके मोबाइल नंबर का गलत प्रयोग किया गया है। इससे देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त लोगों से बातचीत की गई है। इसके बाद उनको डिजिटल अरेस्ट कर लिया। जालसाजों ने उनसे 6 लाख रुपये महादेव इंटरप्राइजेज के बंधन बैंक डाकसन रोड शाखा के खाते में ट्रांसफर करा लिए।

## वर्ग पहेली-193

**बाएं से दाएं**

1. 1. बंधन 2. पुल, बांध 3. हद, मर्यादा, सीमा 4. वरुण वृक्ष 5. ओम, प्रणव 6. मेंड़ 7. पहाड़ का तंग रास्ता 8. ग्रंथ की टीका या व्याख्या।

3. दुपट्टा लेने का एक तरीका जिसमें उसे बाएं कंधे के ऊपर एवं दाहिनी बगल के नीचे से ले जाकर पुन: बाएं कंधे पर डालते हैं।

6. 1. चुलबुला होने की अवस्था, चंचलता, चपलता 2. उमंग या यौवन के कारण अंगों की हलचल।

7. तालिबान का सदस्य।


**ऊपर से नीचे**

1. 1. भाला, बरछा 2. एक प्रकार का सन का रस्सा 3. हल में लगी हुई नली जिससे होकर बीज ज़मीन पर गिरते हैं।

2. 1. गाय का चर्म 2. गाय के चमड़े से बना चरसा या मोट जो कुएं से जल निकालने के काम आता है।

4. उदाहरण के साथ, उदाहरण देते हुए।

5. 1. संवारे हुए बालों की पंक्तियां 2. केशों का समूह, बालों की लटें 3. घुंघराले बाल।




### वर्ग पहेली -192 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 अं | गि | र | स | |
| | कु | | | | |
| | रि | | 2 सूँ | 3 घ | ना |
| 4 ख़ु | त | बा | | सी | |
| | यो | | 5 औ | ट | नी |
| 6 अ | व | ता | र | ना | |
| | ना | | | | |

# दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों से मिला सपा का प्रतिनिधिमंडल

**अयोध्या, अमृत विचार :** थाना रौनाही क्षेत्र की अनुसूचित वर्ग की युवती के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म प्रकरण में सपा का प्रतिनिधिमंडल रविवार को सपा नेता फिरोज खान गब्बर के नेतृत्व में पीड़िता के परिजनों से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें हर संभव सहायता दिलाए जाने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में सपा जिला उपाध्यक्ष एजाज अहमद, अशोक चौधरी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# सात फेरों के बाद साथ जिए और एक साथ ही छोड़ी दुनिया

संवाददाता, अयोध्या

● शव यात्रा में जनप्रतिनिधियों के साथ सैकड़ों ग्रामीण रहे मौजूद

**अमृत विचार :** साथ जिएंगे, साथ मरेंगे... । इसे संयोग कहें या विधि-विधान में लिखा माना जाए। आज से करीब 70 वर्ष पूर्व बाल विवाह के प्रचलन में घर पर ही सात फेरे लिए, साथ जिए और वैवाहिक जीवन का आनंद लेते हुए गृहस्थ जीवन बिताने के दौरान बुढ़ापे की बेला में पति-पत्नी दोनों की शव यात्रा भी गांव से साथ ही निकली। 10 से 15 मिनट के अंतराल में स्वर्ग लोक सिधारे पति-पत्नी की शव यात्रा में शामिल लोगों की जुबां पर सवाल तैर रहे थे कि इन दोनों बुजुर्गों का गजब का साथ रहा है। पौपूजी रिवाज के चलते जहां घर पर ही शादी हुई।



झगरू।



कैलाशपती।

दोनों गृहस्थ जीवन में लीन रहे और करीब 90 वर्ष की उम्र के पड़ाव पर दोनों एक ही दिन रविवार सुबह इस दुनिया से विदा हो लिए। ग्रामीण बताते हैं कि सदर तहसील के पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के शिवदासपुर गांव में जन्मे झगरू 90 वर्ष का विवाह बाल्यावस्था में करीब 15 वर्ष की उम्र में कैलाशपती के साथ पौपूजी रीति रिवाज के चलते हुआ था। प्रचलन के मुताबिक कन्या पक्ष के लोग दुल्हन को वर पक्ष के घर पर लाए और झगरू के साथ उनके पैतृक गांव शिवदासपुर में ही शादी करवाई। वैवाहिक जीवन के दौरान इन्होंने एक बेटे को जन्म दिया, जिसका नाम ओमप्रकाश वर्मा है। पति-पत्नी का गृहस्थ जीवन बड़े ही आराम से गांव में बीत रहा था। करीब 75 वर्ष की उम्र का पड़ाव पार करने के दौरान झगरू एक सड़क दुर्घटना में पैर से जख्मी हो गए थे, जबकि उनकी पत्नी कैलाशपती 80 वर्ष की उम्र में आंखों की बीमारी के चलते बेहद कमजोर हो चुकी थीं। करीब 12 वर्ष तक बीमारी को झेलते हुए झगरू वर्मा व कैलाशपति दोनों को एक साथ रविवार सुबह करीब 9 बजे मंडलीय अस्पताल दर्शन नगर पहुंचाया गया। झगरू ने अस्पताल की चौखट पर व कैलाशपती अस्पताल परिसर में घुसने से पहले ही दम तोड़ चुकीं थीं।

## सुडोकू -106

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | | | 2 | | |
| | 5 | | 7 | 4 | | 3 | | |
| 6 | | 1 | 5 | | 2 | | | |
| 5 | | 7 | 3 | | | | 9 | |
| | | 6 | 9 | | 5 | 1 | | |
| | 8 | | | | 1 | 4 | | 7 |
| | | | 4 | | 8 | 7 | | 1 |
| | | 4 | | 2 | 7 | | 6 | |
| | | 2 | | | | 9 | | |

### सुडोकू - 105 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 4 | 8 | 1 | 3 | 6 | 9 | 7 | 5 | 2 |
| 3 | 7 | 5 | 1 | 2 | 4 | 9 | 6 | 8 |
| 8 | 9 | 4 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 6 | 7 | 4 | 9 | 1 | 3 | 8 | 5 |
| 1 | 5 | 3 | 7 | 8 | 6 | 4 | 2 | 9 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 4 |
| 5 | 4 | 9 | 6 | 1 | 8 | 2 | 3 | 7 |
| 7 | 3 | 8 | 9 | 4 | 2 | 5 | 1 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 सितंबर सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 03.10 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**मेष** – आज प्रेम संबंधों को लेकर काफी भावुक हो सकते हैं। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होने की संभावना है। परिजनों के प्रति थोड़ा चिन्तित रहेंगे। सुख के साधनों पर आप धन खर्च करेंगे। जीवनसाथी की सलाह लेने से आपको लाभ होगा।

**वृष** – आज परिवार में किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा होगी। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। आपके मस्तिष्क में नए रचनात्मक विचार उत्पन्न होंगे। मीडिया क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान मिलेगा।

**मिथुन** – आज विदेश में रहने वाले परिजनों की चिन्ता हो सकती है। बुखार और शारीरिक कमजोरी महसूस होगी। जॉब में परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। पिता अपने बच्चों से किसी कारण नाराज हो सकते हैं। प्रेम संबंधों में परस्पर विश्वास में कमी होने की आशंका है।

**कर्क** – आज आपका मन किसी कारण अप्रसन्न रहेगा। उच्च शिक्षा में बाधाओं का सामना करना पड़ेगा। अटका हुआ धन वापस मिलने में कठिनाई होगी। मेहनत का उत्तम परिणाम नहीं मिलेगा। स्वयं की गलतियों पर पर्दा न डालें। आज अपने मित्रों के साथ समय बिताना पसन्द करेंगे।

**सिंह** – आज पारिवारिक संबंधों की कटुता दूर होगी। पार्टनरशिप में किए गए व्यवसाय से आपको लाभ होगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि हो सकती है। जॉब में आपका प्रभाव बढ़ेगा। बुद्धिमान लोगों का मार्गदर्शन प्राप्त हो सकता है।

**कन्या** – आज मांगलिक कार्यक्रमों की योजना बना सकते हैं। परिवार के लोगों का विरोध करने से बचें। नए रोजगार की प्राप्ति हो सकती है। ऑफिस में अधूरे कार्य पूर्ण करने का दबाव रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा में अच्छे परिणाम मिलेंगे। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा।

**तुला** – आज मन में नए काम को लेकर थोड़ी शंका रहेगी। आपको अपने स्वाभिमान की चिन्ता हो सकती है। घरेलू कार्यों में फंसे रहेंगे। शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। अपने निर्णयों को बार-बार न बदलें। संतान की गतिविधियों पर नजर बनाए रखें।

**वृश्चिक** – आज परिवार में किसी बात को लेकर कलह हो सकती है। अपने चरित्र को अच्छा रखें। योजनाबद्ध तरीके से काम करना लाभकारी होगा। दिखावे पर ज्यादा खर्च करना उचित नहीं है। कानूनी विवादों को लेकर सावधानी रखें।

**धनु** – आज तकनीक के प्रति आप थोड़े शौकीन रहेंगे। कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का माहौल रहेगा। आज छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है। मनोरंजन के साधनों पर धन खर्च करेंगे। नई जॉब मिलने के योग बन रहे हैं। रूढ़िवादी विचारों से बचें।

**मकर** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। धन के मामले में भाग्यशाली रहेंगे। बोलचाल के दौरान सभ्य भाषाशैली का प्रयोग करें। बच्चों की सेहत की चिंता हो सकती है। जिम्मेदारियों के बीच स्वयं के लिए समय अवश्य निकालें।

**कुंभ** – आज अपनी कार्यशैली में बदलाव ला सकते हैं। परिवार को लेकर आप कुछ योजना बना सकते हैं। व्यवसाय में बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने में लगे रहेंगे। अच्छे लोगों के साथ आपके संपर्क मजबूत होंगे। घर में मेहमानों का आना-जाना लगा रहेगा।

**मीन** – आज अपने विचारों को सकारात्मक बनाये रखें। गर्मी के कारण त्वचा विकार हो सकते हैं। बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है। अधीनस्थ कर्मचारियों से अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। व्यवसाय में प्रलोभनों से बचें।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 04.33 तक तत्पश्चात शतभिषा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
संसार – सुबह : 11.23
थैंक गॉड – रात : 08.27

**&pictures**
मालामाल वीकली – सुबह : 11.13
मिशन रानीगंज – रात : 07.30

**Sony Pix**
द मास्क – सुबह : 09.59
वाइट हाउस डाउन – दोपहर : 04.53

**Zee Cinema**
नाग भूमि – सुबह : 10.49
भीमा – रात : 08.00

**Colors Cineplex**
दिल परदेशी हो गया – सुबह : 09.47
यशवंत – रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गप्पू शराब पीकर गाड़ी चला रहा था, अचानक गाड़ी एक खम्बे से टकरा गई
पुलिस- बाहर निकल साले
गप्पू- माफ कर दो दरोगा जी
पुलिस- दारू पी के गाड़ी चलाता है, मुंह खोल
गप्पू- अरे नहीं साहब, पहले से खूब पी रखी है और कितना पिलाओगे...

मां-कल आधी रात को कमरे में आके बोली- बेटा तुझे पता है, कि पेट्रोल सस्ता हो गया है?
मैं – हां मां तो?
मां – चुप चाप फोन बंद कर के सो जा, नहीं तो तेरे इसी फोन पर पेट्रोल डाल के आग लगा दूंगी।

## एक नजर

### यौन शोषण में अस्पताल का सहायक प्रोफेसर निलंबित

**मुंबई।** मुंबई सेंट्रल स्थित सरकारी नायर अस्पताल के एक सहायक प्रोफेसर को एक छात्रा का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि शनिवार को आरोपी सहायक प्रोफेसर को निलंबित कर दिया गया और एक समिति इस घटना की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि इस जांच समिति के निष्कर्षों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### फर्जी वीजा बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर इलाके में फर्जी वीजा बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की टीम ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 14 नेपाली और दो भारतीय पासपोर्ट और फर्जी शेंगेन वीजा बरामद किए हैं।

### धुले में वैन और कार की टक्कर में पांच की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के धुले जिले में रविवार को वैन और कार की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि चार घायल हो गए। यह हादसा सुबह शिंदखेड़ा तालुका के दासवेल फाटा में हुआ। वैन के कार से टकराने से तीन महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई। जांच अनुसार दुर्घटना के समय वैन का चालक नशे में था, उसे मामूली चोटें आईं हैं।

### मालदा में कांग्रेस के स्थानीय नेता की हत्या

**मालदा।** बंगाल के मालदा जिले में रविवार सुबह कांग्रेस के स्थानीय नेता की हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया की हमलावरों ने उन पर गोलीबारी करने के साथ ही देसी बम फेंके थे। मृतक की पहचान मानिकचक के गोपालपुर क्षेत्र के प्रभावशाली कांग्रेस नेता शेख सैफुद्दीन के रूप में हुई है।

# आरक्षण संबंधी बयान पर उपराष्ट्रपति ने राहुल को घेरा

## बोले- संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति की ऐसी टिप्पणी संविधान विरोधी मानसिकता को दर्शाती है

- अमेरीका में राहुल गांधी के आरक्षण समाप्त संबंधित दिया था बयान

**मुंबई, एजेंसी**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरक्षण संबंधित बयान को लेकर उन पर परोक्ष रूप से निशाना साधा। रविवार को मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति की ऐसी टिप्पणी संविधान विरोधी मानसिकता को दर्शाती है। संविधान के प्रति जागरूकता की जरूरत है, क्योंकि कुछ लोग इसकी मूल भावना को भूल गए हैं।

उन्होंने कहा कि संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति का विदेशी धरती पर यह कहना कि आरक्षण समाप्त कर देना चाहिए, संविधान विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। यह वही पुरानी मानसिकता है, बस इसकी जिम्मेदारी किसी और ने ले ली है। आरक्षण योग्यता के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह देश और संविधान की आत्मा है। यह सकारात्मक है, नकारात्मक नहीं। यह समाज को ताकत देने वाले स्तंभों को सहारा देता है। हाल ही में अमेरिका यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने कहा था कि कांग्रेस आरक्षण खत्म करने के बारे में तभी सोचेगी, जब देश में सभी को समान अवसर मिलने लगेंगे और फिलहाल ऐसी स्थिति नहीं है। हालांकि, बाद में गांधी ने कहा था कि उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया गया ताकि यह दिखाया जा सके कि वह आरक्षण के खिलाफ हैं। गांधी ने स्पष्ट किया कि मैं बार-बार कहता रहा हूं कि हम आरक्षण को 50 प्रतिशत से आगे बढ़ाने जा रहे हैं।

धनखड़ ने कहा कि विदेश यात्रा का उद्देश्य भारत की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा करने तथा संविधान के प्रति सम्मान नहीं बल्कि अनादर व्यक्त करना था। संविधान को किताब की तरह नहीं दिखाया जाना चाहिए। इसका सम्मान होना चाहिए, इसे पढ़ा और समझा जाना चाहिए। कोई सज्जन, बुद्धिमान या संविधान का सम्मान करने वाला व्यक्ति कभी भी इस तरह के व्यवहार को स्वीकार नहीं करेगा। चुनाव प्रचार के दौरान गांधी संविधान के संक्षिप्त संस्करण की प्रति दिखाते थे, ताकि कांग्रेस नीत विपक्ष के इस आरोप को बल मिल सके कि भाजपा संविधान में बदलाव करना चाहती है और आरक्षण समाप्त करना चाहती है।



मुंबई में संविधान मंदिर के उद्घाटन पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, उनकी पत्नी सुदेश, राज्यपाल सीपी राधाकृष्ण और केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास अठावले।

### कांग्रेस ने पूछा- क्या आप राहुल का समर्थन करते हैं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से सवाल किया कि क्या वह एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण पर लागू 50 फीसदी की सीमा हटाने की राहुल गांधी की मांग का समर्थन करते हैं? आरक्षण पर राहुल पर निशाना साधने वाले धनखड़ पर पलटवार करते हुए कांग्रेस ने यह सवाल पूछा। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने एक्स पर कहा कि राहुल गांधी ने एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण पर लागू 50 फीसदी की सीमा हटाने की मांग की है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ क्या आप कांग्रेस की इस मांग का समर्थन करते हैं?

# गोप्रतिष्ठा आंदोलन के खिलाफ बीफ फेस्टिवल का एलान

**शैलेश अवस्थी, शिलांग**



- शंकराचार्य ने की 2 अक्टूबर को शिलांग में आयोजन की घोषणा
- मेघालय में किया गया गोरक्षा रैली और गोध्वज का विरोध

**अमृत विचार :** ज्योतिपीठाधीश्वर शंकराचार्य अविन्मुक्तेश्वरानंद की 2 अक्टूबर को शिलांग में प्रस्तावित गोप्रतिष्ठा आंदोलन और रैली का मेघालय में विरोध शुरू हो गया है। यहां की हाइनीवट्रेप यूथ काउंसिल ने एलान किया है कि यदि इस आयोजन पर पाबंदी नहीं लगा तो यहां बड़े पैमाने पर उसी दिन बीफ (गोमांस) फेस्टिवल आयोजित करेंगे।

शंकराचार्य ने देशव्यापी गोप्रतिष्ठा आंदोलन की योजना बनाई है। यह 22 सितम्बर से 9 नवम्बर तक चलेगा। 9 नवम्बर को दिल्ली में महारैली होगी, जिसमें गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग होगी। पूर्वोत्तर राज्यों में इसकी तैयारी है। इस आयोजन से जुड़े मुकुंदानंद ब्रह्मचारी और विकास पाटनी शिलांग आए और प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता का आवेदन किया। हाइनीवट्रेप यूथ काउंसिल (एचवाईसी) को जानकारी मिली तो पदाधिकारी प्रेस क्लब के पास एकत्र हो गए और प्रदर्शन किया। पुलिस भी पहुंच गई, जिससे प्रेसवार्ता नहीं हो सकी। काउंसिल ने शासन और प्रशासन से मांग की कि गोप्रतिष्ठा आंदोलन, रैली और गोध्वज स्थापना की अनुमति नहीं दी जाए। काउंसिल का कहना है कौन क्या खाता है, क्या पहनता है, यह उसका अधिकार है।

गोमांश मेघालय के लोगों का आहार है, इस कारोबार से हज़ारों लोग जुड़े हैं। रोजगार का भी सवाल है। यहां मां का बड़ा स्थान है। उसकी तुलना गाय या अन्य पशु से नहीं हो सकती है। यदि गोरक्षा रैली या इससे जुड़ा कोई आयोजन हुआ तो जिस स्थान पर गोध्वज स्थापित होगा, वहीं बीफ फेस्टिवल मनाएंगे। काउंसिल की मांग है कि मेघालय में गोप्रतिष्ठा आंदोलन की अनुमति न दी जाए। इस विवाद के बाद गोरक्षा रैली का प्रचार थम गया है।

# राहुल नंबर वन आतंकी : केंद्रीय मंत्री बिट्टू

**भागलपुर (बिहार), एजेंसी**

- अमेरिका में सिखों पर की टिप्पणी पर कांग्रेस नेता की आलोचना की

केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने अमेरिका यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा सिखों के संबंध में की गयी टिप्पणी को लेकर रविवार को उनकी आलोचना की और उन्हें देश का सबसे बडा दुश्मन और आतंकवादी बताया। रेल राज्य मंत्री बिट्टू रविवार को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा भागलपुर-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन शुरू करने के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भागलपुर गए थे।

उन्होंने कहा कि एक तो राहुल गांधी हिंदुस्तानी नहीं हैं। ज्यादा वक्त उन्होंने विदेशों में बिताया है। उनके दोस्त और परिजन वहां पर हैं इसलिए कहीं न कहीं उनको देश से ज्यादा प्यार नहीं है। वह बाहर जाकर उल्टा-पुल्टा बोलते हैं। अब उन्हें अलगाववादियों का समर्थन मिल गया है, जो देश को बांटने की बात करते हैं। अलगाववादी और अतिवांछित लोग भी सिखों के संबंध में राहुल गांधी की टिप्पणी की सराहना कर रहे हैं। जब बम बनाने में माहिर लोग राहुल का समर्थन कर रहे हैं, तब वह देश के नंबर वन आतंकी हैं। वह अलगाववादियों की तरह बात कर रहे हैं। उन्हें पकड़ने के लिए इनाम होना चाहिए क्योंकि वह देश के सबसे बड़े दुश्मन हैं। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हुए पूर्व कांग्रेसी बिट्टू ने आरोप लगाया कि पहले, कांग्रेस नेताओं ने मुसलमानों का इस्तेमाल करने की कोशिश की, लेकिन ऐसा नहीं हो सका और अब वे सिखों को विभाजित करने का प्रयास कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गांधी ओबीसी और अन्य जातियों की बात करते हैं। विपक्ष के नेता होने के बाद भी वह किसी मोची, बढ़ई या मिस्त्री का दर्द नहीं समझ पाये हैं। यह एक मजाक है।

# मस्जिद विवाद: हिंसक प्रदर्शन पर विहिप नेताओं समेत 50 लोगों पर मामला दर्ज

**शिमला, एजेंसी**

- संजौली में मस्जिद के अवैध हिस्से को लेकर किया गया विरोध प्रदर्शन

संजौली में मस्जिद के अवैध हिस्से को गिराने की मांग को लेकर पिछले सप्ताह विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान हिंसा के लिए विश्व हिंदू परिषद के नेताओं, पूर्व पार्षदों और पंचायत प्रमुख समेत 50 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है।

शिमला एसपी संजीव गांधी ने बताया कि विरोध प्रदर्शन को भड़काने वाले लोगों के कॉल रिकॉर्ड एकत्र किए गए हैं और मामले दर्ज किए जाएंगे। सीसीटीवी फुटेज, वीडियो और फोटोग्राफ में लोगों के हाथ में पत्थर होने के सबूत हैं, जिन्हें ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों पर फेंका गया।

पुलिस ने अब तक जिन 50 लोगों की पहचान की है और आठ मामले दर्ज किए हैं उनमें विहिप के नेता, पंचायत प्रमुख और उनके प्रतिनिधि, पूर्व पार्षद तथा दुकानदारों के अलावा चौपाल एवं ठियोग के लोग शामिल हैं। एसपी ने कहा कि यह शांति भंग करने के लिए एक पूर्व नियोजित विरोध था।

### ताली बजाने, संगीत पर थिरकने से सफलता नहीं मिलेगी : टीएमसी विधायक तापस

**डाक्टरों की हड़ताल**

**कोलकाता।** प. बंगाल में सत्तारूढ़ टीएमसी विधायक तापस चटर्जी की उस टिप्पणी पर रविवार को विवाद खड़ा हो गया, जिसमें उन्होंने कोलकाता में महिला चिकित्सक से हुई दरिंदगी का विरोध कर रहे डॉक्टरों व आम लोगों के आंदोलन की आलोचना करते हुए कहा कि ताली बजाने और संगीत के बीच लगाए जा रहे नारों पर थिरकने से सफलता नहीं मिलेगी। चिकित्सकों ने चटर्जी की टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए कहा कि यह जनआंदोलन है और इसके महत्व को कमतर नहीं किया जाना चाहिए। राजारहाट-न्यू टाउन से विधायक चटर्जी का कथित वीडियो सामने आया है, जिसमें वह एक बैठक में यह कहते नजर आ रहे हैं, ताली बजाने और डिस्को की धुन पर नाचने से कोई भी आंदोलन सफल नहीं होगा। एक सच्चा आंदोलन अधिक गंभीर गतिविधियों से चिह्नित होता है।

# छूट के लिए वकीलों के झूठे बयानों से नाखुश कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- कहा- जब ऐसे मामले सामने आते हैं, तो हमारा विश्वास डगमगा जाता है

उच्चतम न्यायालय ने दोषियों की समय पूर्व रिहाई के लिए वकीलों द्वारा अदालत के समक्ष और याचिकाओं में भी झूठे बयान देने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि जब इस तरह के मामले सामने आते हैं, तो हमारा विश्वास डगमगा जाता है।

न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने हालिया आदेश में पीड़ा बयां की है और कहा है कि पिछले तीन हफ्तों में उनके सामने ऐसे कई मामले आए हैं, जिनमें झूठी दलीलें दी गयी हैं। पीठ ने हाल ही में अपलोड किए गए 10 सितंबर के अपने आदेश में कहा कि इस अदालत में बड़ी संख्या में याचिकाएं दायर की जा रही हैं, जिनमें स्थायी छूट न दिए जाने की शिकायत की गई है। पिछले तीन हफ्तों के दौरान, यह छठा या सातवां मामला है, जिसमें याचिका में स्पष्ट रूप से झूठे बयान दिए गए हैं। पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत में सुनवाई के दिन प्रत्येक पीठ के समक्ष 60 से 80 मामले सूचीबद्ध होते हैं और न्यायाधीशों के लिए सूचीबद्ध प्रत्येक मामले के प्रत्येक पृष्ठ को पढ़ना संभव नहीं होता है, हालांकि मामले को बहुत सावधानीपूर्वक देखने का प्रयास किया जाता है। हमारी प्रणाली विश्वास पर काम करती है। जब हम सुनवाई करते हैं तो हम बार के सदस्यों पर भरोसा करते हैं, लेकिन जब का सामना करते हैं, तो हमारा विश्वास डगमगा जाता है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने छह नई वंदे भारत को दिखाई हरी झंडी

- बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी उद्घाटन पर रहे मौजूद

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को झारखंड के रांची हवाईअड्डा से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से छह वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरुआत की। इस दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इनमें भागलपुर-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, गया-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, टाटानगर-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस, देवघर-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस, ब्रह्मपुर-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस एवं राउरकेला-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने 650 करोड़ रुपये से अधिक की रेल परियोजनाओं का शिलान्यास/राष्ट्र को समर्पित किया।

# हिंदी की गूंज संस्कारों को पुष्पित कर रही : सत्यराज

**नई दिल्ली, अमृत विचार**

- हिन्दी दिवस पर सरस काव्य संध्या का आयोजन

देश की अग्रणी साहित्यिक संस्था हिंदी की गूंज ने हिंदी दिवस पर हिंदी गूंजेगी दूर-सुदूर दिशाओं में कार्यक्रम का आयोजन आभासी पटल के माध्यम से आयोजित किया। इसमें राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के साहित्यकारों, लेखकों, संपादकों, हिन्दी संसाधकों आदि ने भाग लिया। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान की प्रधान सम्पादक डॉ.अमिता दुबे रहीं। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार सत्यराज सिंह ने और संचालन संस्था की मीडिया प्रभारी डॉ.ममता श्रीवास्तवा सरुनाथ ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां हिंदी के वंदना गीत से हुआ। उसके बाद संस्था के वरिष्ठ संरक्षक गिरीश चंद्र जोशी ने हिंदी की संस्था के बढ़ते कदम पर प्रकाश डालते हुए आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी व भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया। श्याम सुंदर श्रीवास्तव कोमल, चेन्नई से जुड़ी रोचिका अरुण शर्मा, डॉ वर्षा सिंह, हाथरस से जुड़ी स्वर कोकिला मंजू शर्मा माधुरी ने अपनी रचनाएं प्रस्तुति कीं। शिक्षाविद् डॉ विनोद चौहान, दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी की सूचना अधिकारी उर्मिला रौतेला, नीदरलैंड से जुड़ी डॉ ऋतु शर्मा ननन पांडे, दिल्ली की तरुणा पुंडीर तरुनिल, डॉ अमिता दुबे, संस्था के संयोजक नरेंद्र सिंह नीहार ने हिन्दी संस्था के उज्जवल कामना की। इस मौके पर सत्यराज सिंह ने कहा कि संस्था हिंदी के लिए समर्पित है, युवाओं में हिंदी को पुष्पित और पल्लवित करने का प्रयास कर रही है। श्रोताओं में निर्मला जोशी, विमला रस्तोगी,कामता प्रसाद, कमलेन्द्र कुमार, राम कुमार पाण्डेय, अमृतलाल, डॉ . सुनीत कुमार, रामकेश मीणा आदि शामिल रहे।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### अडाणी ने 6,600 मेगावाट बिजली आपूर्ति की बोली जीती

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह ने महाराष्ट्र को दीर्घावधि के लिए 6,600 मेगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा और ताप बिजली की आपूर्ति की बोली जीत ली है। कंपनी ने इसके लिए 4 .08 रुपये प्रति यूनिट की बोली लगाई और जेएसडब्ल्यू एनर्जी और टॉरेंट पावर को पीछे छोड़ दिया। जानकारी रखने वाले दो सूत्रों ने बताया कि 25 साल के लिए नवीकरणीय और ताप बिजली दोनों की आपूर्ति के लिए अडाणी समूह की बोली महाराष्ट्र द्वारा फिलहाल खरीदी जा रही बिजली की दर से एक रुपये यूनिट कम है। इससे राज्य को भविष्य की बिजली जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी।

### कारोबारी संदेश से तेज हो रही वृद्धि : मेटा इंडिया

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया क्षेत्र की दिग्गज कंपनी मेटा के लिए भारत वैश्विक स्तर पर उसके प्रमुख प्राथमिकता वाले बाजारों में है। मेटा इंडिया की उपाध्यक्ष संध्या देवनाथन ने यह बात कही है। उन्होंने कहा कि रील्स से लेकर कारोबारी संदेश तक कंपनी की पेशकश की बढ़ती लोकप्रियता और एआई टूल्स से वृद्धि को गति मिल रही है। देवनाथन ने बताया कि इंस्टाग्राम पर छोटी अवधि की वीडियो रील्स को देखने में भारत अग्रणी बाजार है।

### नायरा की घरेलू ईंधन बिक्री 14% बढ़ी, निर्यात घटा

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी निजी क्षेत्र की ईंधन खुदरा कंपनी नायरा एनर्जी की ईंधन बिक्री 2024 के कैलेंडर साल की दूसरी तिमाही में 14 .3 प्रतिशत बढ़ी है। हालांकि, इस दौरान कंपनी का निर्यात घटा है। नायरा ने कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में उसने गुजरात में अपनी वाडिनार तेल रिफाइनरी में उत्पादित समस्त डीजल का 75 प्रतिशत स्थानीय बाजार में बेचा। वहीं 60 प्रतिशत पेट्रोल की बिक्री भारतीय बाजार में हुई। पिछले कुछ वर्षों में नायरा एनर्जी ने अपने ईंधन खुदरा नेटवर्क को रणनीतिक रूप से कम पहुंच वाले बाजारों तक विस्तारित करते हुए अपने घरेलू कारोबार को तेजी से आगे बढ़ाया है।

# माल ढुलाई की लागत, कंटेनर की कमी से निर्यात प्रभावित

## कंटेनर उत्पादन और कंपनियों की मजबूती पर काम कर रहा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- जीटीआरआई ने कहा- कंपनियों के उपयोगिता से आपूर्ति शृंखला के जोखिम को कर सकते हैं कम

बढ़ती माल ढुलाई लागत, कंटेनर की कमी और प्रमुख निर्यात और विदेशी वाहक पर निर्भरता देश के निर्यात के लिए गंभीर चुनौतियां पेश कर रही हैं। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने रविवार को कहा कि भारत घरेलू कंटेनर उत्पादन को बढ़ावा देने, स्थानीय निर्यात कंपनियों की भूमिका बढ़ाने, घरेलू कंटेनर के उपयोग को बढ़ावा देने और स्थानीय निर्यात कंपनियों को मजबूत करने के लिए कई रणनीतियों को लागू कर रहा है।

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि भारत घरेलू कंटेनर उत्पादन को बढ़ावा देकर, स्थानीय स्तर पर निर्मित कंटेनर के उपयोग को प्रोत्साहित करके और माल परिवहन के लिए भारतीय निर्यात कंपनियों के उपयोग को बढ़ाकर वैश्विक आपूर्ति शृंखला व्यवधान के अपने जोखिम को कम कर सकता है। साल 2022 और 2024 के बीच, 40-फुट कंटेनर के लिए निर्यात दरों में काफी उतार-चढ़ाव आया है।

जीटीआरआई ने कहा कि 2022 में, कोविड महामारी के प्रभाव के कारण औसत लागत 4,942 डॉलर थी, जबकि 2024 तक दर 4,775 डॉलर के आसपास स्थिर हो गई थी। इसने कहा कि ये दरें अब भी महामारी-पूर्व के स्तर से काफी अधिक हैं। 2019 में यह लागत 1,420 डॉलर थी।

श्रीवास्तव ने कहा कि उच्च माल ढुलाई दरें आपूर्ति शृंखला की लगातार चुनौतियों को दर्शाती हैं, जो वैश्विक व्यापार पर बोझ बनी हुई हैं। चीन द्वारा अमेरिका और यूरोप को अपने निर्यात को अधिकतम करने के लिए कंटेनर की जमाखोरी करने की अपुष्ट खबरें मिली हैं।

# प्रमोटर प्लेज : एक निवेशक की दृष्टि से देखें...

प्रमोटर प्लेज वह प्रक्रिया है, जिसमें कंपनी के प्रमोटर अपनी कंपनी के शेयरों को ऋण के गारंटी के रूप में रखते हैं। यह वित्तीय दबाव या अतिरिक्त पूंजी की जरूरत का संकेत हो सकता है। शेयर बाजार में उच्च प्रमोटर प्लेज निवेशकों के लिए जोखिम पैदा कर सकता है, क्योंकि यह कंपनी की वित्तीय स्थिति और शेयरों के मूल्य पर प्रभाव डालता है। नए निवेशकों को प्रमोटर प्लेज की जानकारी कंपनी की वित्तीय रिपोर्टों और स्टॉक एक्सचेंज की साइटों से प्राप्त करनी चाहिए, ताकि वे समझ सकें कि यह उनके निवेश पर किस प्रकार का असर डाल सकता है।

**शेयर बाजार से संबंध**

**कंपनी की वित्तीय स्थिति :** प्रमोटर प्लेज आमतौर पर एक संकेत हो सकता है कि कंपनी को अपने ऑपरेशन्स के लिए अतिरिक्त धन की आवश्यकता है। उच्च प्रमोटर प्लेज की स्थिति निवेशकों को यह बताती है कि कंपनी की वित्तीय स्थिति तनावपूर्ण हो सकती है।

**शेयर की मूल्य पर प्रभाव :** जब प्रमोटर अपने शेयरों को गारंटी के रूप में जमा करते हैं, तो यह शेयरों के मूल्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है, विशेषकर अगर प्रमोटर का प्लेज स्तर उच्च हो और यदि कंपनी की स्थिति में गिरावट आए।

**अनुपात :** प्रमोटर प्लेज का अनुपात कंपनी की कुल शेयरधारिता के प्रतिशत में दिखाया जाता है। उदाहरण के लिए, एक प्रमोटर ने 40% शेयरों को प्लेज किया है, तो इसका मतलब है, 40% शेयर ऋण की गारंटी में जमा हैं।

**कॉर्पोरेट डिस्क्लोजर :** ये जानकारी कंपनी की वित्तीय रिपोर्टों या स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटों पर होती है।



**शेयर का मूल्य :** यदि प्रमोटर द्वारा प्लेज किए गए शेयरों की मात्रा बहुत अधिक है और कंपनी की वित्तीय स्थिति में सुधार नहीं होता, तो यह शेयरों के मूल्य में गिरावट का कारण बन सकता है।

**शेयर की बिक्री :** प्रमोटर को ऋण चुकाने में कठिनाई होती है, तो गारंटी के तौर पर रखे शेयर बेचे जा सकते हैं, जिससे बाजार में शेयरों की अधिकता हो सकती है और मूल्य में गिरावट आ सकती है।

निवेशक कंपनियों की वेबसाइटों या स्टॉक एक्सचेंज की साइट से प्रमोटर प्लेज के स्तर की जांच कर सकते हैं।

**रेगुलेटरी फाइलिंग्स :** भारत में, कंपनियों को सेबी के नियमों के तहत प्रमोटर प्लेज की जानकारी को सार्वजनिक करना होता है। निवेशक इन फाइलिंग्स को देख सकते हैं।

**निवेश के दौरान जोखिम**

**वित्तीय दबाव :** उच्च प्रमोटर प्लेज निवेशकों के लिए एक संकेत हो सकता है कि कंपनी के प्रमोटर पर वित्तीय दबाव है, जो निवेशकों के लिए जोखिम उत्पन्न कर सकता है।

# प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप ढालें बैंक : सीईए

**चेन्नई, एजेंसी**



- नागेश्वरन ने देश की आर्थिक वृद्धि को आगे बढ़ाने में कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि बैंकों को प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए ग्राहकों की बदलती जरूरतों और बाजार में आ रहे बदलावों के अनुरूप खुद को ढालना चाहिए। उन्होंने शनिवार को इंडियन बैंक के कार्यक्रम में आर्थिक वृद्धि को आगे बढ़ाने में कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

भारतीय अर्थव्यवस्था और बैंकिंग : वृद्धि और रुझान' विषय पर नागेश्वरन ने उद्योग में वृद्धि और नवोन्मेषण को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी में हुई प्रगति के महत्व को रेखांकित किया। बैंक के अनुसार, सीईए ने प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए बैंकों को बदलती ग्राहक प्राथमिकताओं और बाजार की गतिशीलता के अनुरूप खुद को ढालने का आह्वान किया। उउन्होंने उद्यमियों को प्रशिक्षित करने के बैंक के एमएसएमई प्रेरणा कार्यक्रम को भी सराहा। इंडियन बैंक के सीईओ एसएल जैन ने कहा कि डॉ. नागेश्वरन द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था और बैंकिंग क्षेत्र पर इसके प्रभाव को लेकर अपने जो विचार साझा किए गए हैं, उसका निश्चित रूप से सभी भागीदारों को लाभ होगा।

### स्वास्थ्य, जीवन बीमा पर कर की समीक्षा को मंत्री समूह का गठन

**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद ने रविवार को विभिन्न स्वास्थ्य और जीवन बीमा उत्पादों के प्रीमियम पर जीएसटी दर का सुझाव देने और 30 अक्टूबर तक रिपोर्ट देने के लिए 13 सदस्यीय मंत्रि समूह (जीओएम) का गठन किया। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मंत्री समूह के संयोजक हैं।

इसमें उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश, गोवा, गुजरात, मेघालय, पंजाब, तमिलनाडु और तेलंगाना के सदस्य हैं। नौ सितंबर को हुई जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक में जीवन और चिकित्सा बीमा पर जीएसटी के मौजूदा कर ढांचे की जांच और समीक्षा के लिए मंत्री समूह गठित करने का फैसला हुआ था। बीमा प्रीमियम पर कराधान के बारे में परिषद द्वारा अंतिम फैसला नवंबर में होने वाली बैठक में मंत्री समूह की रिपोर्ट पर लेने की संभावना है। वर्तमान में बीमा प्रीमियम पर 18% जीएसटी लगाया जाता है।

# शीर्ष नौ कंपनियों की पूंजी दो लाख करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल रही

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 2,01,552.69 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल रही।


भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 54,282.62 करोड़ बढ़कर 9,30,490.20 करोड़, आईसीआईसीआई बैंक 29,662.44 करोड़ बढ़कर 8,80,867.09 करोड़, टीसीएस 23,427.12 करोड़ बढ़कर 16,36,189.63 करोड़, हिंदुस्तान यूनिलीवर 22,438.6 करोड़ बढ़कर 6,89,358.33 करोड़, एचडीएफसी बैंक 22,093.99 करोड़ बढ़कर 12,70,035.77 करोड़, इन्फोसिस 17,480.49 करोड़ बढ़कर 8,07,299.55 करोड़, और आईटीसी 15,194.17 करोड़ बढ़कर 6,42,531.82 करोड़, रिलायंस इंडस्ट्रीज 9,878.19 करोड़ बढ़कर 19,92,160.61 करोड़, एसबीआई 7,095.07 करोड़ बढ़कर 7,05,535.20 करोड़ रहा। वहीं एलआईसी 3,004.38 करोड़ घटकर 6,54,004.76 करोड़ रह गई।

### एफपीआई ने निवेश किए 27,856 करोड़

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार की मजबूती तथा अमेरिका में ब्याज दर में कटौती की उम्मीद बढ़ने के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सितंबर में स्थानीय शेयर बाजारों में शुद्ध रूप से 27,856 करोड़ का निवेश किया है। एफपीआई जून से भारतीय बाजार में लिवाल रहे हैं। इससे पहले अप्रैल-मई में उन्होंने शेयरों से 34,252 करोड़ निकाले थे। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि अब सभी का ध्यान अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की बैठक पर है।

## खेल डायरी

### मेस्सी के दो गोल से इंटर मियामी ने जीत दर्ज की



**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)।** लंबे समय बाद वापसी कर रहे स्टार खिलाड़ी लियोनल मेस्सी के दो गोल की मदद से इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर में शनिवार को यहां फिलाडेल्फिया यूनियन को 3-1 से हराया। अर्जेन्टीना के स्टार खिलाड़ी मेस्सी राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं और 14 जुलाई को कोपा अमेरिका फाइनल में कोलंबिया के खिलाफ 1-0 की जीत के दौरान दाएं टखने में लगी चोट के कारण एक जून के बाद पहली बार इंटर मियामी की ओर से खेल रहे थे। मेस्सी ने 26वें और 30वें मिनट में गोल दागे और दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में लुई सुआरेज (90 प्लस आठ मिनट) के गोल में मदद भी की। फिलाडेल्फिया यूनियन की ओर से एकमात्र गोल मिखाइल उहरे ने दूसरे मिनट में किया।

### इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टी20 मैच वर्षा से बाधित

**मैनचेस्टर।** इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा और अंतिम टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच रविवार को यहां बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। इस तरह से तीन मैच की शृंखला 1-1 से बराबर रही। ऑस्ट्रेलिया ने साउथम्पटन में खेला गया पहला मैच 28 रन से जीता था। इंग्लैंड ने कार्डिफ ने खेले गए दूसरे मैच में तीन विकेट से जीत दर्ज करके शृंखला बराबर की थी। अब इन दोनों टीम के बीच पांच मैच की वनडे शृंखला खेली जाएगी जिसका पहला मैच गुरुवार को ट्रेंट ब्रिज में होगा।

### लाहिड़ी चैंपियनशिप में संयुक्त 12वें स्थान पर खिसके

**शिकागो।** भारत के अनिर्बान लाहिड़ी शनिवार को यहां दूसरे दौर में एक ओवर 71 के स्कोर से 2024 लिव गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर खिसक गए। लाहिड़ी ने दूसरे दिन दो बर्डी की लेकिन वह तीन बोगी भी कर गए। दो दिन के बाद उनका कुल स्कोर दो अंडर 36 है। लाहिड़ी ने पहले दौर में तीन अंडर 67 के स्कोर से टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की थी। जॉन राहम बोगी रहित छह अंडर 64 के स्कोर से कुल सात अंडर के स्कोर के साथ शीर्ष पर चल रहे हैं। सर्जियो गार्सिया उनसे एक शॉट पीछे छह अंडर के कुल स्कोर से दूसरे स्थान पर हैं।

### खेल पत्रकारिता में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की अपील

**काठमांडू।** एआईपीएस (खेल पत्रकारों का अंतर्राष्ट्रीय संघ) एशिया महिला मंच के यहां आयोजित विशेष सम्मेलन में खेल पत्रकारिता में महिला प्रतिनिधित्व बढ़ाने की आवश्यकता मुख्य मुद्दा रहा। यह विशेष कार्यक्रम एआईपीएस एशिया की 25वीं कांग्रेस के दौरान आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में इस विषय पर चर्चा की गई की क्या खेल पत्रकारिता में महिलाओं के अधिक भागीदारी की जरूरत है।

### एमबाप्पे और विनिसियस के गोल से मैड्रिड जीता



**बार्सीलोना।** काइलियान एमबाप्पे और विनिसियस जूनियर ने पेनल्टी को गोल में बदला जिससे रीयाल मैड्रिड ने ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में रीयाल सोसीदाद को 2-0 से हराया। सर्जियो गोमेज के हैंडबॉल करने के बाद मैड्रिड को पेनल्टी मिली जिसे विनिसियस ने 58वें मिनट में गोल में बदलकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। मैड्रिड को सोसीदाद के डिफेंडर जॉन अरामबुरु के फाउल पर 75वें मिनट में एक और पेनल्टी मिली जिसे एमबाप्पे ने गोल में बदलकर टीम की 2-0 से जीत सुनिश्चित की। दिन के अन्य मुकाबालों में सेविला ने गेटाफे को 1-0 से हराया जबकि इस्पानयोल ने अलावेस को 3-2 से शिकस्त दी। विलारीयाल ने मालोर्का को 2-1 से हराया।

# भारत सेमीफाइनल में प्रबल दावेदार

## एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी: टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने जीते हैं पांचों लीग मुकाबले

हुलुनबुइर (चीन), एजेंसी



शानदार फॉर्म में चल रही पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम सोमवार को यहां होने वाले एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में कोरिया के खिलाफ प्रबल दावेदार होगी। भारतीय टीम ने अभी तक टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं गंवाया है, उसने पांचों लीग मैच जीते हैं।

हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने अपने अभियान की शुरुआत मेजबान चीन पर 3-0 की जीत के साथ की। इसके बाद उसने जापान को 5-1 और मलेशिया को 8-1 से मात दी। भारतीय टीम ने कोरिया को 3-1 से हराने के बाद चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर 2-1 से जीत हासिल की। भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा है। खिलाड़ियों ने प्रत्येक विभाग में बेहतर खेल दिखाया है, फिर चाहे अग्रिम पंक्ति हो या मिडफील्ड हो या फिर रक्षण। लीग चरण में भारत के लिए स्ट्राइकरों का प्रदर्शन अद्भुत रहा है। पेरिस ओलंपिक में मैदानी गोल करना भारत के लिए चिंता का विषय बना हुआ था लेकिन यहां सुखजीत सिंह, अभिषेक, उत्तम सिंह, गुरजोत सिंह, अरिजीत सिंह हुंडाल और अन्य की युवा स्ट्राइकरों ने उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन किया है। युवा मिडफील्डर राज कुमार पाल ने भी कुछ अच्छे मैदानी गोल दागे। इसके अलावा अनुभवी मनप्रीत सिंह, उप कप्तान विवेक सागर प्रसाद और नीलकांत शर्मा ने मिडफील्ड में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। भारतीय डिफेंस भी दमदार रहा है जिसने केवल चार गोल गंवाये हैं। वहीं गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक और सूरज करकेरा ने टीम को करिश्माई पीआर श्रीजेश के संन्यास से पैदा हुए खालीपन को महसूस नहीं होने दिया। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैगफ्लिकर में से एक हरमनप्रीत ने पेरिस की अपनी अच्छी फॉर्म जारी रखते हुए पांच पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। हरमनप्रीत को युवा जुगराज सिंह से अच्छा सहयोग मिल रहा है जो इस समय दुनिया के सबसे तेज ड्रैगफ्लिकर हैं। लेकिन नॉकआउट मुकाबला किसी भी टीम के लिए नयी शुरूआत होता है तो भारतीय टीम कोरिया को हल्के में लेने की गलती नहीं कर सकती क्योंकि प्रतिद्वंद्वी टीम का दिन अच्छा रहे तो वह हैरान कर सकती है। कोरिया ने मलेशिया के खिलाफ अंतिम समय में गोल कर वापसी की और 3-3 से ड्रॉ खेलकर अपनी सेमीफाइनल की उम्मीदों को जीवंत रखा। भारतीय डिफेंस को भी बहुत अधिक पेनल्टी कॉर्नर नहीं गंवाने के बारे में सतर्क रहना होगा क्योंकि सात गोल कर चुके टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर जिहुन यांग के रूप में कोरिया के पास एक मजबूत ड्रैगफ्लिकर है। दिन के दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान का सामना मेजबान चीन से होगा। फाइनल मंगलवार को होना है। हरमनप्रीत ने अपनी टीम के साथी खिलाड़ियों को चेताया भी कि वे कोरिया को हल्के में नहीं लें, भले ही उनकी टीम ने इस टूर्नामेंट में अब तक शानदार प्रदर्शन किया हो।

## सलीमा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट अंपायर नामित होने वाली पहली पाकिस्तानी महिला बनीं



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने रविवार को बताया कि सलीमा इम्तियाज अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के डेवलपमेंट अंपायरों के अंतर्राष्ट्रीय पैनल में नामित होने वाली पहली पाकिस्तानी महिला बन गई हैं। पैनल में सलीमा के नामांकन का मतलब है कि अब वह महिलाओं के द्विपक्षीय अंतर्राष्ट्रीय मैचों और आईसीसी की महिला प्रतियोगिताओं में अंपायरिंग करने की पात्र हैं। सलीमा ने एक बयान में कहा, यह सिर्फ मेरी जीत नहीं है, यह पाकिस्तान की हर महत्वाकांक्षी महिला क्रिकेटर और अंपायर की जीत है। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि मेरी सफलता उन अनगिनत महिलाओं को प्रेरित करेगी जो खेल में अपनी पहचान बनाने का सपना देखती हैं। यह क्षण क्रिकेट में महिलाओं के बढ़ते प्रभाव और उस विकास को बढ़ावा देने के लिए पीसीबी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सलीमा की बेटी कैनात ने पाकिस्तान के लिए 40 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले जिसमें 19 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय और 21 टी20 शामिल हैं।

## चोटिल बटलर की जगह ब्रूक बने इंग्लैंड के कप्तान

लंदन, एजेंसी

- 2018 में अंडर-19 विश्व कप में भी इंग्लैंड के कप्तान थे ब्रूक



ऑस्ट्रेलिया के साथ होने वाली पांच मैचों की एकदिवसीय शृंखला से चोटिल जॉस बटलर बाहर हो गये है और उनकी जगह हैरी ब्रूक को इंग्लैंड टीम का कप्तान बनाया गया है। ब्रूक ने इससे पहले भी कई बार कप्तानी की भूमिका निभाई है। वह 2018 में अंडर-19 विश्व कप में भी इंग्लैंड के कप्तान थे। वह 2022 में टी20 ब्लास्ट में यॉर्कशर के लिए चार मैचों में कप्तान बनाये गये थे और इस वर्ष द हंड्रेड में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स की कप्तानी की। उनकी कप्तानी में टीम ने छह में से पांच मैच जीते लेकिन नॉकआउट स्टेज से मामूली अंतर से चूक गई।

श्रीलंका पर 2-1 से मिली टेस्ट शृंखला जीत में भी वह टीम के उपकप्तान थे, टीम प्रबंधन उनको लंबे समय कप्तान के विकल्प के तौर पर देख रहा है। फिल सॉल्ट मौजूदा टी-20 शृंखला में कप्तानी संभाल रहे हैं। बटलर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही टी-20 सीरीज में इंग्लैंड टीम के साथ हैं और उनके नवंबर में कैरेबियाई दौरे पर वापसी करने की उम्मीद है। पहले दो टी-20 में लिविंगस्टन के प्रदर्शन को देखते हुए उनकी एकदिवसीय टीम में वापसी हुई है। इंग्लैंड ने यह भी पुष्टि की कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जॉश हल चोट के कारण एकदिवसीय सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे।

## हाथ में फ्रैक्चर के बावजूद फाइनल में खेले नीरज

ब्रसेल्स, एजेंसी

**चोपड़ा का खुलासा**

- बताया कि ट्रेनिंग के दौरान हुआ था बाएं हाथ में फ्रैक्चर



दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने रविवार को खुलासा किया कि उन्होंने बाएं हाथ में फ्रैक्चर के बावजूद डायमंड लीग सत्र के फाइनल में हिस्सा लिया। वह दाएं हाथ से भाला फेंकते हैं और यह फ्रैक्चर ट्रेनिंग के दौरान हुआ था।

चोपड़ा शनिवार को डायमंड लीग का खिताब जीतने के बेहद करीब पहुंच गए थे लेकिन एक सेंटीमीटर से चूक गए और लगातार दूसरे साल 87.86 मीटर के थ्रो से दूसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा (26 वर्ष) ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कहा, सोमवार को अभ्यास के दौरान मैं चोटिल हो गया था और एक्स-रे से पता चला कि मेरे बाएं हाथ की (चौथी मेटाकार्पल) हड्डी में फ्रैक्चर है। यह मेरे लिए एक और दर्दनाक चुनौती थी। लेकिन अपनी टीम की मदद से मैं ब्रसेल्स में भाग लेने में सफल रहा। मेटाकार्पल हथेली की वो हड्डियां होती हैं जो हाथ में उंगलियों और कलाई के बीच होती हैं। प्रत्येक हाथ में पांच मेटाकार्पल होते हैं जिनमें से प्रत्येक हड्डी एक विशिष्ट उंगली से जुड़ी होती है। चोपड़ा अपने दाहिने हाथ से भाला फेंकते हैं। वह ग्रेनेडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स से पीछे रहे जिन्होंने अपने पहले प्रयास में 87.87 मीटर दूर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता। चोपड़ा ने 2022 में खिताब जीता था और इसके बाद लगातार दूसरी बार डायमंड लीग फाइनल उपविजेता रहे। वह आम तौर पर भाला छोड़ने के बाद 'फॉलो थ्रू' में अपनी बाई हथेली को जमीन पर छूते हुए गिरते हैं। शनिवार को अपने सभी छह प्रयासों में चोपड़ा नीचे गिरने और अपनी बाई हथेली को जमीन से छूने से बचते रहे। हरियाणा का यह एथलीट इस सत्र में फिटनेस से जूझता रहा है और उम्मीद है कि वह ग्रोइन चोट को ठीक करने के लिए डॉक्टर से मिलेंगे जिसने उन्हें पूरे सत्र में प्रभावित किया। अब उन्हें हाथ में चोट लग गई है और उन्होंने इसके बारे में ज़्यादा विस्तार से नहीं बताया। इस फ्रैक्चर को ठीक होने में कुछ महीने लगेंगे। तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद पेरिस खेलों में रजत जोड़कर उन्होंने सत्र का शानदार अंत किया। लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि वह सत्र में अपनी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सके। उन्होंने कहा, यह साल का अंतिम टूर्नामेंट था। मैं अपनी ही उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सका। लेकिन मुझे लगता है कि यह एक ऐसा सत्र था जिसमें मैंने बहुत कुछ सीखा। अब मैं पूरी तरह से फिट होकर वापसी कर खेलने के लिए तैयार हूं।

सत्र के बारे में उन्होंने कहा, 2024 सत्र समाप्त हो गया है तो मैं साल भर में सीखी गई सभी चीजों को देखता हूं जिसमें सुधार, असफलतायें, मानसिकता और बहुत कुछ शामिल हैं। मैं आप सभी को आपके प्रोत्साहन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। 2024 ने मुझे एक बेहतर एथलीट और इंसान बनाया है।

## भारतीय एफटू ड्राइवर हादसे में बचे

बाकू, एजेंसी

- फार्मूला वन के अजरबैजान ग्रां प्री से पहले फॉर्मूला टू रेस के शुरुआती लैप में घटी दुर्घटना



भारतीय ड्राइवर कुश मैनी रविवार को यहां फार्मूला टू रेस के दौरान एक गंभीर दुर्घटना में बाल-बाल बच गए। फार्मूला टू रेस को फार्मूला वन रेस का सहायक रेस माना जाता है। यह भीषण दुर्घटना फार्मूला वन के अजरबैजान ग्रां प्री से पहले फॉर्मूला टू रेस के शुरुआती लैप में घटी। इस 23 साल के भारतीय ड्राइवर की कार अचानक रूक गयी और पीछे से आ रहे उनके साथी ड्राइवरों जोसेप मारिया मार्टी और ओलिवर गोएथे की कारें उनकी कार से टकरा गयी। इस भीषण दुर्घटना में कुश की कार का पिछला हिस्सा पूरी तरह से नष्ट हो गया लेकिन वह सुरक्षित रूप से बाहर निकलने में सफल रहे।

कुश के पिता गौतम ने एजेंसी से पुष्टि की कि उनका बेटा ठीक है। उन्होंने कहा, वह ठीक हैं। मानक प्रोटोकॉल के तहत कुश की सभी मेडिकल जांच की गई और सभी रिपोर्ट सामान्य हैं। कुश फार्मूला टू रेस में इनविक्टा रेसिंग टीम का प्रतिनिधित्व करते हैं। वह मौजूदा सत्र की तालिका में वह 11वें स्थान पर है। पिछले दो दशकों में मोटरस्पोर्ट में सुरक्षा में काफी सुधार हुआ है लेकिन यह खेल खतरनाक बना हुआ है। फॉर्मूला टू ड्राइवर एंथोइन ह्यूबर्ट की 2019 में बेल्जियम के प्रतिष्ठित स्पा फ्रैंकोरचैम्प्स सर्किट में एक दुर्घटना के बाद चोटों के कारण मौत हो गई थी। फ्रांस का यह खिलाड़ी उस समय महज 22 साल का था।

## शुभमन को दिया जाएगा आराम

नई दिल्ली, एजेंसी

- तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले गिल टीम के शीर्ष क्रम में अहम खिलाड़ी

भारतीय उपकप्तान शुभमन गिल उन प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की कार्यभार प्रबंधन नीति के तहत बांग्लादेश के खिलाफ सात अक्टूबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला के लिए आराम दिया जाएगा। टेस्ट मैचों में भारत के लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले गिल, रोहित शर्मा, विराट कोहली और यशस्वी जायसवाल के साथ टीम के शीर्ष क्रम में अहम खिलाड़ी हैं।

न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला को ध्यान में रखते हुए गिल के अलावा कुछ और महत्वपूर्ण खिलाड़ियों को भी आराम दिया जाएगा। भारत अपने आगामी अंतर्राष्ट्रीय सत्र की शुरुआत 19 सितंबर से चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की शृंखला के साथ करेगा जिसका दूसरा टेस्ट 27 सितंबर से कानपुर में खेला जाएगा। बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर पीटीआई को बताया, हां, शुभमन को बांग्लादेश के खिलाफ टी20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला के लिए आराम दिया जाएगा। तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय सात अक्टूबर (ग्वालियर), 10 अक्तूबर (दिल्ली) और 13 अक्तूबर (हैदराबाद) को खेले जाएंगे।

## रामकुमार-बालाजी की जोड़ी और सिद्धार्थ हारे, स्वीडन से हारा भारत

स्टॉकहोम, एजेंसी

**डेविस कप**

रामकुमार रामनाथन और एन श्रीराम बालाजी टुकड़ों में ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए तथा पुरुष युगल के करो या मरो मैच में हार गए जबकि सिद्धार्थ विश्वकर्मा भी पहले उलट एकल में कोई कमाल नहीं दिखा पाए जिससे स्वीडन ने भारत के खिलाफ रविवार को यहां डेविस कप विश्व ग्रुप एक के इस मुकाबले में 4-0 की अजेय बढ़त हासिल की।

भारत शनिवार को दोनों एकल मैच हार गया था और मुकाबले में बने रहने के लिए उसे पुरुष युगल में जीत की जरूरत थी, लेकिन रामकुमार और बालाजी एक घंटे और 19 मिनट तक चले मैच में आंद्रे गोरानसन और फिलिप बर्गेवी से 3-6, 4-6 से हार गए। इस तरह से भारत का स्वीडन के खिलाफ डेविस कप में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा। यह उसकी स्वीडन के हाथों छठी हार है। इससे उलट एकल के मैच औपचारिक बन गए थे लेकिन कप्तान रोहित राजपाल ने पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन सिद्धार्थ को आजमाने का फैसला किया। भारत की तरफ से डेविस कप में पदार्पण कर रहे सिद्धार्थ कोई कमाल नहीं दिखा पाए और इलियास यामेर से 2-6, 2-6 से हार गए। भारत के पास स्वीडन को हराने का यह सर्वश्रेष्ठ अवसर था क्योंकि मेजबान देश ने अपनी कमजोर टीम को उतारा था।

## बॉलीवुड हलचल

### करीना कपूर फिल्म फेस्टिवल का होगा आयोजन!

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर पर आधारित फिल्म फेस्टिबल का आयोजन किया जा सकता है। करीना कपूर ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरूआत वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म रिफ्यूजी से की थी। इसी फिल्म से अभिषेक बच्चन ने भी अपने सिने करियर की शुरूआत की थी। करीना कपूर को फिल्म इंडस्ट्री में आये हुये करीब 25 वर्ष हो गये हैं और इस दौरान करीना ने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। कहा जा रहा है कि करीना कपूर को एक स्पेशल ट्रिब्यूट दिया जायेगा।उनके नाम एक फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। यह पहली बार होगा, जब बॉलीवुड की किसी अभिनेत्री के 25 साल पूरे होने पर उसके नाम फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। इसके पहले अभिनय सम्राट दिलीप कुमार और महानायक अमिताभ बच्चन को इस तरह का ट्रिब्यूट दिया गया है। वर्ष 2022 में दिलीप कुमार की 100वीं बर्थ एनिवर्सरी पर 'हीरो ऑफ हीरोज' नाम से फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया गया था। इसके बाद अमिताभ बच्चन के 80वें जन्मदिन पर हेरिटेज फाउंडेशन ने चार दिवसीय फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया था।



### प्रियंका की मराठी फिल्म का टीजर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा निर्मित फिल्म पाणी का टीजर रिलीज हो गया है। प्रियंका चोपड़ा और उनकी मां मधु चोपड़ा ने फिल्म पाणी का निर्माण किया है। इस फिल्म को प्रियंका चोपड़ा की प्रोडक्शन कंपनी 'पर्पल पेबल पिक्चर्स' के बैनर तले प्रोड्यूस किया गया है। यह फिल्म महाराष्ट्र के नांदेड़ के सूखाग्रस्त गांव नागदेरवाड़ी पर आधारित है। मराठी फिल्म पाणी का टीजर रिलीज कर दिया गया है। टीजर में आमिर खान की भी झलक देखने को मिली है। प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पाणी के टीजर को शेयर किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा है कि, यह एक कहानी से कहीं अधिक है . यह अस्तित्व की लड़ाई है। फिल्म पाणी का निर्देशन आदिनाथ कोठारे ने किया हैजो इस फिल्म में मुख्य भूमिका में भी हैं। वहीं फिल्म में सुबोध भावे, किशोर कदम और रुचा वैद्य भी अहम रोल में हैं। यह फिल्म सिनेमाघरों में 18 अक्टूबर 2024 को रिलीज होगी। प्रियंका चोपड़ा ने कहा, पर्पल पेबल पिक्चर्स के माध्यम से हम ऐसी कहानियां लाना चाहते हैं, जिन्हें सुनने की जरूरत है और ऐसी कहानियां जो चिंताओं पर ध्यान केंद्रित करती हैं और हमारी फिल्म पाणी उन सभी चीजों का प्रतीक है, जिन पर हम विश्वास करते हैं। यह फिल्म खास है और आज के समय के लिए है। कहानी आपको प्रभावित करेगी, प्रेरित करेगी। मैं बेहद रोमांचित हूं और लोगों द्वारा इसे देखने का इंतजार नहीं कर सकती।



### कश्मीर में लैला के नाम से मशहूर है तृप्ति डिमरी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी कश्मीर में लैला के नाम से मशहूर है। तृप्ति डिमरी की फिल्म लैला मजनू वर्ष 2018 में प्रदर्शित हुई थी। उस वक्त यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं कर पाई थी। हाल ही में इस फिल्म को दोबारा रिलीज किया गया, जिसे दर्शकों ने बेहद पसंद किया। तृप्ति डिमरी ने बताया,आज भी मैं अगर कभी कश्मीर जाती हूं, तो वहां के लोग मुझे लैला ही बुलाते हैं। फिल्म लैला मजनू की शूटिंग जम्मू-कश्मीर में हुई है। मैं खुश हूं कि लोग मेरे किरदार से आज भी इतना जुड़े हैं। मेरे लिए यही सफलता है। बॉक्स ऑफिस के नंबर से ज्यादा लोगों का प्यार काम करता है। जब लैला मजनू रिलीज हुयी थी, तब मुझे लगा था कि यह तो जरूर हिट होगी। मैं बहुत नई थी, मुझे नहीं पता था कि इंडस्ट्री में काम कैसे होता है। मुझे लगा था कि मैं बड़ी स्टार बन जाऊंगी और लोग मुझे पहचानने लगेंगे, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। फिल्म के छह साल बाद भी ऐसा एक भी दिन नहीं गया, जब मुझे उस फिल्म के लिए मैसेज नहीं आता है या मैं किसी से कहीं टकरा जाऊं, तो लैला मजनू का जिक्र न हो।

## दलीप ट्रॉफी: इंडिया ए ने इंडिया डी को 186 रनों से दी मात

अनंतपुर, एजेंसी

- इंडिया ए ने इंडिया डी को दिया था 488 रनों का लक्ष्य

तनुष कोटियान (चार विकेट) और शम्स मुलानी (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत इंडिया ए ने दलीप ट्रॉफी के तीसरे मैच के चौथे दिन रविवार को इंडिया डी को 186 रनों से हरा दिया है। रविवार को इंडिया डी ने कल के एक विकेट पर 63 से आगे खेलना शुरु किया, इसी दौरान 30 ओवर में जब टीम का स्कोर 102 रन था यश दुबे (37) दुभाग्यपूर्ण तरीके से रनआउट हो गये। इसके बाद शम्स मुलानी देवदत्त पड़िक्कल (1) को बोल्ड कर इंडिया डी को तीसरा झटका दिया।

कप्तान श्रेयस अय्यर ने रिंकू भुई के साथ मिलकर कुछ देर पारी को सभाला, लेकिन 47वें ओवर में मुलानी ने अय्यर (41) को अपना शिकार बनाकर बड़ी हो रही साझेदारी को तोड़ा। संजू सैमसन (40) भी मुलानी का शिकार बने। सारांश जैन (5) को तनुष कोटियान ने आउट किया। उसके बाद तनुष कोटियान ने रिंकू भुई (113) को आउट कर इंडिया डी की उम्मीदों को ध्वस्त कर दिया। इससे पहले प्रथम सिंह (122) और तिलक वर्मा (111 नाबाद) के बीच शतकीय भागीदारी की मदद से इंडिया ए ने दलीप ट्राफी मुकाबले के तीसरे दिन शनिवार को तीन विकेट पर 380 रन पर पारी घोषित कर इंडिया डी 488 रनों का लक्ष्य दिया था।

### इंडिया बी बनाम इंडिया सी मुकाबला रहा ड्रा

**अनंतपुर।** कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (62) और रजत पाटीदार (42) की जुझारू पारियों के बाद रविवार को दलीप ट्रॉफी के चौथे मैच के आखिरी दिन इंडिया 'बी' बनाम इंडिया 'सी' मुकाबले को ड्रा घोषित कर दिया गया। इससे पहले इंडिया 'बी' के लिए कप्तान ईश्वरन ने 14 चौकों और एक छक्के की मदद से (नाबाद 157) रनों की पारी खेली थी। उन्होंने नारायण जगदीशन (70) के साथ 129 रन की साझीदारी की थी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### यागी से प्रभावित वियतनाम समेत कई देशों को भारत ने भेजी राहत सामग्री

**नई दिल्ली।** यागी तूफान से प्रभावित देशों को मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए भारत सरकार ने ऑपरेशन सद्भाव शुरू किया है। ऑपरेशन सद्भाव के तहत भारत ने वियतनाम को 10 लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग 8.4 करोड़ रुपये) की मानवीय राहत सहायता भेजी है।भारत ने उत्तरी वियतनाम में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों के लिए वियतनाम सरकार को सहायता भेजी है। 35 टन मानवीय सहायता सामग्री को विशेष विमान से वियतनाम भेजा गया है, जिसमें पानी के पानी को साफ करने का सामान, पानी के कंटेनर, कंबल, रसोई का सामान, सोलर लालटेन शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वियतनाम के प्रधानमंत्री से अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

### ईरान ने अंतरिक्ष में उपग्रह भेजा, पश्चिमी देशों ने हड़काया

**तेहरान।** ईरान ने देश के अर्धसैनिक बल 'रिवॉल्यूशनरी गार्ड' द्वारा बनाए गए रॉकेट से शनिवार को एक उपग्रह प्रक्षेपित किया। पश्चिमी देशों को आशंका है कि इससे ईरान को अपने बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर आगे बढ़ने में मदद मिल सकती है। ईरान ने बताया कि रॉकेट के जरिए उपग्रह को कक्षा में स्थापित करने वाला यह उसका दूसरा प्रक्षेपण है। वैज्ञानिकों ने बाद में प्रक्षेपण की पुष्टि की तथा बताया कि उपग्रह कक्षा में पहुंच गया है। ईरानी मीडिया की ओर से बाद में साझा किए गए वीडियो में नजर आ रहा है कि एक 'मोबाइल लांचर' की मदद से रॉकेट प्रक्षेपण किया गया।

### नाइजीरिया में नाव पलटी 41 लोगों की मौत, 12 को बचाया

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी राज्य जामफारा में एक नाव के शनिवार को पलट जाने के बाद कम से कम 41 लोगों की मौत हो गई। 12 लोगों को हालांकि बचा लिया गया। नाइजीरिया के संघीय में गुम्मी-बुकुयुम निर्वाचन क्षेत्र के प्रतिनिधि सभा का प्रतिनिधित्व करने वाले एक राष्ट्रीय विधायक सुलेमान गुम्मी ने कहा कि 50 से अधिक यात्रियों और चालक दल को ले जा रही नाव शनिवार को तट छोड़ने के तुरंत बाद जम्फारा के गुम्मी स्थानीय सरकारी क्षेत्र के एक शहर गुम्मी के पास एक नदी में पलट गई। गुम्मी ने कहा कि यात्रियों में ज्यादातर किसान हैं, जो पड़ोसी समुदायों में अपने खेतों तक नाव से रोजाना यात्रा करते थे।

### इमरान से जेल में पूछताछ विरोधियों पर निशाना साधा

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट के लिए पूछताछ किए जाने के एक दिन बाद रविवार को प्रधान न्यायाधीश, सेना और अपने प्रतिद्वंद्वी राजनेताओं समेत अपने विरोधियों पर तीखा हमला बोला। रावलपिंडी की अदियाला जेल से अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक संदेश में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक खान (71) ने कहा कि सरकार शीर्ष न्यायपालिका से संबंधित नियमों में बदलाव के लिए कथित तौर पर एक संवैधानिक संशोधन पेश करने जा रही है।

# मिसेज सेंट्रल इंडिया नेहा तिवारी का क्राउन चोरी

भोपाल, एजेंसी

- बिना ताज अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में नहीं ले पाएंगी हिस्सा



भोजपुर क्लब में आयोजित समारोह के दौरान मिसेज सेंट्रल इंडिया का क्राउन चोरी हो गया, जिससे नेहा तिवारी की साउथ कोरिया में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा पर संकट आ गया है।

यह ताज नेहा के लिए इसलिए भी बहुत ही ज्यादा जरूरी है, क्योंकि उन्हें कोरिया में होने वाली मिसेज इंडिया अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेना था। नियमों के अनुसार बिना ताज के नेहा तिवारी कोरिया में होने वाली इंडिया अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग नहीं ले पाएंगी। यह घटना शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है। भोजपुर क्लब जो शहर के एलीट वर्ग का सोशल क्लब माना जाता है। क्लब में इस तरह की चोरी होना सभी को हैरान कर रहा है। क्राउन चोरी होने के बाद नेहा तिवारी ने भोजपुर क्लब के मैनेजर सहित अन्य लोगों से शिकायत की, लेकिन उन्हें कोई भी समाधान नहीं मिला। इसके बाद नेहा हबीबगंज थाने भी पहुंची लेकिन उन्होंने वहां कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई और बिना शिकायत दर्ज के ही वापस लौट आईं। इस चोरी की घटना के बाद अब नेहा अगले कॉम्पिटिशन के लिए साउथ कोरिया नहीं जा पाएंगी।

# हजारों मील दूर रहकर भी एक-दूसरे को छू पाएंगे लोग

लंदन, एजेंसी

वैज्ञानिकों ने एक तकनीक विकसित की है, जिससे हजारों मील दूर बैठे लोगों को छूने का अहसास मिल सकता है। इस तकनीक का इस्तेमाल मेडिकल से लेकर कचरा निवारण तक तमाम क्षेत्रों में हो सकता है।

वैज्ञानिकों के अनुसार, एक सॉफ्ट फिंगरटिप डिवाइस जो इंसानी स्पर्श के अहसास की नकल कर सकता है, भविष्य में हजारों मील दूर रहने वाले लोगों को एक-दूसरे का हाथ पकड़ने का अहसास करा सकता है। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन (यूसीएल) के शोधकर्ताओं ने एक नई तकनीक विकसित की है, जो "वास्तविक जीवन के स्पर्श जितना असली" अहसास कराने का दावा करती है।

इस नए उपकरण का नाम बायोइंस्पायर्ड अडैप्टेबल

**वैज्ञानिकों ने विकसित की तकनीक**



मल्टीप्लानर हैप्टिक सिस्टम (बीएएमएच) है, जो स्पर्श के प्रति प्रतिक्रिया देने वाली तंत्रिका कोशिकाओं को कंपन के जरिए उत्तेजित करता है। वैज्ञानिक फिलहाल इसका उपयोग यह समझने के लिए कर रहे हैं कि जिन मरीजों की उंगलियों में संवेदनशीलता कम हो जाती है, वे समय के साथ स्पर्श का अहसास कैसे खो देते हैं।

शोधकर्ताओं का मानना है कि यह उपकरण स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में उपयोगी हो सकता है, खासकर उन लोगों के लिए जिन्हें मेटाकार्पल टनल सिंड्रोम होता है। यह सिंड्रोम तब होता है, जब कलाई की नस दब जाती है। यह डायबिटीज के मरीजों के लिए भी उपयोगी हो सकता है, जहां स्पर्श की संवेदना खोने का खतरा होता है।

**कैसे काम करती है तकनीक**

यूसीएल के मकैनिकल इंजीनियरिंग विभाग की रोबोटिक्स विशेषज्ञ डॉ. सारा अबाद ने कहा कि हमारी त्वचा शरीर के सबसे बड़े अंगों में से एक है और यह हमें कई प्रकार की जानकारी देती है। जैसे कि किसी चीज की बनावट और उसके किनारे। यह हमें उस स्पर्श से होने वाली उत्तेजना के प्रकार के बारे में भी बताती है, जैसे कंपन।

**कई तरह के उपयोग संभव:** वैज्ञानिकों का कहना है कि इस तकनीक का उपयोग रोबोट की सहायता से होने वाली सर्जरी में भी किया जा सकता है, जिससे डॉक्टर यह मूल्यांकन कर सकें कि वे जिस प्रकार के ऊतक से काम कर रहे हैं, वह कैंसरयुक्त है या नहीं। स्वास्थ्य देखभाल के अलावा इस उपकरण के अधिक उन्नत संस्करण भी विकसित किए जा सकते हैं, जैसे कि दस्ताने जो आपके हाथों में पूरी संवेदना पैदा कर सकते हैं। इस तरह के दस्ताने परमाणु कचरे को निष्क्रिय करने में भी मदद कर सकते हैं।

शोधकर्ता अगले कुछ महीनों में कम से कम 10 ऐसे लोगों को भर्ती करने की योजना बना रहे हैं, जिन्हें संवेदनशीलता की कमी महसूस हो रही है, ताकि यह बेहतर तरीके से समझा जा सके कि समय के साथ स्पर्श की भावना कैसे कम हो जाती है। शोधकर्ताओं ने अपनी तकनीक को ब्रिटिश साइंस फेस्टिवल में पेश किया, जो ईस्ट लंदन में आयोजित किया गया। इस बारे में एक शोध नेचर पत्रिका में भी प्रकाशित हुआ है।

# रोहिंग्याओं की घुसपैठ बड़ा खतरा: मोदी

## प्रधानमंत्री ने झारखंड में सत्तारूढ़ झामुमो पर वोट बैंक की राजनीति के लगाए आरोप

जमशेदपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को झारखंड में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाले गठबंधन पर वोट बैंक की राजनीति के लिए बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं की घुसपैठ को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश से आने वाले घुसपैठिए झारखंड के लिए बड़ा खतरा हैं क्योंकि उनकी वजह से राज्य के संथाल परगना और कोल्हान क्षेत्रों की जनसांख्यिकी बदल रही है।

प्रधानमंत्री ने यहां गोपाल मैदान में भाजपा की 'परिवर्तन महारैली' को संबोधित करते हुए कहा कि बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिए संथाल परगना और कोल्हान क्षेत्रों के लिए बड़ा खतरा बन गए हैं। इन क्षेत्रों की जनसांख्यिकी तेजी से बदल रही है। आदिवासी आबादी घट रही है। घुसपैठिए पंचायत प्रणाली पर नियंत्रण स्थापित कर रहे हैं। जमीन हड़प रहे हैं, राज्य की बेटियों पर अत्याचार कर रहे हैं। हर झारखंडवासी असुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि झामुमो घुसपैठियों का समर्थन कर रही है और तथ्य यह है कि पड़ोसी देश से आए अवैध अप्रवासी राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी पर प्रभाव स्थापित करने में कामयाब हो गए हैं। मोदी ने राज्य में बांग्लादेशी प्रवासियों की घुसपैठ की जांच के लिए एक स्वतंत्र समिति स्थापित करने के हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद घुसपैठ को स्वीकार करने से इनकार करने के लिए झारखंड सरकार की आलोचना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि झामुमो के नेतृत्व वाला गठबंधन धर्म के नाम पर अपना वोट बैंक बढ़ाने की पूरी कोशिश कर रहा है। यह समय झारखंड में भाजपा को मजबूत करके खतरे को रोकने का है। झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार ने कांग्रेस के भ्रष्टाचार के स्कूल से प्रशिक्षण लिया है। खदानों, खनिजों और सेना की जमीन को लूटने वाले झामुमो को विदाई देने का समय आ गया है।

उन्होंने कहा कि झामुमो ने सत्ता के लालच में एक आदिवासी मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को अपमानित किया है। इससे झारखंड के आदिवासियों को करारा झटका लगा है और पार्टी को इसका करारा जवाब दिया जाएगा। यहां तक कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन को भी बेइज्जत होना पड़ा।

मोदी ने झामुमो नीत गठबंधन पर भाजपा नेताओं को निशाना बनाने और उनके खिलाफ झूठे मामले दर्ज करने का आरोप लगाया। लोकसभा चुनाव का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे विपक्ष ने बड़ी साजिश रची, अफवाहें फैलाईं और देश को तोड़ने के लिए सारी ताकतें एक हो गईं लेकिन जनता ने भाजपा को वोट दिया।



जमशेदपुर में परिवर्तन महारैली के दौरान लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री मोदी।

**झामुमो और कांग्रेस झारखंड के सबसे बड़े दुश्मन**

मोदी ने झामुमो, राजद और कांग्रेस को झारखंड का सबसे बड़ा दुश्मन करार देते हुए कहा कि ये पार्टियां सत्ता की भूखी हैं और वोट बैंक की राजनीति में लिप्त हैं। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि राजद अब भी झारखंड के निर्माण का बदला ले रहा है, जबकि कांग्रेस राज्य से नफरत करती है और आदिवासियों को मुख्यधारा में आने से रोकती है। मोदी ने कहा कि आदिवासी वोटों के जरिए सत्ता में आई झामुमो उन ताकतों का साथ दे रही है, जो आदिवासियों की जमीन और जंगलों पर कब्जा कर रही हैं।

**32,000 पीएमएवाई लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र जारी किए**

रांची। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत 32,000 लाभार्थियों को रविवार को डिजिटल माध्यम से स्वीकृति पत्र वितरित किए और मकानों के निर्माण के लिए 32 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की। उन्होंने देशभर में पीएमएवाई-जी के 46,000 लाभार्थियों को डिजिटल माध्यम से चाबियां भी सौंपीं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि सभी के लिए आवास मुहैया कराने की प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रधानमंत्री ने झारखंड के 32,000 प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए। उन्होंने लाभार्थियों को सहायता की पहली किस्त जारी की। प्रधानमंत्री ने 46,000 लाभार्थियों के 'गृह प्रवेश' समारोह में भी भाग लिया।''

# भारत के साथ गलतफहमियां दूर हुईं

माले, एजेंसी

- मालदीव के विदेश मंत्री ने स्वीकार किया कि दोनों देशों के बीच संबंध कठिन दौर से गुजरे



मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने स्वीकार किया है कि राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के नेतृत्व वाली सरकार के शुरुआती दिनों में भारत-मालदीव संबंध कठिन दौर से गुजरे, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि दोनों देशों ने गलतफहमियां दूर कर ली हैं। जमीर ने शुक्रवार को श्रीलंका की यात्रा के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने चीन और भारत सहित अन्य प्रमुख सहयोगियों के साथ अच्छे रिश्ते कायम करने के महत्व पर जोर दिया।

जमीर ने कहा कि भारत के साथ संबंधों में चुनौतियों का सामना करना पड़ा। खासतौर पर मालदीव से भारतीय सैनिकों की एक छोटी टुकड़ी हटाने के राष्ट्रपति मुइज्जू के अभियान के बाद से। उन्होंने कहा कि मालदीव से भारतीय सैनिकों की वापसी के बाद दोनों देशों के बीच गलतफहमियां दूर हो गई हैं। 'द एडिशन' समाचार पत्र ने जमीर के हवाले से लिखा, 'आप जानते ही हैं, हमारी सरकार के शुरुआती दिनों में कुछ तल्खी थी। हमारे भारत और चीन से अच्छे रिश्ते हैं तथा दोनों देशों ने मालदीव का समर्थन करना जारी रखा है।'

मुइज्जू को चीन के प्रति झुकाव रखने के लिए जाना जाता है। उनके राष्ट्रपति पद पर काबिज होने के बाद भारत-मालदीव संबंध में खटास पैदा होने लगी। शपथ लेने के कुछ ही घंटों के भीतर मुइज्जू ने भारत से मालदीव को उपहार में दिए गए तीन सैन्य प्लेटफॉर्म पर तैनात भारतीय सैनिकों को वापस बुलाने की मांग की थी।

# नक्सलियों ने जन-अदालत में की शिक्षा-दूत की हत्या

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने जगरगुंडा थाना क्षेत्र में 'जन-अदालत' लगा कर शिक्षा-दूत दूधी अर्जुन की निर्मम हत्या कर दी। नक्सलियों ने शिक्षा-दूत को लाठी-डंडे से पीटा और फिर रस्सी से गला घोंटकर मौत के घाट उतार दिया। इस मामले में पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया है। इस घटना में मामला दर्ज कर लिया गया और जांच जारी है।

# फ्रांस से इंग्लिश चैनल पार करते समय आठ की मौत

पेरिस, एजेंसी

उत्तरी फ्रांस से 'इंग्लिश चैनल' पार करने की कोशिश करते समय कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई। फ्रांसीसी समुद्री अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। यह घटना उस समय हुई, जब अधिकारियों ने उत्तरी शहर एम्बलेट्यूस में एक समुद्र तट के पास एक नौका को संकट में देखा, जिसमें दर्जनों लोग सवार थे।

चैनल और उत्तरी सागर के प्रभारी फ्रांसीसी समुद्री अधिकारियों की ओर से कहा गया कि एक फ्रांसीसी बचाव पोत को क्षेत्र में तैनात किया गया और बचाव सेवाओं ने समुद्र तट पर 53 प्रवासियों को चिकित्सा सहायता प्रदान की। बयान में कहा गया कि तत्काल मदद मुहैया कराए जाने के बावजूद आठ लोगों की मौत हो गई। इसमें कहा गया कि समुद्र में तलाश अभियान के दौरान कोई व्यक्ति नहीं मिला।

# म्यांमार में भीषण बाढ़ से 74 की मौत, 89 लापता

**यांगून।** म्यांमार में भीषण बाढ़ के कारण मरने वालों की संख्या 74 हो गई है, जबकि 89 लोग लापता हैं। ग्लोबल न्यू लाइट ऑफ म्यांमार की रिपोर्ट में कहा गया कि भारी बारिश के कारण आई बाढ़ ने पी ताव, बागो, मांडले और अय्यावाडी क्षेत्रों के साथ-साथ मोन, कायिन और शान राज्यों के 64 बस्तियों के 462 गांवों और वार्डों को प्रभावित किया है। बाढ़ के कारण 13 सितंबर की शाम तक मृतकों की संख्या बढ़कर 74 हो गयी। रिपोर्ट के मुताबिक आपदा के कारण बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 24 पुल, 375 स्कूल, एक मठ, पांच बांध, 456 लैंप-पोस्ट और 65,759 मकान नष्ट हो गए।

# शेख हसीना समेत 59 लोगों पर नया मामला दर्ज

ढाका, एजेंसी



- बांग्लादेश में हिंसा के दौरान छात्र की हत्या के प्रयास का लगा आरोप

बांग्लादेश में पिछले महीने हुई हिंसक झड़प के दौरान एक छात्र की हत्या के प्रयास के आरोप में देश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और 58 अन्य के खिलाफ एक और नया मामला दर्ज किया गया है। देश की पूर्व प्रधानमंत्री (76) के खिलाफ दर्ज मामलों की श्रृंखला में यह नवीनतम मामला है।

बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार को लेकर छात्रों के नेतृत्व में हुए प्रदर्शनों के कारण शेख हसीना ने पद से इस्तीफा दे दिया था और भारत चली गई थीं। बांग्लादेश के अंग्रेजी समाचार पत्र 'डेली स्टार' में प्रकाशित खबर में बताया गया कि फहीम फैजल (22) ने यह मामला दर्ज कराया है। फहीम ने दावा किया कि हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के गिरने से एक दिन पहले चार अगस्त को दिनाजपुर में सरकार के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन के दौरान उसपर गोलियां चलाई गई थीं, जिससे वह घायल हो गया था।

# बांग्लादेश को 20 करोड़ डॉलर मुहैया कराएगा अमेरिका

**ढाका।** बांग्लादेश को विकास संबंधी परियोजनाओं, युवाओं को सशक्त बनाने, लोकतंत्र को मजबूत करने, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने और देश में लोगों के लिए व्यापार एवं आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका करीब 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सहायता मुहैया करेगा। बांग्लादेश के वित्त मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, आर्थिक संबंध प्रभाग के अतिरिक्त सचिव एकेएम शहाबुद्दीन और यूएसएआईडी के मिशन निदेशक रीड जे. एस्क्लिमन ने अपने-अपने देश की सरकारों की ओर से ढाका में छठे संशोधन पर हस्ताक्षर किए।



**महाराष्ट्र के सीएम शिंदे के साथ सलमान खान ने मनाई गणेश चतुर्थी...**

मुंबई। देश भर में गणेश चतुर्थी का जश्न बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस बीच सलमान खान शनिवार को अपनी बहन अर्पिता के साथ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के घर पहुंचे। रविवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर गणेश चतुर्थी समारोह की कई तस्वीरें साझा कीं। इन तस्वीरों में सलमान खान अपनी बहन अर्पिता के साथ गणेश चतुर्थी के समारोह का हिस्सा बनते हुए दिखाई दे रहे हैं।

# मिशन के बाद धरती पर लौटी स्पेसएक्स की टीम

वाशिंगटन, एजेंसी

अंतरिक्ष में पांच दिन बिताने के बाद स्पेसएक्स का पोलारिस डॉन मिशन धरती पर वापस लौट आया है। यह एक ऐतिहासिक मिशन था, जिसमें पहली बार किसी आम आदमी ने स्पेसवॉक की है। माना जा रहा है कि इस मिशन की सफलता के बाद स्पेस टूरिज्म के रास्ते खुल सकते हैं।

अंतरिक्षयात्रियों को लेकर ड्रैगन कैप्सूल स्थानीय समयानुसार सवेरे 3 बजकर 37 मिनट पर फ्लोरिडा के तट पर पानी में उतरा। स्पेसएक्स की तरफ से इस पूरे घटनाक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। स्पेसएक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "ड्रैगन कैप्सूल वापस आ चुका है! धरती पर आपका स्वागत है।" अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने इसे कॉमर्शियल स्पेस इंडस्ट्री के लिए बड़ा कदम बताया है। अरबपति जैरेड आइजेकमैन के नेतृत्व में चार आम नागरिकों का यह मिशन पिछले पचास सालों में अंतरिक्ष में सबसे लंबी दूरी का मानवीय मिशन था। आइजेकमैन के साथ मिशन में अमेरिकी वायुसेना के रियायर्ड पायलट स्कॉट पोटीट, स्पेसएक्स की कर्मचारी सारा गिलिस और एन्ना मेनन मौजूद थीं।

**ऐतिहासिक**

▸▸ मिशन की सफलता के बाद खुल सकते हैं स्पेस टूरिज्म के रास्ते



# भारत की शिक्षा प्रणाली अपनाए पाकिस्तान

इस्लामाबाद, एजेंसी

- एडीबी ने उल्लास जैसी योजना लागू करने की दी सलाह

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने पाकिस्तान को खराब शिक्षा प्रणाली को सुधारने और अपने नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए भारत की योजना 'उल्लास' को अपनाने की सलाह दी है। समाज में सभी के लिए आजीवन शिक्षा की समझ (उल्लास) को भारत सरकार द्वारा पिछले वर्ष जुलाई में निरक्षरों और औपचारिक स्कूली शिक्षा से वंचित वयस्कों की सहायता के लिए शुरू किया गया था।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, मनीला आधारित एडीबी ने यह टिप्पणी पाकिस्तान द्वारा अपनी शिक्षा प्रणाली में सुधार लाने तथा स्कूल न जाने वाले सभी बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए वित्तीय सहायता का अनुरोध किए जाने के जवाब में की है। एडीबी ने सिफारिश की है कि सरकार एक रणनीतिक और बहु-हितधारक दृष्टिकोण अपनाए तथा भारत सरकार की नई केंद्र प्रायोजित 'उल्लास' जैसी योजनाओं को लागू करे।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी के लिए शिक्षा के सभी पहलुओं को शामिल करते हुए पांच वर्ष की अवधि के लिए नई केंद्र प्रायोजित योजना 'उल्लास' को मंजूरी दी थी। भारतीय 'उल्लास' योजना का लक्ष्य न केवल बुनियादी साक्षरता उपलब्ध कराना है, बल्कि इसमें 21वीं सदी के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण जीवन कौशल भी शामिल हैं। इन कौशलों में वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, वाणिज्यिक कौशल, स्वास्थ्य सेवा जागरूकता, बाल देखभाल और शिक्षा तथा परिवार कल्याण शामिल हैं।

पाकिस्तान के योजना आयोग की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देश की शिक्षा प्रणाली ठीक नहीं है। इस्लामाबाद को छोड़कर, सभी 134 जिले शिक्षण परिणामों से लेकर सार्वजनिक वित्तपोषण तक के संकेतकों में पिछड़ रहे हैं।

**यह है भारत की उल्लास योजना**

भारत की उल्लास योजना का पूरा नाम अंडरस्टैंडिंग ऑफ लाइफलॉन्ग लर्निंग फॉर ऑल इन सोसाइटी यानी उल्लास है। इसका उद्देश्य 15 साल के लोगों को साक्षर बनाना है। इसके तहत साक्षरता का अर्थ सिर्फ हस्ताक्षर करना आना ही नहीं, बल्कि हजार तक गिनती, जोड़-घटाना, गुणा, भाग जैसे सवालों के जवाब देने में सक्षम होना है। इसके लिए ओपन बोर्ड की 150 अंकों की फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमरेसी असेसमेंट (एफएलनेट) परीक्षा पास करनी होती है। साक्षरता के बाद लाभार्थी को रोजगार के लिए वोकेशनल और स्किल ट्रेनिंग दी जाती है। इसमें वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, वाणिज्यिक कौशल, स्वास्थ्य देखभाल-जागरूकता, शिक्षा और परिवार कल्याण जैसे पहलू भी शामिल हैं। सरकार ने अगले छह साल में भारत को पूरी तरह से साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा है।

# एफबीआई ने मेरे घर पर छापा मारा, तलाशी ली

वाशिंगटन, एजेंसी



- मेलानिया ट्रंप ने खुफिया एजेंसी पर लगाया निजता के हनन का आरोप

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप की पत्नी मेलानिया ट्रंप ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी खुफिया एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इनवेस्टिगेशन (एफबीआई) ने ट्रंप के खिलाफ अपनी जांच के तहत अगस्त 2022 में मार-ए-लागो में उनकी संपत्ति की तलाशी लेकर उनकी निजता का हनन किया है।

मेलानिया ने 'एक्स' पर एक वीडियो में कहा, "मैंने कभी नहीं सोचा था कि अमेरिकी सरकार मेरी निजता का हनन करेगी। एफबीआई ने फ्लोरिडा में मेरे घर पर छापा मारा और मेरे निजी सामान की तलाशी ली। यह सिर्फ मेरी कहानी नहीं है, यह सभी अमेरिकियों के लिए एक चेतावनी है। याद रखने की बात है कि हमारी स्वतंत्रता और अधिकारों का सम्मान किया जाना चाहिए।" उनके संक्षिप्त भाषण के बाद वीडियो में उनके संस्मरण 'मेलानिया' के कवर के साथ एक टाइटल कार्ड दिखाया गया है, जिसके इस वर्ष शरद ऋतु में प्रकाशित होने की उम्मीद है।

एफबीआई ने पूर्व राष्ट्रपति द्वारा बड़ी संख्या में वर्गीकृत दस्तावेज रखने और छिपाने के मामले में अगस्त 2022 में उनकी संपत्ति की तलाशी ली थी। कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने आधिकारिक सामग्रियों के अवैध उपयोग, चोरी और विनाश के मामले के तहत फ्लोरिडा में उनके मार-ए-लागो एस्टेट में तलाशी ली थी।